माघ कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

हल्द्वानी, सोमवार, 29 जनवरी 2024
वर्ष 3, अंक 346, पृष्ठ 14
मूल्य 6 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अमेरिकी स्कूलों में पढ़ाया जाएगा सिख इतिहास 14
सूर्या के साथ कर्ण में जोड़ी बनाने जा रहीं जाह्नवी 13




## एक नजर

### उम्मीदवारों के नहीं होने पर हटाया जा सकता है आरक्षण

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए मसौदा दिशा-निर्देशों में सुझाव दिया गया है कि अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) या अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित रिक्तियां इन श्रेणियों के पर्याप्त उम्मीदवार नहीं आने की स्थिति में अनारक्षित घोषित की जा सकती हैं। दिशा-निर्देश में कहा गया कि एससी या एसटी या ओबीसी के लिए आरक्षित रिक्तियां संबंधित उम्मीदवार के अलावा किसी अन्य उम्मीदवार द्वारा नहीं भरी जा सकती। यह भी कहा गया कि हालांकि, एक आरक्षित रिक्ति को अनारक्षण की प्रक्रिया का पालन करके अनारक्षित घोषित किया जा सकता है, जिसके बाद इसे अनारक्षित रिक्ति के रूप में भरा जा सकता है।

### गुजरात के कच्छ में 4.0 तीव्रता का भूकंप

**अहमदाबाद।** गुजरात के कच्छ जिले में रविवार शाम 4.0 की तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसमें हालांकि जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। भूकंप विज्ञान अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) के अनुसार भूकंप का केंद्र कच्छ जिले के भचाऊ के निकट स्थित था। वर्ष 2001 में कच्छ जिले में जबरदस्त भूकंप आया था, जिसमें लगभग 13,800 लोगों की मौत हुई थी और 1.67 लाख लोग घायल हो गए थे।

### सड़क हादसे में नेपाल के चार नागरिकों की मौत

**सोनीपत।** हरियाणा के सोनीपत में एक कार की चपेट में आने से साइकिल और स्कूटर सवार नेपाल के चार नागरिकों की मौत हो गई। सिविल लाइन्स पुलिस थाना के प्रभारी रविंदर कुमार ने बताया कि यह दुर्घटना शनिवार रात सोनीपत के मामा-भांजा चौक पर हुई। घायलों में से एक की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है।

## पांच जिलों में बारिश और बर्फबारी की चेतावनी

संवाददाता, देहरादून

▸▸ 1 फरवरी तक बिगड़ा रहेगा मौसम का मिजाज

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में गढ़वाल से लेकर कुमाऊं तक पड़ रही कड़ाके की ठंड और शीत लहर के बीच जनवरी के अंत तक और फरवरी के पहले सप्ताह तक अभी मौसम का मिजाज बिगड़ा रहेगा। पहाड़ों पर बारिश-बर्फबारी का तो मैदानी इलाकों में गलन भरी सर्दी के साथ ही घने कोहरे का असर रहेगा। मौसम विभाग ने 1 फरवरी तक का यलो अलर्ट जारी किया है।

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण मौसम में इस तरह का बदलाव आने का अनुमान है। मौसम विभाग ने रविवार को जारी पूर्वानुमान में कहा है कि उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिले में 30 और 31 जनवरी के अलावा 1 फरवरी को बारिश हो सकती है। उच्च पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी का दौर रहेगा, जबकि राज्य के मैदानी इलाकों में ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार जनपद में घना कोहरा छाया रहेगा। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में बदलते मौसम को देखते हुए सावधानी बरतने को कहा है। कुछ जिलों में धूप तो खिलेगी, लेकिन शीतलहर के चलते ज्यादा असर नहीं रहेगा।

## मातृशक्ति के सहयोग बिना राष्ट्र का संपूर्ण विकास नहीं: धामी

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, मातृ शक्ति के सहयोग के बिना किसी भी समाज या राष्ट्र का संपूर्ण विकास नहीं हो सकता। आज प्रदेश के दुर्गम गांवों में महिलाएं सेल्फ हेल्प ग्रुप बनाकर कुटीर उद्योगों के जरिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति प्रदान कर रही हैं। महिलाओं के पास कौशल की कभी कोई कमी नहीं रही और अब यही कौशल उनकी और उनके परिवारों की आर्थिकी को शक्ति प्रदान कर रहा है।

रविवार को रुद्रप्रयाग में नारी शक्ति वंदन महोत्सव के अंतर्गत

### मुख्यमंत्री ने किया ब्वै, ब्वारी, नौनी कौथिग में प्रतिभाग



मुख्यमंत्री ने प्राचीन देवल से अगस्त्य मुनि खेल मैदान तक विशाल रोड शो में हिस्सा लिया।

आयोजित ब्वै, ब्वारी, नौनी कौथिग में मुख्यमंत्री ने 467.78 करोड़ रुपये की 27140 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया और विभिन्न घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचप्रयागों में से एक प्रयाग होने के कारण इस भूमि का स्थान उत्तराखंड में ही नहीं बल्कि भारत में अति विशिष्ट है। हमारी मातृशक्ति सही अर्थों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल के मंत्र को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आज देशभर में करीब 23 करोड़ महिलाओं को जन धन खातों के जरिए बैंकों से जोड़ा जा चुका है। प्रदेश सरकार ने सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण देने के साथ ही मुख्यमंत्री नारी सशक्तिकरण योजना, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना, लखपति दीदी योजना, मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक मेधावी योजना, नंदा गौरा मातृवंदना जैसी योजनाएं प्रारंभ की हैं।

### प्रदेश में जल्द लागू हो जाएगा यूसीसी

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने उत्तराखंड में देश का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून लागू किया। वहीं, धर्मांतरण रोकने के लिए भी कानून बनाया। प्रदेश में पहली बार लैंड जिहाद के खिलाफ कार्रवाई की। साथ ही हमने प्रदेश की महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था भी प्रारंभ की। प्रदेश सरकार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का जल्द ड्राफ्ट मिल जाएगा, जिसके बाद जल्द समान नागरिक संहिता को लागू करने की तैयारी चल रही है।

जदयू प्रमुख ने रिकॉर्ड नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ

# नौवीं बार... मैं नीतीश कुमार

▸▸ जदयू-भाजपा के नेतृत्व में नई सरकार, भाजपा के सम्राट और विजय बने उपमुख्यमंत्री

पटना, एजेंसी

बिहार के लिए शपथ के ये शब्द 'मैं नीतीश कुमार' नए नहीं हैं, लेकिन अपनी शर्तों पर राजनीति करने वाले नीतीश कुमार ने जबरदस्त सियासी घमासान के बाद रविवार को रिकॉर्ड नौवीं बार राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली और देश की मौजूदा राजनीति को बता दिया मैं नीतीश कुमार।

यहां राजभवन में राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने नीतीश को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नीतीश के साथ भाजपा के नेताओं विजय कुमार सिन्हा, सम्राट चौधरी और प्रेम कुमार ने भी मंत्रिपद की शपथ ली। जद (यू) नेता विजय कुमार चौधरी, विजेंद्र यादव और श्रवण कुमार के साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की अगुवाई वाले हिंदुस्तान आवाम मोर्चा के संतोष कुमार सुमन और निर्दलीय विधायक सुमित सिंह ने भी मंत्री पद की शपथ ली। सूत्रों ने बताया कि मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्यों पर एक या दो दिन में निर्णय लिया जाएगा।नीतीश ने रविवार



दिन में यह कहते हुए मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था कि बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में उनके लिए चीजें ठीक नहीं चल रही हैं। इसी के साथ उन्होंने भाजपा के सहयोग से नई सरकार बनाने का दावा भी पेश किया था। लगभग डेढ़ साल पहले उन्होंने भाजपा से नाता तोड़ लिया था। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। नीतीश की पूर्व सहयोगी पार्टी राजद ने शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार किया, जबकि एक अन्य पूर्व सहयोगी कांग्रेस भी अनुपस्थित रही। जदयू सुप्रीमो ने 2000 में राज्य के मुख्यमंत्री पद की पहली बार शपथ ली थी।

### जहां थे, वहीं वापस आ गए, अब इधर-उधर नहीं : नीतीश

नौंवी बार बिहार के मुख्यमंत्री बनने के बाद नीतीश कुमार ने कहा कि भाजपा के साथ पहले भी थे और अब इधर-उधर नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि बीच में कहीं गए। फिर हमारी पार्टी के लोगों को लगा तो हम वापस आ गए। अब सब दिन के लिए हम लोग एक ही साथ रहेंगे जो शुरू से थे। अब इधर-उधर जाने का सवाल नहीं है। नीतीश ने बताया कि मेरे साथ सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा उपमुख्यमंत्री बनाए गए हैं।

### विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी नई सरकार : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में फिर से राजग की सरकार बनने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई दी है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री बनाए जाने पर सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को भी बधाई दी है। मोदी ने एक्स पर लिखा कि बिहार में बनी राजग सरकार राज्य के विकास और यहां के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। नीतीश कुमार जी को मुख्यमंत्री और सम्राट चौधरी जी एवं विजय सिन्हा जी को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर मेरी बहुत-बहुत बधाई।

### जदयू 2024 में ही खत्म हो जाएगी: तेजस्वी

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने दावा किया है कि जनता दल यूनाइटेड (जदयू) 2024 में ही खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं कोई व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं करना चाहता हूं। मुझे कोई गुस्सा नहीं है, लेकिन मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि अभी खेल बाकी है। आप लिखकर ले लीजिए जदयू 2024 में ही खत्म हो जाएगी। मैं भाजपा के लोगों को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने उन्हें (नीतीश कुमार) को साथ ले लिया। नीतीश कुमार पर तंज करते हुए कहा कि ये थके हुए मुख्यमंत्री थे, लेकिन हमने इनसे इतना काम करवाया कि रिकॉर्ड बन गया।

### कांग्रेस का तंज, गिरगिट को कड़ी टक्कर दे रहे हैं नीतीश

**नई दिल्ली।** नीतीश के रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद कांग्रेस ने उनकी तुलना गिरगिट से की और कहा कि राज्य के लोग इस विश्वासघात के लिए उन्हें कभी माफ नहीं करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि वह महागठबंधन छोड़ने के कुमार के फैसले के बारे में पहले से जानते थे, लेकिन उन्होंने 'इंडिया' को बरकरार रखने के लिए कुछ नहीं कहा। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने 'एक्स' पर लिखा, 'बार-बार राजनीतिक साझेदार बदलने वाले नीतीश कुमार रंग बदलने में गिरगिटों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं।

## आज बनाए जा रहे कानून, कल के उज्ज्वल भारत का बनेंगे आधार

### सुप्रीम कोर्ट के हीरक जयंती समारोह में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि सरकार वर्तमान संदर्भ को ध्यान में रखते हुए कानूनों का आधुनिकीकरण कर रही है और ये कानून भारत को भविष्य में और मजबूत करेंगे। उच्चतम न्यायालय की 75वीं वर्षगांठ (हीरक जयंती) के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि तीन नए आपराधिक न्याय कानून बनने से भारत की कानूनी, पुलिस और जांच प्रणाली ने एक नए युग में प्रवेश कर लिया है।

उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि सैकड़ों साल पुराने कानूनों से नए कानूनों की ओर प्रवेश सुचारू हो। इस संबंध में, हमने सरकारी कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्य पहले ही शुरू कर दिया है। मोदी ने उच्चतम न्यायालय से अन्य हितधारकों के क्षमता निर्माण की दिशा में काम करने के लिए आगे आने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सशक्त न्यायिक प्रणाली विकसित भारत का हिस्सा है। सरकार लगातार काम कर रही है और भरोसेमंद न्यायिक प्रणाली बनाने के लिए कई फैसले ले रही है। जन विश्वास विधेयक इसी दिशा में उठाया गया कदम है। भविष्य में इससे न्यायिक प्रणाली पर अनावश्यक बोझ कम होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने भारत के जीवंत लोकतंत्र को मजबूत किया है। कहा कि आज भारत में जो कानून बन रहे हैं, वे कल के उज्ज्वल भारत को और मजबूती प्रदान करेंगे। आज बनाए गए कानून भारत के भविष्य को उज्ज्वल बनाएंगे।



समारोह के दौरान सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ से चर्चा करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### न्यायपालिका को कठिन संवाद शुरू करने की जरूरत : सीजेआई

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने 'स्थगन की संस्कृति' और लंबी छुट्टियों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि एक संस्था के रूप में प्रासंगिक बने रहने की न्यायपालिका की क्षमता के लिए जरूरी है कि वह चुनौतियों को पहचाने और 'कठिन संवाद' शुरू करे। उन्होंने हाशिए पर मौजूद वर्गों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने और पहली पीढ़ी के वकीलों को समान अवसर प्रदान करने पर भी जोर दिया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने भारत में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों पर भी प्रकाश डाला और कहा कि कानूनी पेशे में पारंपरिक रूप से महिलाओं का प्रतिनिधित्व कम रहता था, लेकिन अब जिला न्यायपालिका के कार्यबल में उनकी हिस्सेदारी 36.3 प्रतिशत है। सीजेआई ने समाज के विभिन्न वर्गों को कानूनी पेशे में शामिल करने का आह्वान किया। उन्होंने रेखांकित किया कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का प्रतिनिधित्व बार और पीठ दोनों में काफी कम है।

## रुद्रपुर से लापता शिक्षक का रामगंगा में उतराता मिला शव, हत्या की आशंका

संवाददाता, मिलक (रामपुर)

▸▸ यूपी के रामपुर जिले के मिलक थाना क्षेत्र का मामला

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जनपद के रुद्रपुर से लापता प्रधानाध्यापक का शव मिलक के कूप गांव में रामगंगा में मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलवाया। मृतक के परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं।

रुद्रपुर के मोहल्ला न्यू जैन कालोनी निवासी 45 वर्षीय त्रिवेणी सिंह राणा बिलासपुर तहसील क्षेत्र के सकटुआ गांव में कंपोजिट विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत थे। 8 जनवरी को अपराह्न करीब



तीन बजे वह जैकेट में चेन लगवाने के लिए बाइक से घर से निकले थे, लेकिन वह शाम को घर नहीं पहुंचे। परिजनों ने उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी थी।

रविवार को मिलक कोतवाली क्षेत्र के कूप गांव में रामगंगा में लोगों को एक शव उतराता दिखाई दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। शिनाख्त कराने की कोशिश की। पुलिस की सूचना पर कूप गांव पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान त्रिवेणी सिंह राणा के रूप में की। मृतक के परिजनों का कहना है कि त्रिवेणी सिंह का मोबाइल भी नहीं मिला है। उनकी हत्या की गई है।

मिलक के कोतवाल अनुपम शर्मा ने बताया कि शिक्षक द्वारा रामगंगा नदी में कूदकर आत्महत्या का मामला लग रहा है। शव पानी में बहकर पुल से कूप गांव पहुंच गया होगा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## बरेली में घर में सो रहे दंपती-तीन बच्चों की जिंदा जलाकर हत्या

**बरेली, अमृत विचार :** फरीदपुर के फर्रखपुर मोहल्ले में शनिवार रात घर के कमरे में सो रहे पति-पत्नी और तीन बच्चों की शनिवार रात जिंदा जलाकर हत्या कर दी गई। हत्या करने वाले ने दरवाजे पर बाहर से ताला भी डाल दिया था, ताकि कोई बाहर न निकल सके। एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या की दिल दहला देने वाली इस वारदात का पता लोगों को रविवार सुबह लग पाया। अब तक न हत्यारे का कोई सुराग मिला, न हत्या करने का कारण पता चला। वारदात का शिकार होने वाले अजय गुप्ता (35) का परिवार फर्रखपुर मोहल्ले में किराए के मकान में रहता था।

## अब वह विष्णु के 11वां अवतार बनने निकले हैं

संवाददाता, देहरादून

▸▸ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देहरादून से साधा प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना

**अमृत विचार:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को देहरादून से लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान का आरंभ किया। चुनावी बिगुल फूंकने के साथ ही खरगे ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर तंज कसे। बन्नू स्कूल के मैदान में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने यहां देरी से पहुंचने पर क्षमा मांगते हुए कहा कि आजकल उड़ने के लिए मोदी जी की आज्ञा लेनी पड़ती है। फिर हेलीकॉप्टर में चढ़ने, उतरने, हेलीकॉप्टर लैंडिंग में भी उनकी आज्ञा लेनी पड़ती है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आप उत्तराखंड के लोग हिम्मत वाले हैं।



पूरे देश को बचाने वाले हैं। उन्होंने बिना नाम लिए भाजपा पर आरोप लगाया कि आजकल देश को बचाने का क्रेडिट वह उत्तराखंड या हिमालय को नहीं देते। पूरा क्रेडिट मोदी जी खुद लेते हैं। जो चल रहा है, आप सब सुबह अपने धर्म के गुरु की फोटो या चेहरा नहीं देखेंगे। टीवी लगाकर आप मोदी जी का चेहरा देखेंगे। इसीलिए अब वह विष्णु के 11वां अवतार बनने को निकले हैं। हर व्यक्ति धर्म पर भरोसा रखता है, लेकिन राज्य अलग होता है। लेकिन यहां सब मिक्स चल रहा है।

### राहुल गांधी तो उन्हें सोने ही नहीं दे रहे हैं: खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि मोदी जी के सपने में नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी आते हैं। आजकल राहुल गांधी तो उन्हें सोने ही नहीं दे रहे हैं। वह डर रहे हैं। हमारी न्याय यात्रा मणिपुर, नागालैंड में अच्छी हुई, लेकिन असम में घुसते ही गड़बड़ी शुरू हो गई। यात्रा को रोकने का प्रयास किया गया। भाजपा की सरकार असम में है वहीं ये गड़बड़ हुई लेकिन हम डरकर भागने वाले नहीं हैं। जब तक आप सब हैं, कांग्रेस को कोई हिला नहीं सकता।

### वोटिंग पावर खत्म करने की कोशिश

खरगे ने आरोप लगाया कि हमने जो बनाया, उन सबको भाजपा बेचकर खा रही है। मैं 1974 में पंतनगर यूनिवर्सिटी में 30 वर्ष की आयु में आया था। वह यूनिवर्सिटी कांग्रेस ने बनाई। एनआईटी उत्तराखंड, एम्स, आईआईएम, बीएचईएल, ओएनजीसी जैसे सब हमने बनाए। हजारों लोगों को नौकरी मिली। उन्होंने भाजपा से सवाल किया कि आपका कुछ है तो बताओ। केंद्र से कहा कि ऐसे बनाओ जो नेहरू जी ने बनाया।

## जंगल में लकड़ी बीनने गई महिला को बाघ ने मार डाला

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** एक दिन पहले रामनगर के चुकुम गांव में गोपाल राम को बाघ द्वारा मार दिए जाने की घटना को लोग भूले भी नहीं थे कि रविवार को कार्बेट पार्क के ढेला रेंज में बाघ ने शाम साढ़े चार बजे 50 वर्षीय महिला दुर्गा देवी को मौत के घाट उतार दिया। ताजी घटना सावल्दे गांव के कशेरुवा नाले की है।



प्रत्यक्षदर्शी महिला गंगा देवी ने बताया कि वह लकड़ी बीनकर घर की ओर आ रहे थे। इसी बीच नाले के पास उनके सामने ही बाघ महिला को उठाकर ले गया। शोर मचाने के बावजूद बाघ महिला को जंगल के अंदर ले गया। सीटीआर के वन क्षेत्राधिकारी की टीम व ग्रामीणों ने शव को बरामद किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

ग्रामीणों ने मृतक महिला के परिजनों को मुआवजा देने की मांग कर बाघ को आदमखोर घोषित कर गोली मारने को कहा। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर दिगंथ नायक ने बताया कि सूचना पर विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई और शव को बरामद कर लिया।

## मस्क को पीछे छोड़ बर्नार्ड अरनॉल्ट बने दुनिया के सबसे अमीर

**वाशिंगटन।** लग्जरी ब्रांड एलवीएमएच के मालिक बर्नार्ड अरनॉल्ट टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को पीछे छोड़कर दुनिया के सबसे अमीर आदमी बन गए हैं। फोर्ब्स की रियल टाइम अरबपतियों की सूची के मुताबिक, फ्रांसीसी अरबपति अरनॉल्ट और उनके परिवार की कुल संपत्ति शुक्रवार को 23.6 बिलियन डॉलर की वृद्धि के बाद 207.8 बिलियन डॉलर हो गई। वहीं मस्क की संपत्ति 204.5 बिलियन डॉलर से अधिक है। भारत का कोई भी अरबपति टॉप टेन में शामिल नहीं है। रिलायंस के मुकेश अंबानी 104 बिलियन डॉलर की नेटवर्थ के साथ 11वें स्थान पर हैं।

शोध | एकेटीयू छात्र की डिवाइस को एससीआई की स्वीकृति मिलने की प्रतीक्षा, 5जी-6जी नेटवर्क को आसानी से लोगों तक पहुंचाएगा तैयार मॉडल

## डिजिटल राहों की रफ्तार बनेगा माइक्रोस्ट्रिप एंटीना

अमृत विचार विशेष

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** डिजिटल राहों में एकेटीयू के छात्र का तैयार माइक्रोस्ट्रिप एंटीना जल्द ही रफ्तार भरने जा रहा है। इसके सहारे लोगों तक 5जी ही नहीं 6जी की भी राह आसान हो जाएगी। फिलहाल इस नए शोध को अंतर्राष्ट्रीय संस्था एससीआई की स्वीकृति का इंतजार है। शोधार्थी को तकनीकी एवं शिक्षा के क्षेत्र में राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत किया जा चुका है।

मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलॉजी के छात्र मोहसिन अफरोज का



मोहसिन अफरोज

मानना है कि पहले बाजार में 2जी ने आकर हलचल मचाई। फिर 3जी आया तो पुराने मोबाइल काम के न रहे। नेटवर्क की व्यवस्था में बदलाव आने से लोगों के जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ता गया। कहते हैं कि अब 5जी का जमाना है, फिर 6जी भी होगा। इसी को लेकर उन्होंने एक नई डिवाइस तैयार की है। माइक्रोस्ट्रिप एंटीना के नाम से तैयार डिवाइस हर मोबाइल में कारगर रहेगी। माइक्रो चिप के रूप में डिवाइस लगते ही पुराना मोबाइल भी नई व्यवस्था के लिए कारगर साबित हो जाएगा।

बताते हैं कि उन्होंने तैयार मॉडल को अंतर्राष्ट्रीय संस्था एससीआई को प्रेषित कर दिया है। स्वीकृति मिलते ही इसे बाजार में उतारकर उपयोग में लाया जा सकेगा।

### अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों से सस्ती देसी डिवाइस

अभी तक बाजार में अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों द्वारा गोल्ड और कॉपर से तैयार डिवाइस ही इस्तेमाल में लाई जाती रही है। जो काफी खर्चीली है। शोधार्थी का दावा है कि कॉपर से तैयार नई डिवाइस अपेक्षाकृत काफी सस्ती और सुलभ है।

### एकेटीयू के सभी संस्थानों में अव्वल रहे हैं मोहसिन

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के 550 से अधिक संस्थानों में मोहसिन अफरोज शिक्षा एवं तकनीकी शोध के क्षेत्र में प्रथम स्थान पाए हैं। इन्हीं उपलब्धियों के कारण इन्हें राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा गोल्ड मेडल व चांसलर अवार्ड दिया जा चुका है।

### हाईप्रोफाइल चिप का इनमें होगा उपयोग

हाईप्रोफाइल चिप का इस्तेमाल मोबाइल के अतिरिक्त ब्लूटूथ, लैपटॉप सहित अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरणों में आसानी से उपयोग में लाया जा सकेगा।

# और बढ़ी रार, टैक्सी चालक आर-पार को तैयार

## आरटीओ कार्यालय के फैसले के बाद टैक्सी एसोसिएशन ने अपनाया सख्त रुख, परेशान हो रहे पर्यटक

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** टैक्सी वाहनों की फिटनेस का काम निजी संस्था के हाथों में दिए जाने का अब टैक्सी कारोबारी विरोध करने लगे हैं। आरटीओ कार्यालय के फैसले के बाद टैक्सी एसोसिएशन ने अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया है, जिससे नैनीताल घूमने आ रहे पर्यटकों और स्थानीय लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

टैक्सी एसोसिएशन ने सरकार पर टैक्सी कारोबारियों के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए हड़ताल शुरू कर दी है। टैक्सी कारोबारियों का कहना है कि पूर्व में टैक्सी फिटनेस के लिए 2 हजार दिए जाते थे लेकिन अब निजी संस्था के द्वारा मनमाने ढंग से पैसे वसूलते हुए 20 से 25 हजार रुपये तक मांगे जा रहे हैं जिससे कारोबार पर बुरा असर पड़ रहा है।

इतना ही नहीं फिटनेस सेंटर पर टैक्सी चालकों और टैक्सी मालिकों के साथ अभद्रता की जा रही है। टैक्सी संगठन ने सरकार को चेतावनी दी है कि अगर जल्द सरकार ने फिटनेस का कार्य निजी संस्था से वापस नहीं लिया तो टैक्सी संचालक अनिश्चितकालीन हड़ताल करने को मजबूर होंगे।



नैनीताल में हड़ताल कर प्रदर्शन करते टैक्सी संचालक। ● अमृत विचार

आरटीओ कार्यालय द्वारा मनमाने ढंग से टैक्सियों की फिटनेस का काम निजी संस्था को दे दिया है। गाड़ियों की फिटनेस के नाम पर गाड़ी मालिकों और चालकों से फिटनेस सेंटर पर मनमाने पैसे मांगे जा रहे हैं। विरोध करने पर अभद्रता की जा रही है। इसके विरोध में टैक्सी संचालकों ने हड़ताल का रास्ता अपनाया है।

**–पाम तिवारी, अध्यक्ष, टैक्सी एसोसिएशन, नैनीताल**

### हड़ताल से परेशान रहे पर्यटक और स्थानीय

अचानक टैक्सी संचालकों की हड़ताल से वीक एंड पर नैनीताल घूमने पहुंचे पर्यटकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, जो पर्यटक सुबह रेल से दिल्ली समेत अन्य क्षेत्रों से नैनीताल आ रहे थे उन्हें घंटों तक बस स्टैंड और रेलवे स्टैंड पर खड़े रहना पड़ा। यही समस्या नैनीताल से हल्द्वानी, भवाली समेत आसपास के क्षेत्र में रोजाना के कामकाज और ऑफिस जाने वाले लोगों को भी देखने को मिली।

### हड़ताल के बाद गाड़ी चला रहे लोगों की चाबियां छीनीं

टैक्सियों के हड़ताल के आह्वान के बाद जो टैक्सी चालक गाड़ियां चल रहे थे। उन वाहन चालकों से टैक्सी एसोसिएशन के सदस्यों ने चाबियां छीन कर उनके वाहनों को पार्किंग में खड़ा करवा दिया। इतना ही नहीं नैनीताल समेत आसपास के क्षेत्र में दो पहिया टैक्सी मोटरसाइकिल और स्कूटी का संचालन भी पूर्ण रूप से बंद रहा। थाना तल्लीताल के प्रभारी एसएचओ अविनाश मौर्या ने बताया कि टैक्सी एसोसिएशन की हड़ताल का फायदा उठाकर निजी वाहनों से सवारी ढो रहे थे। जिन पर कार्रवाई कर पुलिस ने 4 वाहन सीज किए हैं जबकि 5 लोगों के चालान किए हैं।

# जनवरी के अंत तक बारिश के आसार

- ठंड का कहर फिलहाल जारी
- कोहरा छाने से बढ़ रही ठिठुरन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** ठंड में सूखे की मार झेल रहे मैदान और पहाड़ के लिए राहत भरी खबर है। जल्द ही राज्य में पश्चिम विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। फिलहाल असमान्य ठंड से लोगों के हाल बेहाल हो गए हैं। ठंड का कहर जारी है। रविवार को हल्द्वानी में हल्की धूप निकली।

धूप की ठंड के आगे बेअसर रही। जनवरी में इन दिनों जहां अधिकतम तापमान 22 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है वहीं अधिकतम तापमान 14.4 दर्ज किया साथ ही न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने अनुमान जताया है कि 31 जनवरी से राज्य में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है। मैदान से लेकर पहाड़ तक बारिश होने का अनुमान है। उल्लेखनीय है कि इस बार सर्दियों के मौसम में बारिश काफी कम हुई है। पहाड़ों में कई जगह सूखे की स्थिति बन गई है। अगर बारिश होती है तो रबी की फसल को लाभ मिलेगा।



पंत पार्क में चहलकदमी करते सैलानी। ● अमृत विचार

### ठंड में बढ़ोत्तरी, हिमपात का अभी भी इंतजार

**नैनीताल।** नगर में शनिवार को तेज हवाएं चलीं तो वहीं रविवार सुबह से धूप छांव का खेल चलता रहा, जिस कारण शनिवार के मुकाबले रविवार को ठंड में काफी बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। जबकि इस वर्ष दिसंबर में भी केवल सुबह शाम को ही ठंड हो रही है। मौसम भी बिल्कुल साफ है, जिसके चलते बारिश व बर्फबारी की संभावनाएं दूर दूर तक नहीं दिखाई दे रही हैं, हालांकि मौसम के जानकारों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के चलते बीते वर्ष भी फरवरी माह में हिमपात हुआ था तो इस वर्ष भी अभी हिमपात की संभावनाएं बनी हुई हैं। वहीं रविवार को भी नगर में पर्यटकों की काफी संख्या देखने को मिली, जिसके चलते पर्यटन पर आधारित व्यापारियों के चेहरों पर भी रौनक देखने को मिली, 26 जनवरी से रविवार तक अवकाश के चलते रविवार को भी काफी संख्या में पर्यटकों की भीड़ देखने को मिली।

## 56 किलो गांजे के साथ दो गिरफ्तार

**रामनगर :** पुलिस ने कार से तस्करी कर रहे दो लोगों को 56 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। नैनीताल जिले की एसओजी टीम के प्रभारी अनीस अहमद के नेतृत्व में एसओजी एवं रामनगर पुलिस की संयुक्त टीम ने रामनगर क्षेत्र में चेकिंग के दौरान कार में सवार दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। रामनगर कोतवाली के एसएसआई मोहम्मद यूनुस ने बताया कि शनिवार को आमडंडा के समीप चेकिंग के दौरान कार के अंदर 56 किलो गांजा बरामद किया। कार सवार हरजाप सिंह उर्फ जेपी निवासी नई बस्ती लालढांग रामनगर एवं ईश्वर सिंह निवासी ग्राम सीली तल्ली थाना थैलीसैण पौड़ी गढ़वाल को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के खिलाफ अभियोग दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गई है तथा वाहन को भी सीज किया गया है।

# मांगें मानोगे लिखकर दो, तब खत्म होगी हड़ताल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** टैक्सी यूनियन निजी फिटनेस सेंटर में निर्धारित फीस से अधिक रुपये लेने के विरोध में हड़ताल कर रही है। यूनियन अपनी मांगों को लेकर बीते 3 दिनों से हड़ताल पर हैं और टैक्सियों का संचालन पूरी तरह बंद है।

इसी संबंध में आज (सोमवार को) काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस में यूनियन के पदाधिकारियों की परिवहन विभाग के अधिकारियों व फिटनेस सेंटर के सदस्यों के साथ बैठक रखी गई है। बैठक में टैक्सी यूनियन काठगोदाम, भवाली टैक्सी यूनियन, नैनीताल टैक्सी यूनियन, भीमताल टैक्सी यूनियन, हल्द्वानी टैक्सी यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। काठगोदाम यूनियन के अध्यक्ष किशन पांडे ने बताया कि बैठक के बाद हड़ताल पर निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी पदाधिकारी उत्पीड़न के संबंध मे अधिकारियों के सामने अपनी बात रखेंगे। कहा कि उनकी मांगें लिखित में मान ली जाती हैं तो बैठक के बाद हड़ताल समाप्त हो जाएगी।

### परिवहन विभाग ने टैक्सी यूनियन की हड़ताल के संबंध में स्थिति स्पष्ट की



**हल्द्वानी :** टैक्सी यूनियन की निजी फिटनेस सेंटर के विरोध को लेकर चल रही हड़ताल के संबंध में परिवहन विभाग की ओर से एक बार फिर स्थिति स्पष्ट की गई है। हल्द्वानी संभाग के आरटीओ संदीप सैनी ने एटीएस (प्रणाम बिल्डर्स) को दिये गये निर्देशों के संबंध में स्थिति स्पष्ट की है। इसके साथ ही केमू और उत्तराखंड रोडवेज को अपनी बसों की सर्विस की संख्या व संचालन को बढ़ाने को कहा है जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना ना करना पड़े जिस पर नैनीताल, अल्मोड़ा, रानीखेत और पिथौरागढ़ के लिये बसों की संख्या बढ़ा दी गई है। सैनी ने बताया कि वाहन स्वामियों की मांग पर फिटनेस सेंटर में लगभग 250-300 गाड़ियों की अतिरिक्त पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही छोटी गाड़ियों को बड़े भार वाहनों की लाइन में भी नहीं लगना है। उनकी अलग लेन में फिटनेस की जा रही है।

### इस संबंध में परिवहन विभाग के निर्देश के प्रमुख बिंदु

1. फिटनेस सेंटर में सरकार की ओर से निर्धारित फीस को गेट के बाहर और रिसेप्शन क्षेत्र में लगवाया गया है और वाहन स्वामी या चालक के अतिरिक्त संस्थान में बाहरी व्यक्ति का प्रवेश वर्जित किया गया।
2. **सरकार की ओर से निर्धारित फीस–** एलएमवी (टैक्सी –मैक्सी) के लिये निर्धारित फीस (15 साल से कम)– 600+600+50 (यूजर चार्ज) 6 साल से अधिक के लिये ग्रीन सेस+250 फिटनेस सर्टिफिकेट+ यूजर चार्ज, कुल– 1500 रुपये
   एलएमवी (टैक्सी–मैक्सी) के लिये निर्धारित फीस (15 साल से अधिक)– 1000+ 650 (यूजर चार्ज + ग्रीन सेस) +(250 फिटनेस सर्टिफिकेट + यूजर चार्ज), कुल– 1900 रुपये
3. टैक्सी यूनियन की मांग पर फिटनेस सेंटर ने वाहन स्वामी या चालक को फिटनेस के दौरान सेंटर में प्रवेश की अनुमति दे दी है। इससे स्पष्ट है कि वाहन स्वामी अपने सामने गाड़ी की फिटनेस होते देख सकेंगे। इसके साथ ही वाहन स्वामी जब स्वयं अपनी गाड़ी की फीस जमा करवाएंगे व अपने सामने फिटनेस प्रक्रिया देखेंगे तो अतिरिक्त शुल्क की शिकायत भी ही समाप्त होगी ।
4. टैक्सी यूनियन की अन्य पर्वतीय जिलों में प्राइवेट फिटनेस सेंटर खोलने की मांग पर यह स्पष्ट किया गया है कि अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और बागेश्वर में सरकार ऑटोमेटेड फिटनेस सेंटर लगाने की प्रक्रिया पर विचार कर रही है ।

## सार-संक्षेप

### 24 छात्रों को बांटी साइकिल

**नैनीताल।** रन टू लिव संस्था ने सर्राफ पब्लिक स्कूल खटीमा के साथ मिलकर स्वच्छ खटीमा रन का आयोजन किया, जिसमें खिलाड़ियों ने पुरस्कार जीते। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उपनिदेशक खेल सुरेश पांडे, अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी प्रीतम बिंद एवं अंतराष्ट्रीय मैराथन धावक महेश फर्त्याल रहे। जिन्होंने विजेताओं को पुरस्कार दिया। प्रतियोगीता में रन टू लिव संस्था ने 24 निर्धन छात्र को साइकिल प्रदान की। प्रतियोगीता ऑस्ट्रेलिया निवासी नवनीत मित्तल, रघुवीर सिंह कालाकोटी, बाइक स्टेशन हल्द्वानी द्वारा प्रायोजित की गई थी। साथ ही खटीमा निवासी निधि मुरारी को 21000 व नैनीताल निवासी सुदीक्षा बिष्ट को 10000 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन नवीन पांडे ने किया। इस दौरान सागर देवरारी, ऋषभ जोशी, पंकज बिष्ट, भारत अधिकारी, प्रमोद नेगी, जितेंद्र विश्वकर्मा, विनोद पंत, खजान डंगवाल, मनीष जोशी, हिमांशु जोशी, इंतकाब आलम, मुकेश साह, बालम मेहरा, रविकांत राजू, रवि खनका, राजेन्द्र भंडारी, अदिति खुराना, दीक्षा कन्याल, भूपाल नयाल, धीरेंद्र भाकुनी, दक्ष भाकुनी, किशन भाकुनी, ईश्वर शर्मा, शैलेंद्र जोशी, योगेंद्र कुमार अंकित सक्सेना, खुशाल सिंह, विकास कार्की, बसंत आदि रहे।

### राज्यमंत्री का भीमताल में स्वागत



भीमताल में राज्यमंत्री का स्वागत करते भाजपाई। ● अमृत विचार

**भीमताल।** राज्यमंत्री उत्तराखंड पेयजल अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष दिनेश आर्या का भीमताल मंडल में प्रथम बार आगमन पर भाजपा भीमताल मंडल अध्यक्ष कमला आर्या के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद बिष्ट, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री सुश्री भावना महरा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य खीमा शर्मा, वीना आर्या, विधानसभा विस्तारक गिरीश जोशी, जिला मंत्री नितिन राणा, योगेश रजवार, बहादुर नगदली, प्रताप, मंडल महामंत्री योगेश तिवारी, मनोज, पारस चंद्रा, कार्यकर्ता, शक्तिकेंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जंगलात अलर्ट, फायर लाइन का काम शुरू

- निगरानी के लिए नौ रेजों में बनाए 70 क्रू स्टेशन, मास्टर कंट्रोल रूम की स्थापना भी की

गौरव जोशी, नैनीताल

**अमृत विचार :** गर्मी में जंगलों में आग न लगे इसको लेकर वन विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। नैनीताल वन प्रभाग के अन्तर्गत 70 क्रू स्टेशन बनाए गए हैं, जहां पर इन दिनों फायर लाइन काटने का कार्य किया जा रहा है।

इसके अलावा जंगलों की निगरानी के लिए मास्टर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जहां पर वन रक्षक लगातार अपडेट करते हैं। जानकारी देते हुए नैनीताल वन प्रभाग के डीएफओ चन्द्रशेखर जोशी ने बताया कि जंगल की आग वन विभाग के लिए चुनौती बनी रहती है। जंगलों की आग से प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये की अमूल्य प्राकृतिक संपदा समेत जीव जंतुओं को भी नुकसान होता है, जिसको देखते हुए 15 फरवरी तक जंगलों में फायर लाइन काटने का कार्य किया जा रहा है। नैनीताल वन प्रभाग के अंतर्गत मनौरा में 10, दक्षिणी गौला में 7, बडौन में 8, कोसी में 9, नैना में 8, भवाली में 10, उत्तरी गौला में 10, नगर पालिका रेंज में 6 जबकि लीसा डिपो में 2 क्रू स्टेशन बनाए गए हैं, जिसमें आग का खतरा बना रहता है। इन क्षेत्रों के जंगलों को आग से बचाया जा सके। इसके लिए 280 वन रक्षकों को तैनात किया गया है। इसके अलावा जंगलों की निगरानी के लिए ग्राम प्रहरियों, मंगल दलों को लगाया गया है। स्थानीय लोगों को भी जंगल में आग लगने की घटना के दौरान सूचना विभाग को देने और आग बुझाने में मदद के लिए लगाना है। जल्द ही ग्राम स्तर में विभाग ग्रामीणों को आग बुझाने की ट्रेनिंग भी देगा।



जंगल की आग बुझाते वन कर्मचारी। ● अमृत विचार

### वायरलेस सेट से लैस होंगे वन कर्मी

जंगलों में आग की घटना के दौरान सूचनाओं का आदान प्रदान आसानी से हो सके इसके लिए वन कर्मियों को रेंज के आधार पर वायरलेस सेट उपलब्ध कराई गई है।

वनों को आग से बचाने के लिए वन विभाग ने नौ क्रू सेंटर बनाए हैं, जिसमें करीब 280 वन रक्षक, वन दरोगा समेत अन्य कर्मी तैनात किए हैं ताकि जंगलों को सुरक्षित रखा जा सके।

**– चन्द्रशेखर जोशी, डीएफओ नैनीताल**

### झील किनारे से अतिक्रमण हटाने की मांग

**भीमताल ।** ध्येय संस्था की सलाहकार पूजा जोशी ने भीमताल के आसपास की झील के किनारे से अतिक्रमण को हटाने की मांग की। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी लौंग वीकेंड के कारण भीमताल झील के किनारे लंबा जाम लगा रहा। कहा की यदि प्रशासन और पुलिस ने समस्या को गंभीरता से नहीं लिया तो आगे भी ट्रैफिक से परेशानी बढ़ते रहेगी। ट्रैफिक की समस्या के चलते सैलानी नौकुचियाताल समय पर नहीं पहुंच पाते हैं। उन्होंने झील किनारे की सड़कों का चौड़ीकरण और डामरीकरण जल्द शुरू करने की मांग की। झील किनारे तीनों स्थल तल्लिताल, मल्लिताल एवं डांठ में पार्किंग निर्माण तथा झील किनारे का अतिक्रमण को हटाने की मांग की।

### निवर्तमान सभासद भगवत रावत को मातृ शोक

**नैनीताल।** लंबे समय से बीमार चल रहीं नारायण नगर वार्ड के निवर्तमान सभासद भगवत सिंह रावत की 90 वर्षीय माता कुंती रावत का रविवार सुबह उनके निवास स्थान पॉलिटेक्निक क्षेत्र में निधन हो गया। उनके निधन पर विधायक सरिता आर्य, निवर्तमान पालिकाध्यक्ष सचिन नेगी, निवर्तमान सभासद पुष्कर बोरा, मोहन नेगी, कैलाश रौतेला, भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट, मानोज जोशी, अरविंद पडियार, रोहित भाटिया सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त किया। परिजनों ने बताया कि सोमवार सुबह 11 बजे पाइंस घाट में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

**संकट** झील का मुख्य स्रोत पिछले एक साल से सूखा, झील का जल स्तर अपनी क्षमता से चार फीट नीचे पहुंचा

# बारिश नहीं होने से भीमताल झील में दिखने लगा डेल्टा

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** भीमताल और आसपास के क्षेत्रों में कई माह से बारिश नहीं होने के कारण जहां खेतों में फसल सूख गई है, वहीं नैनीताल जनपद के मुख्य आकर्षण का केन्द्र भीमताल झील पर भी संकट के बादल दिखाई देने लगे हैं। भीमताल झील के किनारे किनारे स्थान स्थान पर गाद और मट्टी के डेल्टा उभर आए हैं। जो स्थिति प्रायः मई व जून में पैदा होती थी वह इस बार जनवरी में ही दिखाई देने लगी है।

नगर वासी एवं पर्यटन व्यवसायी झील की सफाई न होने व उसमें दिखने वाले डेल्टा एवं झील का जल स्तर कम होने से काफी चिंतित हैं। जनवरी में ही यहां मल्लिताल छोर पर धीरे-धीरे डेल्टा मैदान में झील परिवर्तित होते दिखाई देने लग गयी है। दिनों-दिन झील का पानी प्रदूषित होता जा रहा है और गाद-मिट्टी भरने से झील की गहराई कम हो रही है, जिसको लेकर नगर के सामाजिक कार्यकर्ता झील प्रेमी पूरन चंद्र बृजवासी अब तक कई बार नैनीताल जिला प्रशासन को भीमताल झील की इस मुख्य समस्या से अवगत करा चुके हैं। साथ ही झील के लिए विशेष योजना एवं बजट स्वीकृति की मांग कर चुके हैं।

उनके द्वारा पूर्व में कई बार मुख्य विकास अधिकारी, जिलाधिकारी, कुमाऊं आयुक्त, मुख्य सचिव, विभागीय शासन सचिव, विधायक, सांसद, पर्यटन मंत्री, मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री तक ज्ञापन भेजे गए किन्तु झील आज भी गाद-मिट्टी निकासी और सफाई के इंतजार में है। समाज सेवी बृजवासी ने पुनः जिला प्रशासन एवं शासन-प्रशासन से झील की जड़ से गाद-मिट्टी, मैटेरियल और गंदगी की निकासी एवं सफाई व उसमें आने वाले नालों की सफाई एवं इसकी रोकथाम के लिए विशेष कार्य योजना तैयार कर बजट पास करने कि मांग की है।



भीमताल झील का लगातार घटता जल स्तर। ● अमृत विचार

### खराब दशा के कारण क्षमता से कम भरी जा रही झील

झील की क्षमता वैसे तो 45 फिट है, पर वर्तमान में इसकी दशा को देखते हुए सिंचाई विभाग के द्वारा इसको मात्र 44 फिट तक भरा जाता है। पर वर्तमान समय में काफी समय से बारिश नहीं होने के कारण इसका पानी सिंचाई के लिए खोला गया है। अब मात्र 40 फिट पानी भरा है।

### राजनीति के चलते सामाजिक कार्यकर्ताओं ने साधी चुप्पी

भीमताल झील को भरने वाला मुख्य पानी का स्रोत भीमताल हल्द्वानी मोटर मार्ग में टीआरसी के नीचे पिछले एक साल से सूखा हुआ है। इसके पानी के समाप्त होने की बात कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उठाई, पर बाद में मामला ठंडे बस्ते में चला गया। उन सामाजिक कार्यकर्ताओं ने राजनीति के चलते चुप्पी साध ली। अब हालत यह हैं कि इस जल स्रोत में मात्र गंदगी है।



मामला बेहद गंभीर है। यह मामला ऐसा है कि इसमें राजनीति नहीं होनी चाहिए। झील को लेकर ही नगर का अस्तित्व है। झील की सफाई की आवश्यकता तो है ही इसके साथ ही साथ इसके जलस्रोतों को पुन सक्रीय की आवश्यकता है।

**–पूरन वृजवासी, सामाजिक कार्यकर्ता**






रविवार को भू-कानून और मूल निवास की मांग को लेकर तिकोनिया स्थित बुद्ध पार्क से हीरा नगर स्थित पर्वतीय उत्थान मंच गोल्ज्यू मंदिर तक निकाली गई महारैली में उमड़ी भीड़। समन्वय संघर्ष समिति के आह्वान पर निकाली गई महारैली में विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक व सांस्कृतिक संगठनों ने शिरकत की। ● अमृत विचार

# मूल निवास-1950 और भू-कानून को लेकर हल्ला बोल

## बुद्धपार्क से हीरानगर गोल्ज्यू मंदिर तक निकाली महारैली, प्रदेश के सभी जनपदों से लोग रहे शामिल, सरकार के खिलाफ जताया आक्रोश

आयोजन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मूल निवास 1950 और सशक्त भू-कानून लागू करने की मांग को लेकर रविवार को हल्द्वानी में विशाल महारैली निकाली गई। इस महारैली में हल्द्वानी समेत प्रदेश के सभी जनपदों से हजारों लोग शामिल रहे। महारैली से पूरा शहर बोल पहाड़ी हल्ला बोल..., सुन ले दिल्ली-देहरादून लेके रहेंगे भू-कानून... जैसे नारों से गूंज उठा।

मूल निवास, भू-कानून समन्वय संघर्ष समिति के आह्वान पर हुई महारैली में विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक व सांस्कृतिक संगठनों ने शिरकत की। महारैली में शामिल होने के लिए सुबह करीब 9 बजे से ही लोग तिकोनिया स्थित बुद्धपार्क में जुटने लगे थे। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया वैसे-वैसे लोगों का हुजूम भी बढ़ता चला गया।

करीब साढ़े 12 बजे महिलाओं की अगुवाई में महारैली शुरू हुई जो नैनीताल रोड होते हुए बद्रीपुरा, कालाढूंगी रोड, जेल रोड चौराहा से हीरानगर स्थित गोल्ज्यू मंदिर पहुंची। जहां लोगों ने गोल्ज्यू देवता से न्याय की गुहार लगाई। इसके बाद महारैली मंदिर के बाहर जनसभा में तब्दील हो गई। जिसे प्रदेशभर से आए आंदोलनकारियों ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मूल निवास की कट ऑफ डेट 1950 लागू करने के साथ ही प्रदेश में मजबूत भू-कानून लागू किया जाना बेहद जरूरी है। मूल निवास की लड़ाई जीते बिना उत्तराखंड का भविष्य असुरक्षित है। कहा कि अगर सरकार जनभावना के अनुरूप मूल निवास और मजबूत भू-कानून लागू नहीं करेगी तो इसके गंभीर परिणाम होंगे।



पर्वतीय उत्थान मंच स्थित गोल्ज्यू मंदिर में भू-कूनन की मांग को लेकर प्रदर्शन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को दी बहस की चुनौती

महारैली के दौरान मूल निवास, भू-कानून समन्वय संघर्ष समिति ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के एक बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्हें खुली बहस की चुनौती दी। पदाधिकारियों ने कहा कि महेंद्र भट्ट ने मूल निवास को लेकर चल रहे आंदोलन से जुड़े लोगों को विकास विरोधी और माओवादी कहकर मूर्खता का परिचय दिया है। दिल्ली में बैठे हाईकमान की कठपुतली महेंद्र भट्ट में यदि साहस हो, तो वे मूल निवास और भू-कानून के मुद्दे पर आंदोलन कर रहे लोगों के साथ बहस करके दिखाएं।

### ये रहे मौजूद

उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के अध्यक्ष पीसी तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार और राज्य आंदोलनकारी चारु तिवारी, बेरोजगार संघ के कुमाऊं संयोजक भूपेंद्र कोरंगा, समिति के कोर मेंबर प्रांजल नौडियाल, आरंभ ग्रुप के राहुल पंत, विशाल भोजक, पीयूष जोशी, दीपक जोशी, यूकेडी नेता सुशील उनियाल, भुवन जोशी, उत्तम बिष्ट, मोहन चंद्र कांडपाल, प्रमोद काला, अनिल डोभाल, वन यूके के अजय बिष्ट, शैलेंद्र सिंह दानू, कांग्रेस नेता सौरभ भट्ट, सुशील भट्ट, खजान पांडे, मोहित डिमरी, दीपक जोशी, अजय बिष्ट, पुष्पेश त्रिपाठी, लाखन चिलवाल, जगमोहन नेगी, प्रदीप कुकरेती, सुमित थापा, मोहन कांडपाल, लाल सिंह पंवार, कार्तिक उपाध्याय समेत हजारों लोग मौजूद रहे।

### बोले लोग



उत्तराखंड की मूल अवधारणा के साथ खिलवाड़ हो रहा है। जल, जंगल और जमीन से अधिकार छीन लिया गया है। वन पंचायातों के अधिकार भी खत्म कर दिए गये हैं। अब तक रही सरकारों ने जमीनों को लूटा, जिससे आज गांव खाली हैं।
– **पीसी तिवारी**, अध्यक्ष उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी



कई आंदोलनकारियों की शहादत से उत्तराखंड राज्य हासिल हुआ, लेकिन आज 23 साल बाद भी राज्य अपनी पहचान के संकट से जूझ रहा है। मूल निवासियों को उनका वाजिब हक नहीं मिल पाया है। – **मोहित डिमरी**, संयोजक मूल निवास, भू-कानून समन्वय संघर्ष समिति



उत्तराखंड के मूल निवासियों के अधिकार सुरक्षित रहें, इसके लिए मूल निवास 1950 और मजबूत भू-कानून लाना जरूरी है। आज प्रदेश के युवाओं के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। – **सौरभ भट्ट**, सह संयोजक मूल निवास, भू-कानून समन्वय संघर्ष समिति



जिस तरह प्रदेश के मूल निवासियों के हक हकूकों को खत्म किया जा रहा है, उससे एक दिन प्रदेश के मूल निवासियों के सामने पहचान का संकट खड़ा हो जाएगा। इसलिए मूल निवास 1950 और सशक्त भू-कानून लागू होना बेहद जरूरी है।
– **हरीश रावत**, संयोजक पहाड़ी आर्मी



जनता मूल निवास और भू-कानून के वास्तविक मुद्दों को समझ रही है। अगर समय रहते इन्हें लागू नहीं किया गया तो राज्य विरोधी राष्ट्रीय दल उत्तराखंड को बर्बादी के कगार पर ले जाएंगे।
– **सुशील उनियाल**, उक्रांद केंद्रीय महामंत्री



भू-कानून उत्तराखंड के भविष्य के लिए जरुरी है। बाहर से आकर घुसपैठिए पहाड़ों पर कब्जा कर रहे हैं। अगर ऐसा ही चलता रहा तो वह समय दूर नहीं जब पूरा राज्य नष्ट हो जाएगा। इसलिए सभी लोगों को जागना होगा और अपने हक के लिए लड़ना होगी। – **रश्मि लमगड़िया**, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष



सशक्त भू-कानून न होने से राज्य की जमीन को बाहर के लोग खरीद रहे हैं। यहां के संसाधनों पर बाहरी लोग हावी हो रहे हैं। इसका हमारी संस्कृति, परंपरा, अस्मिता और पहचान पर असर पड़ रहा है।
– **हिमांशी**, हल्द्वानी



बाहर के लोग यहां आकर न सिर्फ जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं, बल्कि पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसलिए पहाड़ों पर जमीनों की खरीद-फरोख्त पर रोक लगाई जाए।
– **अंजलि**, हल्द्वानी



रैली की वजह से शहर की सड़कें जाम हो गईं, नैनीताल रोड पर वाहनों की कतारें लग गईं। ● अमृत विचार

### ये हैं प्रमुख मांगें

- मूल निवास की कट ऑफ डेट 1950 लागू की जाए।
- प्रदेश में ठोस भू-कानून लागू हो।
- शहरी क्षेत्र में 250 मीटर भूमि खरीदने की सीमा लागू हो। जमीन उसी को दी जाय, जो 25 साल से उत्तराखंड में सेवाएं दे रहा हो या रह रहा हो।
- ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगे।
- गैर कृषक द्वारा कृषि भूमि खरीदने पर रोक लगे।
- पर्वतीय क्षेत्र में गैर पर्वतीय मूल के निवासियों के भूमि खरीदने पर तत्काल रोक लगे।
- राज्य गठन के बाद से वर्तमान तिथि तक सरकार की ओर से विभिन्न व्यक्तियों, संस्थानों, कंपनियों आदि को दान या लीज पर दी गई भूमि का ब्यौरा सार्वजनिक किया जाए।
- प्रदेश में विशेषकर पर्वतीय क्षेत्र में लगने वाले उद्यमों, परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण या खरीदने की अनिवार्यता है या भविष्य में होगी, उन सभी में स्थानीय निवासी का 25 प्रतिशत और जिले के मूल निवासी का 25 प्रतिशत हिस्सा सुनिश्चित किया जाए।
- ऐसे सभी उद्यमों में 80 प्रतिशत रोजगार स्थानीय व्यक्ति को दिया जाना सुनिश्चित किया जाए।




बुद्ध पार्क में भू कानून की मांग को लेकर प्रदर्शन करती नन्हीं बच्ची।

### आंदोलन को व्यापक बनाने का जल्द होगा ऐलान

हल्द्वानी में महारैली के संपन्न होने के बाद अब मूल निवास आंदोलन को व्यापक बनाने के लिए जल्द ही अगले कार्यक्रमों की घोषणा की जाएगी। समन्वय समिति के संयोजक मोहित डिमरी ने बताया कि प्रदेश में मूल निवास की सीमा 1950 और सशक्त भू-कानून लागू करने को लेकर चल रहे आंदोलन को प्रदेशभर में ले जाया जाएगा। जल्द ही ठोस कार्यक्रम बनाकर प्रदेश में जन जागरूकता अभियान शुरू किया जाएगा। डिमरी ने बताया कि चरणबद्ध तरीके से समिति विभिन्न कार्यक्रम करेगी। जिसके तहत गांव-गांव जाने से लेकर प्रदेश के विश्वविद्यालयों में जाकर युवाओं से संवाद किया जाएगा। इस बाबत जल्द ही कार्यक्रम का ऐलान किया जाएगा।




# भू-कानून पर भाजपा-कांग्रेस में छिड़ी जुबानी जंग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** भूकानून एवं मूल निवास-1950 को लेकर सत्ताधारी भाजपा और कांग्रेस में आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस जहां धाकड़ धामी सरकार से जनभावनाओं के अनुरूप सशक्त भू कानून बनाने की मांग कर रही है। वहीं भाजपा का दावा है कि सरकार ने भू कानून को लेकर एक कमेटी का गठन किया है, इसकी रिपोर्ट आने पर फैसला लिया जाएगा। फिलहाल इस मुद्दों को लेकर दोनों दलों में जुबानी जंग छिड़ गई है।

### राजनैतिक दलों के पदाधिकारी बोले



भाजपा ने उत्तराखंड बनाया है। जितनी भी राज्य में विकास की उपलब्धियां हैं सब भाजपा शासन में प्राप्त हुई हैं। भू कानून को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक कमेटी का गठन कर दिया है। कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद सशक्त भूकानून पर जल्द ही फैसला लिया जाएगा। बाकी, जो राजैनतिक दल आरोप लगा रहे हैं, स्वयं के शासन के समय बैकफुट पर थे। भाजपा ने यूसीसी पर काम किया है, जल्द ही भूकानून भी बनाया जाएगा।
– **प्रताप बिष्ट**, जिलाध्यक्ष भाजपा नैनीताल



भूकानून प्रदेश के हर नागरिक की अंर्तात्मा की आवाज है। प्रदेश के हर कोने में भू कानून की आवाज उठ रही है। राज्य सरकार को जनभावनाओं के अनुरूप एक सशक्त भू कानून बनाना चाहिए। मुख्यमंत्री धामी सरकार को चाहिए कि जनता को कमेटी का गठन का झांसा देना बंद करें और धरातल पर काम करें। सशक्त भू कानून ही उत्तराखंड का भविष्य बनाएगा।
–**राहुल छिमवाल**, जिलाध्यक्ष कांग्रेस

### अन्य राज्यों से भी पहुंचे लोग

**हल्द्वानी :** रैली में सिर्फ कुमाऊं व गढ़वाल नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा से भी उत्तराखंडी पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों के साथ एक सुर में सशक्त भू कूनन की मांग की।

**शहर में हर तरफ जाम का झाम**

बुद्ध पार्क से पर्वतीय उत्थान मंच तक रैली निकलने की वजह से शहर में दिन भर जाम लगा रहा। नैनीताल रोड, कालाढूंगी रोड, बरेली रोड और रामपुर रोड पर वाहन घंटों में जाम में फंसे रहे। हालांकि पुलिस ने पहाड़ से आने जाने वाले वाहनों को डायवर्ट करने की कोशिश की लेकिन जाम की स्थिति रही। रैली के कई घंटे बाद जाम से राहत मिली।



पर्वतीय उत्थान मंच स्थित गोल्ज्यू मंदिर में लोक गीत गाकर भू-कानून की मांग करते लोग। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### भुवन बने भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक



**हल्दूचौड़।** दिव्यांगों के हितार्थ कार्य करने के चलते दोलिया निवासी भुवन गुणवंत को भाजपा ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर दिव्यांग प्रकोष्ठ में प्रदेश सह संयोजक बनाया है। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निर्देश पर उत्तराखंड में कुल 21 प्रकोष्ठ विभिन्न क्षेत्रों में अपने-अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। उत्तराखंड सरकार द्वारा 13 प्रकोष्ठों का गठन पूर्व में ही कर दिया गया था। उसी क्रम में 24 जनवरी 2024 को 8 और प्रकोष्ठों के पदाधिकारीयों की घोषणा कर दी गई। बताते चलें वह स्वयं 100% दिव्यांग होकर समाज के लिए प्रेरणा स्रोत और आदर्श हैं।

### महिला बास्केटबॉल में सोनीपत ने किया ट्राफी पर कब्जा

**रामनगर।** डिग्री कालेज में बास्केटबॉल परिवार द्वारा चल रही लीग महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबले में सोनीपत ने रोहतक को 56- 42 से शिकस्त देते हुए ट्राफी पर अपना कब्जा जमाया। प्रतियोगिता के आयोजक निवर्तमान सभासद संजय रावत ने बताया कि इससे पूर्व खेले गए दोनो सेमीफाइनल भी बेहद रोमांचक रहे। पहले सेमीफाइनल में रोहतक ने पिथौरागढ़ को 44-36 के अंतर से पराजित किया। जब कि दूसरे सेमीफाइनल में सोनीपत ने जयपुर की टीम को मात्र 52-54 से शिकस्त दी। गोपाल बिष्ट की अध्यक्षता में आयोजित समापन समारोह में केमू के अद्यक्ष मनोज कठायत ने बतौर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के रूप में अतुल मनराल ने विजेता व उपविजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। प्रतियोगिता में शरद यादव, अतुल चंद्रा, ऋषभ टम्टा, अभिषेक पाठक, गौरव खुल्वे ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस दौरान हेम चंद्र पांडे, नवीन जोशी ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।



भूगोल परिषद के चुने गए पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### अमीषा बनी भूगोल परिषद की अध्यक्ष

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के भूगोल विभाग में भूगोल परिषद का गठन किया गया जिसमें स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। भूगोल परिषद के अध्यक्ष पद पर अमीषा (एमए तृतीय सेमेस्टर), उपाध्यक्ष ज्योति (एमए प्रथम सेमेस्टर), सचिव शेखर बिष्ट (बी.ए.तृतीय वर्ष), संयुक्त सचिव पद पर उबैद सैफी (बी.ए.तृतीय सेमेस्टर) तथा कोषाध्यक्ष पद पर अल्तमस (बीए प्रथम सेमेस्टर) चयनित हुए। प्राचार्य प्रोफेसर एम.सी.पाण्डे व चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर आर.डी.सिंह ने समस्त चयनित विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। भूगोल के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.डी.एन.जोशी ने छात्र-छात्राओं को भूगोल परिषद के उद्देश्यों को बताते हुए शैक्षिक उन्नयन, बौद्धिक एवं व्यक्तित्व विकास हेतु संबोधित किया। कार्यक्रम में अमीषा, ज्योति, शेखर बिष्ट ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में प्रयोगशाला सहायक नितिन, प्रणव हालदार, नितिन कश्यप, मेघा शाह, रीना, ममता, आकाश, अनमोल कौर, खुशबू आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### कुमाऊं विवि की परीक्षा तिथि में बदलाव

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के मुख्य परीक्षा नियंत्रक डा.महेंद्र सिंह राणा ने बताया कि समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेशित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के परीक्षार्थियों की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं जो कि 29 जनवरी (आज) से शुरू होनी थी वह अब 6 फरवरी (मंगलवार) से शुरू होगी। डा.राणा ने बताया कि संशोधित परीक्षा कार्यक्रम विवि की बेवसाइड में अपलोड कर दिया गया है। बताया कि अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षाएं यथावत संचालित की जाएंगी।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

**हल्दूचौड़।** इम्मोर्टल इंटरनेशनल स्कूल हरिपुर बच्ची में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया, जिसमें बच्चों का उत्साह देखने योग्य था। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों द्वारा रैली निकालकर किया गया। उसके बाद विद्यालय प्रांगण में विद्यालय की प्रधानाचार्य भावना पाठक ने ध्वजारोहण किया। बच्चों की ओर से राष्ट्रगान गाया गया। तत्पश्चात विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कई प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गईं जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

### भगवान शिव की महिमा सुनकर भक्त झूमे

**कालाढूंगी।** चंद्रमौलेश्वर महादेव मंदिर चांदनी चौक में चल रहे शिव महापुराण ज्ञान महायज्ञ के तीसरे दिन भक्तों की भारी भीड़ रही। कथा वक्ता आचार्य प्रवीण कृष्ण शास्त्री ने भक्तों को शिव महापुराण की कथा सुनाई। भगवान शिव की महिमा के बारे में बताया। शिव की महिमा सुन भक्त झूम उठे। इससे पूर्व महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। समाजसेवी दीपक बनौला ने बताया कि 5 फरवरी को भव्य भंडारे के साथ शिव महापुराण कथा का समापन होगा। इस दौरान बसंत जोशी, इंदर बिष्ट, बहादुर बिष्ट, कमल बिष्ट, हरीश बुढ़लाकोटी, मनोज मेहरा, पान सिंह मेहरा शामिल रहे।

### अघोषित बिजली कटौती के चलते घंटों गुल रहीं बिजली

**हल्द्वानी।** ऊर्जा निमग की ओर से जारी अघोषित बिजली कटौती की समस्या से लोगों को निजात मिलते नजर नहीं आ रही हैं। पूर्व में जारी घंटे बिजली कटौती का क्रम शुरू है। जिसके चलते आमजनों के सामने दिक्कतें गहरा गई हैं। रविवार को भी करीब 3 घंटे तक बिजली कटौती की समस्या लोगों को झेलना पड़ा इसमें बनभूलपुरा, मुखानी, मंगलपड़ाव, रामपुर रोड समेत कई इलाकों में घंटे बिजली कटौती रही जिसके चलते लोगों के सामने समस्या बनी रही। बीते कई दिनों से जारी अघोषित बिजली कटौती की समस्या के चलते व्यापारी वर्ग से लेकर आम बिजली उपभोक्ताओं के रोजमर्रा के काम बाधित हो रहे हैं। जिसके चलते ऊर्जा निगम के खिलाफ लोगों में रोष पनप रहा है। इधर ईई प्रदीप कुमार ने बताया कि कुछ समय के लिए विभाग ने शटडाउन लिया हुआ जिसके बाद आपूर्ति फिर से सुचारू रूप से बहाल कर दी गई।

### देहरादून बी और चंपावत ने जीते मुकाबले

**हल्द्वानी।** क्रिकेट एसोशिएशन ऑफ उत्तराखंड की अगुवाई में अंतरजनपदीय सीनियर क्रिकेट लीग में रविवार को 2 मैच खेले गए। जीएन जी क्रिकेट एरिना कमलवागांजा के मैदान में ऊधमसिंह नगर बी और चंपावत के बीच मुकाबला हुआ। ऊधम सिंह नगर बी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुऐ 40 ओवर में सभी विकेट खोकर 203 रन बनाये। जबाब में उतरी चंपावत की टीम ने निर्धारित लक्ष्य को 8 विकेट के नुकसान पर 39 वें ओवर में पूरा कर मैच को 2 विकेट से जीत लिया। दूसरा मैच कॉर्बेट मैदान चकलुवा में चमोली और देहरादून बी के बीच खेला गया। चमोली ने पहले बल्लेबाजी करते हुऐ 35 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाए। जबाब में उतरी देहरादून बी की टीम ने निर्धारित लक्ष्य को 2 विकेट के नुकसान पर 24 वें ओवर में मैच को 8 विकेट से जीत लिया। इस मौके पर मनोज भट्ट, नीरज पांडेय, कमल पपनै, आनंद बिष्ठ, नरेंद्र अधिकारी समेत कई लोग मौजूद रहे।



ओखलकांडा के दूरस्थ गांव पश्या के पशुपति धाम में सुंदरकांड का पाठ कतरे भक्त।

### पशुपति धाम में हुआ सुंदरकांड का पाठ

**हल्द्वानी।** ओखलकांडा के दूरस्थ गांव कोडार पश्या के पशुपति धाम में सुंदरकांड का पाठ किया गया। रविवार की सुबह मंदिर में पुजारी मोहन चंद्र कुड़ाई ने विधिवत पूजन कराया। जिसके बाद बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीणों ने सुंदरकांड का पाठ और हवन किया। भक्तों ने सभी के स्वस्थ और संपन्न होने की कामना की। पाठ खत्म होने के बाद भक्तों में प्रसाद का वितरण और भंडारा किया गया। इस दौरान मनोज फुलारा, पुजारी मोहन चंद्र कुड़ाई, गणेश दत्त फुलारा, गिरीश चंद्र कुड़ाई, हरीश दत्त कुड़ाई, डा.हेमंत कुमार जोशी, हिमांशु पोखरिया आदि थे।

# अतिक्रमण हटाकर दो कुंतल पॉलीथिन पकड़ी

## बरेली रोड की दुकान में पॉलीथिन का भंडार होने की सूचना पर नगर निगम ने की कार्रवाई

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** रविवार को नगर निगम पूरी तरह से एक्शन मोड में रहा। बरेली रोड में पहले नगर निगम ने प्रशासन के साथ मिलकर दो कुंतल पॉलीथिन और उससे बने सामान की खेप पकड़ी। बाद में मलिक के बगीचा में अवैध अतिक्रमण पर भी हथौड़े चलवा दिए और कब्जा वापस ले लिया।

नगर निगम को सूचना मिली कि बरेली रोड पर एक दुकान में पॉलीथिन का भंडार है। यहां से पॉलीथिन को अवैध तरीके से बेचा जाता है। सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने नगर निगम की टीम और प्रशासन के साथ मिलकर बरेली रोड स्थित केसरवानी कांप्लेक्स में छापा मारा। यहां दुकान के अंदर पॉलीथिन की बड़ी खेप मिली। दुकान के बाद गोदाम में छापा मारा तो वहां भी पॉलीथिन और उससे बने सामान की खेप मिली। वजन करने पर अवैध पॉलीथिन और उससे बने सामान की तौल दो कुंटल निकला। नगर निगम ने पॉलीथिन रखने के



बरेली रोड पर पॉलीथीन की दुकान में कार्रवाई करती टीम। ● अमृत विचार

जुर्म में गोपाल और किशन का 4000 रुपये का चालान किया। सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने बताया कि हमें गोदाम के अंदर ही पॉलीथिन का सूचना थी, मौके पर जाकर पता चला कि गोदाम में पॉलीथीन है।

**अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई :** नगर निगम को सूचना मिली कि मलिक के बगीचे में नगर निगम की जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। यहां एक व्यक्ति ने नगर निगम की जमीन पर पहले दुकानें बना दी थीं और उन्हें किराए में दे दिया था। उक्त अतिक्रमण पर नगर निगम ने पहले भी कार्रवाई की थी और दुकानें ढहा दी थीं। अब खाली जमीन पर उक्त व्यक्ति फिर से कब्जा कर रखा था। यहां जमीन को कंक्रीट से पाटकर प्लॉट बनाकर बेचने की तैयारी थी। नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और कब्जा ढहा दिया गया। नगर निगम से जानकारी मिली कि उक्त जमीन पर नगर निगम ने कब्जा वापस ले लिया और यहां जल्द ही बाउंड्री बनाई जाएगी, जिससे दोबारा अतिक्रमण न हो सके।

# सील तोड़ किया निर्माण प्राधिकरण ने दी तहरीर

संवाददाता, हल्द्वानी

**संज्ञान**

- भवन के लिए स्वीकृत मानचित्र के विपरीत किया निर्माण
- कोतवाल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई होगी

**अमृत विचार:** जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के अवर अभियंता रघुवीर लाल भारती ने मानपुर उत्तर रामपुर रोड निवासी कन्हैया लाल पुत्र प्यारे लाल और यहीं रहने वाले वरुण माहेश्वरी पुत्र सत्य प्रकाश माहेश्वरी के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। अवर अभियंता रघुवीर लाल भारती का कहना है कि कन्हैया लाल ने भवन के लिए मानचित्र स्वीकृत कराया था, लेकिन निर्माण मानचित्र के विपरीत किया गया।

ठीक इसी तरह वरुण माहेश्वरी ने भी किया। जिस पर प्राधिकरण ने स्वीकृत मानचित्र के इतर निर्माण करने पर बीते वर्ष 10 जनवरी को उक्त दोनों भवन प्राधिकरण ने सील किया और 13 जनवरी को वाद योजित किया।

उक्त दोनों निर्माण प्रथम तल से एक साथ जोड़े गए हैं। बीती 27 जनवरी को जब स्थलीय निरीक्षण किया गया तो पाया गया कि उक्त लोगों ने सीलबंद भवन की सील हटा दी, जिसके बाद दोनों के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। कोतवाल उमेश मलिक ने बताया कि तहरीर मिली है और मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कूड़ा निस्तारण प्लांट भवाली में लगेगा

**नैनीताल:** नगर के नारायण नगर क्षेत्र में लगने वाला कूड़ा निस्तारण प्लांट का लोगों के विरोध के बाद अब भवाली में स्थापित किये जाने की कवायद शुरू हो चुकी है। भवाली पालिका की जमीन पर नैनीताल पालिका तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध कराकर कूड़ा रिसाइकिल प्लांट स्थापित करेगी।

दोनों पालिकाओं के स्तर पर प्लांट निर्माण के लिए अनुबंध की तैयारी की जा रही है। ईओ आईएएस राहुल आनंद ने बताया कि भवाली नगर पालिका की ओर से करीब पांच नाली भूमि में कूड़ा निस्तारण प्लांट संचालित किया जा रहा है। उक्त प्लांट को हाईटेक कर रिसाइकिल प्लांट बनाया जाएगा, जिसके लिए तकनीकी सहायता के साथ ही अन्य संसाधन नैनीताल पालिका की ओर से उपलब्ध कराये जाएंगे, जिसके लिए पालिका स्तर पर अनुबंध की तैयारी की जा रही है।

भारत सरकार की ओर से 2019 में 2.29 करोड़ की धनराशि जारी होने के बाद पालिका ने नारायण नगर में प्लांट स्थापित करने की कवायद शुरू की गई। जमीन चिन्हित करने के बाद मशीने मंगवाई तो क्षेत्र वासियों ने विरोध कर दिया। अब पालिका स्तर पर भवाली में रिसाइकल प्लांट स्थापित करने की कवायद शुरू कर दी गयी है।

# ब्रिगेडियर ढिल्लन को जवानों ने दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** हल्दुवा गांव निवासी गढ़वाल राइफल्स के अवकाश प्राप्त पूर्व ब्रिगेडियर अविनाश सिंह ढिल्लन का शनिवार रात निधन हो गया।



बता दें कि 85 वर्षीय ब्रिगेडियर ढिल्लन ने लगभग 20 साल पूर्व आर्मी से अवकाश के बाद आर्मी में जाने के इच्छुक नौजवानों को प्रशिक्षण देना शुरू किया था। वह अपने फार्म हाउस से लगे मैदान में युवाओं को आर्मी की परीक्षा सफल होने के लिए शारीरिक प्रशिक्षण और टिप्स देते थे।

उनके द्वारा प्रशिक्षित कई युवक सेना में काम कर रहे हैं। ढिल्लन की मृत्यु की खबर मिलते ही आर्मी से जुड़े परिवारों में शोक छा गया। उनकी चिता को रामनगर श्मशान घाट में मुखाग्नि दी गई। उनको सेना के जवानों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

बता दें कि सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहने वाले स्वर्गीय ढिल्लन की अंत्येष्टि में बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने उन्हें नम आंखों से विदाई दी। उनका अंतिम संस्कार वैदिक मंत्रोचार के बीच मुखाग्नि से पूर्व हिंदू एवं पंजाबी रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न हुआ। पूर्व सैनिक संगठन ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

### सीआरपीएफ ने चैलेंज कप में निगम को हराया

**हल्द्वानी :** ऑल कुमाऊं क्रिकेट चैलेंज कप सीआरपीएफ ने अपने नाम कर लिया। सीआरपीएफ की टीम ने फाइनल मैच में नगर निगम की टीम को करारी शिकस्त दी। फाइनल मैच का टर्निंग प्वाइंट सीआरपीएफ के खिलाड़ी प्रशांत साबित हुए। ग्रुप केंद्र सीआरपीएफ काठगोदाम में फाइनल मैच का टॉस जीत कर नगर निगम की टीम ने पहले बल्लेबाजी कर सीआरपीएफ को 133 रन का लक्ष्य दिया। सीआरपीएफ की टीम शुरुआती झटकों के बाद संभली और फिर नगर निगम को वापसी का मौका नहीं दिया। सीआरपीएफ के प्रशांत ने 9 बॉल पर 33 रन बनाकर मैच का रुख पलट दिया और फाइनल सीआरपीएफ ने दो विकेट से जीत लिया। सीआरपीएफ की ओर से 17 रन बनाकर 3 विकेट लेने वाले विपिन धनखड़ को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# ज्यादा ज्वलनशील रखा, फैक्ट्री सील

**फॉलोअप**

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रामबाग कॉलोनी में पकड़ी गई नकली पेंट व सीमेंट बनाने की फैक्ट्री में रखा अत्यधिक ज्वलनशील रसायन को हरियाणा स्थित फैक्ट्री भेज दिया गया है। इसके बाद फैक्ट्री को फिर से सील कर दिया गया है।

मंडलायुक्त दीपक रावत के निर्देशानुसार सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने बीते शनिवार को रामबाग कॉलोनी में छापेमारी कर नकली पेंट, सीमेंट, समोसम बनाने की फैक्ट्री पकड़ी थी। प्रशासन को मौके पर लगभग 200 लीटर के 145 ड्रम में 29 हजार अत्यधिक ज्वलनशील रसायन मिला था। इस रसायन की कुछ बूंदों में आग लगाकर जांच की गई तो 10-15



अत्यधिक ज्वलनशील रसायन को हरियाणा स्थित फैक्ट्री भेजा गया। ● अमृत विचार

मिनट तक आग लगी रही थी। ऐसे में इस रसायन को आवासीय कॉलोनी में रखना बेहत संवेदनशील था। इस वजह से फैक्ट्री को सील कर दिया गया था। इधर, रविवार को प्रशासन, राज्य कर विभाग, जिला विकास प्राधिकरण व नगर निगम की संयुक्त टीम की निगरानी में फैक्ट्री की सील खोली गई। साथ ही 115 ड्रम रसायन के वापस हरियाणा स्थित फैक्ट्री भेज दिए गए हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार के अनुसार, मौके पर मिला रसायन बी श्रेणी का है। इसको रखने के लिए लाइसेंस अनिवार्य होता है। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने बताया कि फैक्ट्री की सील खोलकर अत्यधिक ज्वलनशील रसायन को वापस भिजवा दिया गया है। इसके बाद फिर से फैक्ट्री परिसर को सील कर दिया गया है।

# वोकल फॉर लोकल की दिशा में करना होगा प्रयास : कैड़ा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने रविवार को धारी मंडल के बूथ संख्या 83 सुंदरखाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 109वां संस्करण सुना। कार्यक्रम के बाद कैड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम सभी को अपने कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए वोकल फॉर लोकल की दिशा में आगे बढ़ने के लिए सबको प्रयास करने होंगे। कहा कि प्रधानमंत्री के साढ़े नौ साल के कार्यकाल में देश ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। गरीबों और वंचितों को केंद्र में रखते हुए उनके कार्यकाल में अनेक कार्य



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनते विधायक कैड़ा। ● अमृत विचार

हुए हैं। गरीबों के जन-धन खाते खोलने, गरीबों के लिए आवास निर्माण, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना आदि जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है।

विधायक ने कहा कि सभी योजनाओं का समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को पूरा लाभ मिले। इसके लिए विभिन्न माध्यमों से योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, विस्तारक गिरीश जोशी, आन सिंह, मोहन बिष्ट, संजय कुमार, भवान बिष्ट, राजेंद्र बिष्ट, पूरन बिष्ट, विमला देवी सहित कार्यकर्ता व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# समाजवादी संविधान में जनता को मिले अधिकार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** समाजवादी लोक मंच के तत्वाधान में शनिवार को अग्रवाल सभा के हॉल में आयोजित कार्यक्रम में 'सोवियत समाजवादी संविधान 1936' के हिन्दी रूपान्तरण के साथ प्रकाशित पुस्तिका का लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न जनवादी संगठनों के प्रतिनिधियों की सहभागिता रही।

पुस्तिका के प्रकाशन के औचित्य के विषय में बताते हुए समाजवादी लोक मंच के संयोजक मुनीष कुमार ने कहा कि 1917 की क्रांति के बाद मजदूर किसान वर्ग द्वारा बनाए गए समाजवादी संविधान में जनता को रोजगार, शिक्षा व स्वास्थ्य को मौलिक अधिकार का दर्जा दिया गया परंतु भारत में यह अधिकार अभी तक हम लोगों को नहीं मिला है। महिला एकता मंच की सीमा सैनी ने बताया कि जहां आज भी भारत की महिलाओं को घर के काम और बाहर के काम के बीच साम्य बैठाने की कोशिशों में काम का भारी बोझ उठाने के बावजूद समाज के पिछले पायदान पर ही रहना पड़ रहा है, वहीं सोवियत संघ के संविधान ने न केवल महिलाओं को मताधिकार दिया बल्कि उनके काम का बोझ घटाने के लिए उनके बच्चों की परवरिश में भी हाथ बंटाया और साथ ही उन्हें पुरुषों के बराबर ही वेतन दिलवाना सुनिश्चित करने जैसे अनेकों नियमों को धरातल पर उतारा। समाजवादी आंदोलन से लंबे समय से जुड़े रहे पत्रकार एवं अनुवादक पारिजात, राहुल, उपपा नेता आसिफ अली, विद्यावती आर्य आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

### डीके स्पोर्ट्स के नाम रहा फाइनल

**हल्द्वानी:** द्वितीय वीर शहीद हरक सिंह स्मृति अंडर-13 क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच एकलव्य क्रिकेट एकेडमी व डीके स्पोर्ट्स के बीच मुकाबला हुआ। रविवार को एकलव्य क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर 40 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 221 रन का लक्ष्य रखा। टीम के लिए ईशान पाठक ने 141 रन का योगदान दिया।

लक्ष्य का पीछ करने उतरी डीके स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से हार्दिकराज सिंह बिष्ट ने नाबाद 76 रन व राकेश बिष्ट ने नाबाद 55 रन और ईशान जोशी ने 32 रन का योगदान दिया। डीके स्पोर्ट्स ने फाइनल मैच 8 विकेट से अपने नाम किया। प्लेयर ऑफ द फाइनल मैच व प्लेयर ऑफ द सीरीज हार्दिक राज बिष्ट को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज ईशान पाठक और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज राकेश बिष्ठ को दिया गया।

# बेंगलुरु में दिखेगी उत्तराखंड की नंदा राजजात यात्रा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** बेंगलुरु में एक से चार फरवरी को श्रीश्री रविशंकर आश्रम में 'अखिल भारतीय कलासाधक संगम' आयोजित होने जा रहा है, जिसमें उत्तराखंड के कला साधक नंदा राजजात यात्रा वऐपण कला प्रस्तुत करेंगे।



देवेंद्र रावत।

संस्कार भारती के जिला महामंत्री ऋषि अग्रवाल के कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में संस्कार भारती के उत्तराखंड एवं पउप्र के क्षेत्र प्रमुख देवेंद्र सिंह रावत ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कलासाधक संगम में देश भर के लगभग दो हजार प्रतिनिधि व कलासाधक एवं उत्तराखंड प्रांत से 40 प्रतिनिधि व कला साधक सम्मिलित होंगे।

वस्तुतः कलासाधक संगम भारतीय कला दृष्टि में विश्वास रखने वाले कलासाधकों का एक समागम है। जो प्रायः तीन वर्ष के अंतराल पर देश के अलग-अलग स्थान पर आयोजित होता है। कार्यक्रम में प्रख्यात लोक कलाकार पद्मश्री मंजम्मा जोगती, वरिष्ठ तबला वादक रविंद्र यावगल व इतिहासकार डॉ. विक्रम संपत भी उपस्थित रहेंगे। दो और तीन फरवरी को सरसंघचालक मोहन भागवत की भी उपस्थिति रहेगी।

### शिविर में कानून की जानकारी दी

**कालाढूंगी:** उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व हाईकोर्ट के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल ने राबाइका कोटाबाग में बहुउद्देशीय शिविर लगाया। इसमें दो दर्जन से अधिक विभागों के अधिकारियों व स्कूली बच्चों ने प्रतिभाग किया। शिविर जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्रधिकरण सुजाता सिंह की अध्यक्षता में हुआ।

शिविर में 22 आधार कार्ड अपडेट किए गए। स्वास्थ्य विभाग कोटाबाग से 76 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। खाद्य विभाग कालाढूंगी से 34 समस्याओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम कनिष्ठ प्रमुख कुलदीप तडियाल, बीडीओ रमेश चंद्र, समाज कल्याण विभाग एवं महिला कल्याण विभाग से योगेश पांडे आदि उपस्थित रहे।

# वृद्ध को मारने वाला बाघ ट्रेंकुलाइज

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** शनिवार को सुबह वृद्ध पर हमला कर मौत के घाट उतारने वाले बाघ को रामनगर वन प्रभाग की टीम ने रविवार की अल सुबह तीन बजे ट्रेंकुलाइज कर लिया। बाघ देर रात चुकुम निवासी विनोद प्रकाश के मवेशी को भी मौत के घाट उतार चुका था। अब सीसीएमबी हैदराबाद भेजे जा रहे हैं बाघ के सैंपल, जिससे यह साफ हो पाएगा कि बुजुर्ग को निवाला बनाने वाला बाघ यही है या नहीं। बाघ को कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढेला रेंज स्थित ढेला रेस्क्यू सेंटर में भेज दिया गया है।

रामनगर वनप्रभाग के डीएफओ दिगांथ नायक ने बताया कि शनिवार दिन चुकुम गांव में बाघ के हमले की घटना हुई थी। उन्होंने बताया कि घटना के बाद से ही बाघ



पकड़े गए बाघ के साथ वन कर्मी और ग्रामीण। ● अमृत विचार

को ट्रेंकुलाइज करने की कार्रवाई शुरू दी थी। उन्होंने बताया कि उच्चाधिकारियों से अनुमति लेकर बाघ को पकड़ने के लिए घटना वाले क्षेत्र के पास दो पिंजरे भी लगाने के साथ ही वनकर्मियों की चार टीमों को गठित कर बाघ को ट्रेंकुलाइज करने की कार्रवाई शुरू कर दी थी। वहीं बाघ की लगातार मॉनिटरिंग भी वन कर्मियों द्वारा की जा रही थी। उन्होंने बताया कि बाघ ने बीती देर रात भी एक मवेशी को अपना निवाला बनाय था।

बाघ की लगातार घटना के के बाद 24 घंटे के भीतर ही तड़के तीन बजे बाघ को चुकुम गांव से ट्रेकुलाइज कर लिया है। उन्होंने बताया की बाघ की उम्र लगभग तीन साल की है। बाघ को रेस्क्यू ढेला सेंटर भेज दिया है।

## सार-संक्षेप

### हेमंत पांडे सिनेमा में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित



**देहरादून।** फिल्म अभिनेता हेमंत पांडे को भारतीय सिनेमा में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुंबई में आयोजित भारतीय पैनोरमा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव-2023-24 में पांडे को यह सम्मान दिया गया है। संस्थापक विक्रांत मोरे ने बताया कि आईपीआईएफएफ के छठें संस्करण को दुनिया भर से 450 से अधिक फिल्में मिली हैं। 145 फिल्में आधिकारिक तौर पर भारतीय पैनोरमा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2023-24 में चुनी गईं, जिनमें से इस साल 75 फिल्मों को पुरस्कार दिया गया है। वहीं हेमंत पांडे को भारतीय सिनेमा के लिए उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। हेमन्त ने इसकी सराहना की और उन्हें इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए धन्यवाद दिया।



बाबा हैड़ाखान शरदोत्सव समिति के समारोह की जानकारी देते आयोजक। ● अमृत विचार

### दो दिवसीय शरदोत्सव आज से, तैयारियां पूरी

**हल्द्वानी।** श्री श्री 1008 बाबा हैड़ाखान शरदोत्सव समिति की ओर से कठघरिया चौराहे के समीप 29-30 जनवरी को दो दिवसीय शरदोत्सव का आयोजित किया जाएगा। आयोजक धीरज जोशी, मनीष आर्या, ललित जोशी, संजय बिष्ट ने संयुक्त रूप से बताया कि 29-30 जनवरी को दो दिवसीय शरदोत्सव किया जाएगा। 29 जनवरी को सायं 4 से रात्रि 10 बजे तक आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि पहले दिन लोक गायिका माया उपाध्याय व श्वेता महरा के सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। दूसरे दिन कुमाउंनी गायक इंद्र आर्या, पर्वतीय कला संगम दिल्ली की ओर से रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी। शरदोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।



छोटी मुखानी में ऐपण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते लोग। ● अमृत विचार

### रिद्धि, काजल और मीताली ऐपण बनाने में विजेता

**हल्द्वानी :** छवि मैमोरियल ट्रस्ट की ओर से छोटी मुखानी में ऐपण प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें पेंट के साथ ही गेरू के प्रयोग से भी ऐपण बनाए गए। मुख्य अतिथि रिटायर्ड आईएफएस आईडी पांडे, हाईकोर्ट के अधिवक्ता एमसी पांडे और मैनेजिंग ट्रस्टी बीसी जोशी ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। निर्णायक मंडल हेमा हर्बोला और हेमलता ने श्रेष्ठ ऐपण रचनाओं को चुना, जिसमें प्रथम वर्ग (14 वर्ष तक) में रिद्धि पांडे प्रथम, मानवी तिवारी द्वितीय और तनुजा मेलकानी तृतीय स्थान पर रहीं। द्वितीय वर्ग (15 से 20 वर्ष तक) में काजल सक्सेना प्रथम और आंचल जोशी द्वितीय रहीं। तृतीय वर्ग (20 वर्ष से अधिक) में प्रथम मीताली आर्या, द्वितीय गरिमा पांडे और लक्की जोशी तृतीय रहीं। गेरू से ऐपण बनाने में ललिता पाठक को प्रथम स्थान मिला। इस दौरान पीयूष पंत, यजुवेंद्र सिंह, अतुल कांडपाल, नवीन पांडे, दिवाकर पांडे रहे।

### देवेंद्र के निधन पर संस्कृत महाविद्यालय में शोक

**हल्द्वानी।** श्री महादेव गिरि संस्कृत महाविद्यालय में शास्त्री (बीए) तृतीय वर्ष के छात्र देवेन्द्र परगांई की मौत पर शोक जताया गया। देवेंद्र की सड़क हादसे में शुक्रवार को मौत हो गई थी। महाविद्यालय देवलचौड़ में शोकसभा आयोजित कर मृत छात्र को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्राचार्य डॉ. नवीन चन्द्र जोशी ने कहा कि देवेन्द्र परगांई एक होनहार छात्र था वह पढ़ाई के साथ सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर भाग लेता था। शोक जताने वालों में अनिल कुमार मिश्रा, समर पाल सिंह, डॉ. चन्द्र बल्लभ बेलवाल, डॉ. राजेश कुमार जोशी, कंचन जोशी, डॉ. कैलाश सनवाल, राकेश पंत, महेश चंद्र जोशी, डॉ. राकेश गुणवंत, अनुराग जोशी थे।

### अक्टूबर 2021 में आई आपदा में क्षतिग्रस्त हुआ था काठगोदाम रेलवे स्टेशन के पास स्थित ट्रैक, 250 मीटर रिटेनिंग वॉल का काम पूरा

# क्षतिग्रस्त रेलवे ट्रैक होगा ठीक, फरवरी में दौड़ने लगेंगीं ट्रेनें

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** काठगोदाम रेलवे स्टेशन के पास शंटिंग नेक का काम चल रहा है। क्षतिग्रस्त ट्रैक को ठीक करने के लिये शीशमहल गेट से आरबीएम लाकर यहां डाला जा रहा है जबकि 250 मीटर रिटेनिंग वॉल का काम पूरा हो चुका है।

रिटेनिंग वॉल रिवर बेड लेवल से 4.75 मीटर नीचे तक बनाई गई है। इसके साथ ही एक चेक डैम बनाया गया है, 6 स्पर बनाये जाने हैं जिसमें 5 बनकर तैयार हो गये हैं और जल्द ही शेष स्पर का निर्माण भी पूरा हो जाएगा। प्रोजेक्ट में 5 लेयर के सीसी बॉक्स जिसकी ऊंचाई 1.5 मीटर है। सभी सीसी बॉक्स रिवर बेड लेवल से 7.5 मीटर तक बनाये जा रहे हैं। बता दें कि अक्टूबर 2021 में आई आपदा में काठगोदाम रेलवे स्टेशन के पास लगभग 100 मीटर ट्रैक बह गया था जिसे ठीक किया जा रहा है। काठगोदाम रेलवे ट्रैक का काम पूर्व में वन विभाग से अनुमति न मिलने के कारण रेलवे को आरबीएम उपलब्ध नहीं हो पा रहा था जिस कारण काम बाधित हुआ। अनुमति मिलने के बाद तेजी से काम चल रहा है और फरवरी अंत तक काम पूरा होने की संभावना जताई जा रही है जिसके बाद ट्रैक में ट्रेनों का संचालन शुरू हो जाएगा जबकि शेष कार्य जून तक पूरा हो जाएगा। वहीं, हल्द्वानी स्टेशन के क्षतिग्रस्त ट्रैक का काम अभी शुरू नहीं हो पाया है।

रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि इसका ड्राइंग आईआईटी रूड़की भेजा गया है। वहां से पास होने पर काम शुरू कर दिया जाएगा। दूसरी तरफ अमृत भारत योजना के तहत काठगोदाम स्टेशन का आधुनिकीकरण किया जा रहा है जिसमें लगभग 12 करोड़ रुपये से काम किया जा रहा है जिसे 3 माह के अंदर पूरा करने की कवायद की जा रही है। इसके अंतर्गत स्टेशन में नए भवन, हाईटेक वेटिंग रूम और स्टेशन के सौंदर्यीकरण और आधुनिकीकरण का कार्य किया जा रहा है। लालकुंआ स्टेशन में भी अमृत भारत के तहत काम किया जा रहा है।



काठगोदाम रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक का काम शुरू हो गया, रेलवे लाइन को ठीक करते श्रमिक। ● अमृत विचार

**250** मीटर रिटेनिंग वॉल बनकर तैयार, ट्रैक बनाने के लिये डाला जा रहा आरबीएम

> फरवरी अंत तक ट्रैक का काम पूरा कर लिया जाएगा जिसके बाद इससे ट्रेनों का संचालन सुचारू कर दिया जाएगा। शेष कार्य भी जुलाई से पहले पूरा कर लिया जाएगा। - **रोशनलाल जायसवाल**, सीनियर सेक्शन इंजीनियर, काठगोदाम रेलवे स्टेशन

# झोलाछाप बने थे डॉक्टर, तीन क्लीनिक सील

### प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने की बनभूलपुरा में कार्रवाई, छह क्लीनिकों का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने रविवार को बनभूलपुरा में झोलाछाप डॉक्टरों की अवैध क्लीनिक पर छापेमारी की। इस दौरान तीन क्लीनिक सील किए गए और 50 हजार से अधिक का जुर्माना ठोका गया।

सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह एवं एसीएमओ डॉ. रजत भट्ट के नेतृत्व में प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम बनभूलपुरा लाइन नंबर-17 और इंद्रा नगर में अवैध क्लीनिक की जांच की। यहां क्लीनिक संचालक शैक्षिक दस्तावेज, क्लीनिक पंजीयन व अन्य जरूरी दस्तावेज नहीं दिखा सके।

इस पर टीम ने दोनों क्लीनिक को सील कर दिया। फिर टीम ने बड़ी रोड स्थित एक क्लीनिक पर छापेमारी की। टीम के पहुंचते ही क्लीनिक संचालक सौरभ विश्वास मौके से फरार हो गया। टीम ने पकड़ने की कोशिश की लेकिन वह हत्थे नहीं चढ़ा। जब टीम ने क्लीनिक में जांच की तो भारी मात्रा में एक्सपायर दवाएं, ब्लड सैंपल लेने के चिकित्सकीय उपकरण, इस्तेमाल किए हुए इंजेक्शन, स्टेरॉयड बरामद हुआ। आशंका जताई जा रही है कि यहां नशे के इंजेक्शन लगाए जाते होंगे। फिलहाल टीम ने इस क्लीनिक को भी सील कर दिया है और संचालक पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अतिरिक्त तीन अन्य क्लीनिक की भी जांच की गई। इधर, संयुक्त टीम के बनभूलपुरा में पहुंचते ही आधे से अधिक मेडिकल स्टोर्स बंद हो गए। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने बताया कि छह क्लीनिक की जांच की गई थी। इनमें तीन क्लीनिक को सील कर दिया गया है। एक क्लीनिक में एक्सपायर दवाइयां, इस्तेमाल किए हुए इंजेक्शन वगैरह बरामद हुए हैं। आशंका है कि नशे के इंजेक्शन लगाए जाते होंगे। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।





गोपाल डेयरी में छापेमारी के दौरान नमूना भरते खाद्य अधिकारी व हरबंस पेट्रोल पंप पर छापेमारी करतीं सिटी मजिस्ट्रेट व अन्य।

### स्टॉक में अंतर मिलने पर पेट्रोल पंप संचालक को नोटिस

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** प्रशासन व पूर्ति विभाग की टीम ने तीन पेट्रोल पंपों की जांच की। वहीं एक पंप पर स्टॉक में अंतर मिलने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह के नेतृत्व में पूर्ति विभाग की टीम ने नैनीताल रोड स्थित मैसर्स हरबंस मोटर वर्क्स, शीशमहल स्थित हल्द्वानी इंडेन गैस सर्विस व मैसर्स हरीलीला हाईवे पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया। यहां पेट्रोल में शुद्धता, ग्राहकों को दी जा रही मात्रा व स्टॉक आदि की जांच की गई। किसी भी पंप पर अनियमितता नहीं मिली लेकिन मैसर्स हरीलीला हाईवे पेट्रोल पंप में डीजल एवं पेट्रोल के स्टॉक में अंतर पाया गया। इस पर कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिनों के भीतर स्पष्टीकरण एचपीसीएल के सेल्स ऑफिसर के माध्यम से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी विजय जोशी एवं गिरीश जोशी, पूर्ति निरीक्षक रेनू त्रिपाठी, दीप चंद्र बेलवाल, गौरव जोशी, राहुल डांगी, जगमोहन नेगी, सहायक आयुक्त विधिक माप एलएम पंत, वरिष्ठ निरीक्षक केसी पंत, तहसीलदार सचिन कुमार मौजूद रहे।

### डेयरी में डालडा की मिलावट कर बेचा जा रहा देसी घी

**हल्द्वानी।** प्रशासन एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने मंगल पड़ाव, बरेली रोड और पीलीकोठी में डेयरी का निरीक्षण किया। देसी घी एवं पनीर के नमूने लेकर जांच को भेजे हैं। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह के नेतृत्व में टीम सबसे पहले मंगल पड़ाव पहुंची। टीम ने गोपाल जी डेयरी में देसी घी के नमूने लिए। सख्ती से पूछताछ पर डेयरी संचालक ने देसी घी में डालडा की मिलावट कबूली। साथ ही बताया कि वह यह पैकेट बाजार से खरीदता है। इस पर टीम ने देसी घी के नमूने जांच के लिए भेजे हैं। वहीं, डेयरी स्वामी से पूछताछ के आधार पर संबंधित दुकान का भी निरीक्षण किया और वहां से भी नमूने लिए। इसके बाद टीम ने कालाढूंगी रोड स्थित आंचल मिल्क पार्लर का निरीक्षण किया। यहां फूड लाइसेंस नहीं मिला इस पर उनके खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। एक दुकान से गजक के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे हैं। इसके बाद टीम ने बरेली रोड स्थित फलों के गोदाम का निरीक्षण किया। चेतावनी दी कि यदि कार्बाइड का इस्तेमाल किया गया तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान संजय सिंह, अभय सिंह आदि मौजूद थे।

### क्षेत्रवासियों ने नहर कवरिंग पर विधायक भगत का जताया आभार



**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नहर कवरिंग को लेकर क्षेत्रवासियों ने विधायक बंशीधर भगत का आभार जताया है। रविवारको धार-बिठौरिया, वैशाली, चीनपुर एवं लोहरियासाल मल्ला के क्षेत्रवासी विधायक भगत के ऊंचापुल स्थित आवास पहुंचे। यहां उन्होंने फूल माला पहनाकर विधायक का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि पनचक्की चौराहे-कठघरिया-कमलुवागांजा चौराहे तक एवं चौफुला चौराहे-तीन मूर्ति मंदिर तक नहर कवरिंग एवं सड़क चौड़ीकरण किया जा रहा है।

नहर कवरिंग, बिजली-पानी की लाइन शिफ्टिंग, अतिक्रमण मुक्ति का काम पूरा हो गया है। अब सड़क निर्माण शुरू हो रहा है, जिससे लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी। विधायक भगत ने कहा कि नहर कवरिंग होने से सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी। सड़क चौड़ीकरण से मुख्यमार्गों पर जाम एवं अतिक्रमण से मुक्ति मिलेगी।

इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत, योगेश तिवारी, जानकी पोखरिया, प्रेमा जोशी, पुष्पा बुढलाकोटी, मनोज जोशी, भूपाल सिंह गैड़ा, केसी त्रिपाठी, विपिन पांडे, प्रेम बल्लभ कांडपाल, तनुज नैनवाल, कमल ढौंडियाल, पूरन देउपा मौजूद रहे।

# डिलीवरी ब्वॉय को ट्रक ने कुचला, मौत

**हादसा**

- दुकानों में डिलीवरी देकर बाइक से लौट रहा था घर
- साथ में सवार गांव का अन्य लड़का बाल-बाल बचा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दुकानों में डिलीवरी देकर घर लौट रहे युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। युवक की हादसे में मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार दूसरा साथी बाल-बाल बच गया। हादसे का अंजाम देने वाला ट्रक चालक ट्रक मौके पर छोड़ कर फरार हो गया।

रविवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बैकुंठपुर शक्तिफार्म सितारगंज ऊधमसिंहनगर निवासी मनोज हलदार के मुताबिक घर में उनकी पत्नी सुक्कू, बच्चे समीर, दीपा और छोटा बेटा 20 वर्ष का उदय है। उदय ने एक साल पहले ही प्रेम विवाह किया था और दुकानों में डिलीवरी का काम करता था। बीते शनिवार की दोपहर करीब 3 बजे वह दुकानों में माल की डिलीवरी देने के बाद अपने एक दोस्त के साथ घर लौट रहा था।

वह अभी हराई खत्ता पहुंचा था कि तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। उदय ट्रक के नीचे आ गया। घटना के बाद चालक ट्रक छोड़ कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे ट्रक के नीचे से निकाला और एंबुलेंस के जरिये एसटीएच भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता मनोज का कहना है कि ट्रक संख्यार यूके 04 सीबी 4207 ने घटना को अंजाम दिया। घटना स्थल से उन्हें ट्रक चालक का मोबाइल भी मिला है।

### घर से कमाने निकले मजदूर की सड़क हादसे में मौत

**हल्द्वानी :** पत्नी की मौत और बच्चों की शादी के बाद अकेले हुआ अधेड़ घर से कमाने निकला और सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई। तीन दिन बाद उसकी शिनाख्त हुई तो रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। नैमोर भोजीपुरा बरेली निवासी निरंजन सिंह (55 वर्ष) पुत्र बाबूराम मजदूरी का काम करते थे। निरंजन के चचेरे भाई छत्रपाल सिंह ने बताया कि करीब 10 साल पहले निरंजन की पत्नी मालावती की मौत हो गई थी। दो लड़कियां थी और दोनों की शादी वह शादी कर चुके थे। भोजीपुरा में भी वह अकेले थे और करीब 6 माह पहले वह रुद्रपुर चले गए। बीती 25 जनवरी को बगवाड़ा में वह सड़क पर गंभीर हालत में पड़े मिले। पहले रुद्रपुर जिला अस्पताल और फिर उन्हें एसटीएच रेफर कर दिया गया। जहां उनकी मौत हो गई।

### संविदा श्रमिक संघ की कार्यकारिणी बनी

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ ने रविवार को सरस मार्केट स्थित कर्मचारी भवन में बैठक की। बैठक में पुरानी कार्यकारिणी का त्रिवार्षिक कार्यकाल समाप्त होने के बाद नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कुमाऊं मंडल के सदस्यों ने निर्विरोध चुनाव संपन्न कराया। कार्यकारिणी में प्रकाश चंद्र भट्ट को संरक्षक, गोविंद आर्या अध्यक्ष, राजेंद्र सिंह को उपाध्यक्ष जबकि गिरीष चंद्र को महामंत्री बनाया गया। इसके साथ ही घनश्याम बरगली व दयानंद कृष्णपाल को मंत्री, हरीश चंद्र को कोषाध्यक्ष, कमल कन्नौजिया को कार्यालय मंत्री और सदरे आलम व गौतम गिरी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

### विभागों के राजकीयकरण को लेकर मुख्य अभियंता कार्यालय में आज धरना

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** जल निगम व जल संस्थान संयुक्त मोर्चा विभागों का एकीकरण कर राजकीयकरण करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहा है। दोनों विभागों के कार्मिक विभागीय कार्यों को एडीबी व यूयूएसडीए से करवाने का विरोध कर रहे हैं। इसी क्रम में आज सोमवार को मुख्य अभियंता कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। संयुक्त मोर्चा के कुमाऊं संयोजक शीतल साह ने बताया कि दो घंटे का सांकेतिक प्रदर्शन किया जाएगा। कहा कि उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।


## रद्दी बिक्री हेतु निविदा सूचना

**अमृत विचार प्रेस, इण्डस्ट्रीयल प्लॉट नं. 42, निकट बद्रीनगर इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ- 226008 (उ.प्र.)** से रद्दी अखबार, मलाड एवं रद्दी कागज (स्वीपिंग) तथा रीलएंड (रीलकोर तथा बचा हुआ कागज) और अन्य स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर के साथ अधोलिखित विवरण के अनुसार ऊपर दिये गये स्थान पर भेजें।

**निविदा की शर्तें निम्न हैं**

1. सभी रद्दी/स्क्रैप के मूल्य पर जीएसटी जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लागू होगा अतिरिक्त देना होगा।
2. निविदा साफ-साफ हस्तलिखित या टाइप किया होना चाहिए।
3. रद्दी/स्क्रैप उठाने से पूर्व भुगतान नगद या ड्रॉफ्ट से करना होगा।
4. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा लखनऊ स्थित न्यायाधिकरण के अंतर्गत होगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कम्पनी का होगा।
6. निविदा को सील बंद लिफाफे में 25.02.2024 तक कार्यालय भेजें।
7. जब टेंडर खुलेगा तब आपको सूचित करने के बाद आपको 20000 रू. जमा करने होंगे। नहीं तो आपका टेंडर निरस्त करने का अधिकार कंपनी का होगा।

**स्क्रैप का विवरण निम्न प्रकार है।**

1. अखबार रद्दी
2. मलाड एण्ड रद्दी कागज (स्वीपिंग)
3. डी.एन.पी. (धब्बा)
4. रीलएंड (रील कोर तथा बचा हुआ कागज)
5. स्क्रैप एल्यूमीनियम प्लेट
6. प्लास्टिक बाल्टी 20 किग्रा.
7. खाली कैन 20 लीटर।
8. प्लास्टिक रील गुटका एवं प्लास्टिक कचरा (पन्नी)
9. ड्रम आयरन 200 ली.
10. ड्रम प्लास्टिक 200 ली.


# तमंचे संग गिरफ्तार छात्र की आंत फटी, एसटीएच में भर्ती

- बीते शनिवार को पुलिस ने चेकिंग के दौरान किया था गिरफ्तार
- जेल से छूटने के बाद बिगड़ी हालत, एसटीएच में भर्ती

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** एक छात्र को पुलिस ने तमंचे के साथ गिरफ्तार किया। आरोप है कि पुलिस ने उसे बुरी तरह पीटा और जेल भेज दिया। जेल में उसकी हालत बिगड़ती गई। जेल से छूटने के बाद उसे एसटीएच में भर्ती कराना पड़ गया। जहां पता लगा कि छात्र की आंत फ़टी है। अब छात्र का पिता टीपी नगर चौकी पुलिस के खिलाफ कोर्ट जाने की बात कह रहा है।

करायल जौलासाल निवासी विशाल बिष्ट एमबीपीजी कॉलेज में बीए द्वितीय वर्ष का छात्र है। 20 जनवरी की रात चेकिंग के दौरान धानपुरी चौराहे के पास से टीपी नगर चौकी प्रभारी एसआई सुशील जोशी और उनकी टीम ने विशाल को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया था। विशाल के साथ उसका दोस्त राहुल भी था। 21 जनवरी को कोर्ट के आदेश पर विशाल को जेल भेज दिया गया। विशाल के मुताबिक जेल में जाने के पहले ही दिन से उसके पेट में हल्का दर्द हो रहा था। गैस की दिक्कत समझकर उसने कुछ नहीं कहा। 27 जनवरी को विशाल के पिता भीम सिंह ने उसकी जमानत कराई।

भीम सिंह के मुताबिक घर आने के बाद उसे उल्टी और पेट दर्द की दिक्कत हुई। जब परिवार वाले उसे लेकर एसटीएच पहुंचे तो जांच में उसकी आंते फटी होने की बात सामने आई।

साथ ही पेट में ब्लीडिंग की बात भी डॉक्टरों ने कही। इसके चलते उसे तुरंत भर्ती किया गया। विशाल और उसके पिता भीम सिंह का आरोप है कि टीपी नगर चौकी प्रभारी सुशील जोशी और चौकी पर तैनात सिपाहियों ने विशाल के साथ बुरी तरह चौकी में बंद कर मारपीट की थी। भीम सिंह ने मामले में पुलिस के खिलाफ कोर्ट केस करने की बात कही है।

> मामला संज्ञान में आया है। इसकी जांच कराई जाएगी। सबसे बड़ा सवाल यही है कि युवक ने आखिर मजिस्ट्रेट के सामने बयान में क्यों अपनी बात नहीं रखी। फिलहाल जांच कराने पर जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर जो भी गलत होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। - **आईपीएस प्रह्लाद नारायण मीणा, एसएसपी नैनीताल**

### रविवार को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया

विशाल को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया गया था। रविवार को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया और मेडिकल कराने के बाद जेल भेज दिया गया था। मजिस्ट्रेट के सामने युवक ने किसी भी तरह की मारपीट की बात नहीं कही थी। युवक के साथ किसी तरह की मारपीट नहीं की गई है, यह आरोप सरासर निराधार और झूठ है।

**-एसआई सुशील जोशी, प्रभारी टीपी नगर चौकी**



काशीपुर में आईआईएम में लगे उतिष्ठा मेले में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते आईआईएम के विद्यार्थी। ● अमृत विचार



आईआईएम में आयोजित उतिष्ठा 24 मेले में प्रस्तुति देती लोक नृत्यांगना श्वेता महरा। ● अमृत विचार

# आईआईएम को मिला अटल समुदाय इनोवेशन सेंटर

## 13 कृषि-केंद्रित स्टार्टअप के लिए 15 करोड़ रुपए की फंडिंग जुटाई, आईआईएम के डायरेक्टर और फीड के प्रबंध निदेशक की प्रेस वार्ता

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** आईआईएम काशीपुर के कृषि मेला स्टार्ट-अप एक्सपो ने वित्त वर्ष 23-24 में 13 कृषि-केंद्रित स्टार्टअप के लिए लगभग 15 करोड़ रुपए की फंडिंग जुटाई। साथ ही एक उत्तराखंड में हब एंड स्पोक मॉडल स्थापित किया। भारत सरकार के नीति आयोग ने आईआईएम काशीपुर को अटल समुदाय इनोवेशन सेंटर प्रदान किया है।

रविवार को आईआईएम में आयोजित दो दिवसीय कृषि मेला स्टार्ट-अप एक्सपो उत्तिष्ठ 2024 बड़े धूमधाम से संपन्न हो गया। इस अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में आईआईएम के डायरेक्टर प्रो. कुलभूषण बलूनी ने कहा कि आईआईएम काशीपुर स्टार्टअप इकोसिस्टम को समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिसमें और अधिक शैक्षिक सदस्यों को शामिल करके इंक्यूबेटिज को प्रशिक्षित करना और उन्हें हर संभावना से योगदान और समर्थन प्रदान करना शामिल है। भारत सरकार का निरंतर समर्थन उच्च शिक्षा संस्थानों में इंक्यूबेटर्स की गतिविधियों को बनाए रखने के लिए आवश्यक है। फीड ने अपने संगठन की शुरुआत से ही 2018 में 189 स्टार्टअप्स को इंक्यूबेट किया है, जिससे 3000 से अधिक नौकरियां बनी हैं। आईआईएम काशीपुर ने पहले ही 7 लाख किसानों पर प्रभाव डाला है। फीड के प्रबंध निदेशक प्रो. प्रोफेसर सफल बत्रा ने कहा कि पूरे भारत में हम कुशल उद्यमिता के नेता के रूप में पहचाने जाते हैं। भारत सरकार के नीति आयोग ने आईआईएम काशीपुर को अटल समुदाय इनोवेशन सेंटर प्रदान किया है। हम उत्तराखंड के ग्रासरूट स्तर पर किसान उत्पादक संगठनों के साथ काम कर रहे हैं, हम 15 एफपीओ को प्रशिक्षित करने की योजना बना रहे हैं। भविष्य में यह केंद्र उन उपलब्धियों के रूप में प्रमुख होगा जो इसने प्राप्त की है।



आईआईएम में प्रेस वार्ता करते डायरेक्टर प्रो. कुलभूषण बलूनी व प्रो. सफल बत्रा।

### इंडिया सीड फंड योजना में 13 स्टार्टअप को मंजूरी

**काशीपुर।** स्टार्टअप सहायता योजनाओं के तहत स्टार्टअप्स ने कुल 14.6 करोड़ रुपए की फंडिंग जुटाई। जिनमें से कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा आरकेवीवाई रफ्तार रबी योजना द्वारा वित्त वर्ष 23-24 में 13 कृषि स्टार्टअप को 1.30 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना के तहत 13 स्टार्टअप को मंजूरी दी गई।

### छह साल में 200 स्टार्टअप को दिया प्रशिक्षण

काशीपुर। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की आरकेवीवाई रफ्तार रबी योजना के तहत आईआईएम काशीपुर फीड ने 2018 में अपनी स्थापना के बाद से 200 स्टार्टअप्स को फंडिंग और व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया है, जिसमें कृषि-केंद्रित फोकस वाले 68 स्टार्टअप शामिल हैं।

### आईआईएम में रही उत्तिष्ठा 24 की धूम

काशीपुर। भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) में दो दिवसीय उत्तिष्ठा 24 का सफलतापूर्वक समापन हो गया। दूसरे दिन रविवार को स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए एक मेले का भी आयोजन किया गया। इसमें लोगों ने जमकर खरीदारी की। वहीं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए। जिसमें लोक कलाकार शिल्पी माहरा व राकेश खनवाल ने लोक गीत गाकर समा बांध दिया। आईआईएम परिसर में लगे मेले में उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों के साथ-साथ देशभर के विभिन्न जगहों से कई स्टार्टअप व स्वयं सहायता समूह के प्रतिनिधि पहुंचे। जिन्होंने अपने उत्पादों की मेले में आए लोगों को जानकारी दी और बिक्री की। मेले में लोगों ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। वहीं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्रों ने मेले में आए लोगों को नशे व शिक्षा आदि के प्रति जागरूक भी किया। इसके अलावा मंच पर उत्तराखंड के लोक कलाकार शिल्पी माहरा व राकेश खनवाल ने लोक गीत गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इधर छात्रों व स्कूली बच्चों ने कई रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। उत्तराखंड की पहाड़ियों से 100 होनहार कृषि-स्टार्टअप और समुदाय-केंद्रित व्यवसायों ने कृषि मेले में भाग लिया और अपने सामान और सेवाओं का प्रदर्शन किया।

# आईआईएम में दिखा उत्तराखंड की संस्कृति व परंपरा का संगम

अर्शी खान, काशीपुर

**अमृत विचार:** काशीपुर के भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) में लगे उतिष्ठा महोत्सव में जहां कई स्टार्टअप कृषि व टेक्नोलॉजी को लेकर अपने उत्पादों को प्रदर्शित करते देखे गये। वहीं उत्तराखंड के पहाड़ों की संस्कृति व परंपरा का संगम भी कई स्टार्टअप में देखने को मिला। इन स्टार्टअप से जहां उत्तराखंड के कल्चर को बढ़ावा मिल रहा है, वहीं उत्तराखंड के स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्रदान हो रहे हैं। आईआईएम काशीपुर भी इन स्टार्टअप को मंच प्रदान कर आगे बढ़ाने में लोगों की मदद कर रहा है।



अपने स्टाल पर ऐपण से निर्मित सजावटी सामान के साथ दीपा मटेला।

### दीपा ने बनाया ऐपण को रोजगार का जरिया

महोत्सव में मूल रूप से अल्मोड़ा व वर्तमान में रुद्रपुर निवासी दीपा मटेला ऐपण बनाकर पहाड़ की संस्कृति परम्परा को संजो रही हैं। दीपा हर तीज त्यौहारों के ऐपण बनाकर लोगों तक साझा करती हैं। दीपा मटेला रक्षाबंधन पर्व, दीपावली, करवा चौथ जैसे त्यौहारों को ऐपण बनाकर खास बनाती हैं। ऐपण से बनी राखी जिसमें दाज्यू, भुला, भैजी, ब्रो, प्यारा भाई नाम लिखकर लोगों की मांग होने पर पूरे प्रदेश, देश व विदेशों तक भेजती हैं। वहीं करवा पर्व पर पूजा की थालियों, छनियां व लोटे पर अलग-अलग डिजाइन बनाकर नजदीकी दुकानों में बेचती हैं। साथ ही कई सजावट के सामान जैसे घड़ी, नेम प्लेट व फोटो फ्रेम, कप, मोबाइल कवर, कीचैन इत्यादि में भी दीपा ऐपण बना उन्हें आकर्षक रूप दे रही हैं। दीपा द्वारा ऐपण से सजे उत्पादों की धूम देश के साथ विदेशों तक है। दीपा बताती है कि उन्होंने सबसे पहले ऐपण से निर्मित राखी बना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजी थी। जिनसे उन्हें प्रशस्ति पत्र भी मिला है। उन्होंने कई उत्पादों पर भी ऐपण बना उन्हें ऑनलाइन बेचना शुरू कर दिया। बताया कि वह इस कार्य में वह 10 महिलाओं को जोड़कर रोजगार मुहैया करा रही है।



उत्पादों की जानकारी देती बुआ जी मशरूम की फाउंडर प्रीति रिनवी।

### प्रीति का मशरूम, पहाड़ी नमक हो रहा लोकप्रिय

आईआईएम काशीपुर के उतिष्ठा महोत्सव में पहुंची ग्राम चौगान पाटा, रानीबाग, नैनीताल के बुआ जी मशरूम की फाउंडर प्रीति रिनवी बताती है कि उत्तराखंड के उत्पादों को लोगों तक पहुंचाने के लिए उन्होंने बुआ जी मशरूम की स्थापना की। उनको यह आइडिया पड़ोस में रहने वाली बसंती बुआ को देखकर आया, जो आर्थिक तंगी से निपटने के लिए पहाड़ के तेजपत्ते को बाजार में बेचा करती थी। वर्तमान में उनकी मौत हो चुकी है। लेकिन उत्तराखंड के गांव में होने वाले उत्पादों के प्रचार-प्रसार के उनके सपने को आज वह साकार करने में जुटी हुई हैं। उनके संस्थान में आसपास की 30 महिलाओं का एक समूह है। कोरोना कॉल में की गई शुरुआत आज विदेश तक पहुंच चुकी है। वहां से भी उनके उत्पादों की अच्छी डिमांड है। उनके उत्पादों में महिलाओं द्वारा तैयार मशरूम, आचार, सिल पर पिसे मसाले, पहाड़ी नमक, मंडुवे के बिस्कुट आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा कई सजावटी सामान में ऐपण कर उसे आकर्षक रूप देकर बेचा जा रहा है। जिससे स्थानीय महिलाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। वहीं शहर में रहने वाले उत्तराखंड के लोगों को पहाड़ी उत्पाद भी मिल रहे हैं।



उत्तराखंड के पारंपरिक कपड़ों व गहनों की खरीदारी करती महिलाएं।

### मयंक ऑनलाइन बेच रहे उत्तराखंडी परिधान

आईआईएम में पहाड़ की संस्कृति का संगम भी देखने को मिला। यहां मूल रूप से अल्मोड़ा के मासी गांव व दिल्ली निवासी मयंक बिष्ट भी पहुंचे हैं। जो पढ़ाई के साथ-साथ पिछले एक साल से उत्तराखंड के संस्कृति को दर्शाते पारंपरिक कपड़े व गहने अपने कुमजौनगढ़ नाम के ऑनलाइन प्लेटफार्म पर बेच रहे हैं। वह बताते हैं कि उनके पिता चंदन सिंह बिष्ट दिल्ली की एक डेयरी कंपनी में एकाउंटेंट हैं वहीं माता मधु देवी गृहणी हैं। करीब एक साल पूर्ण उनको शादी वगैरह में कुछ लोग उत्तराखंड के पारंपरिक परिधानों में दिखे। तब उन्हें उत्तराखंड के पारंपरिक परिधानों को शहर में रहने वाले लोगों तक पहुंचाने का आइडिया आया और उन्होंने कुमजौनगढ़ नाम से एक ऑनलाइन प्लेटफार्म शुरू किया और उत्तराखंड के कई प्रमुख शहरों से उत्तराखंड के पारंपरिक कपड़ों व गहने, टोपी व घर के साज-सज्जा के सामान को ऑनलाइन लाकर बेचना शुरू किया। जिसकी अब काफी डिमांड होने लगी है। उन्होंने बताया कि शहरों में रहने वाले उत्तराखंड के कई प्रसिद्ध कलाकार भी उनसे अपने एल्बमों व खास मौके पर पारंपरिक कपड़ों की डिमांड करते हैं। जो वह लोग अपने समूह में शामिल महिलाओं व लोगों द्वारा तैयार करा उपलब्ध करवाते हैं।

# उत्तराखंड के रिंगाल से बनी वस्तुएं मचा रहीं खूब धमाल



स्टार्टअप मेले में रिंगाल से बनाई वस्तुओं के साथ राजेंद्र पंत व पंकज कार्की।

कुंदन बिष्ट, काशीपुर

**अमृत विचार:** रिंगाल (बौना बांस) से बनी वस्तुएं न केवल उत्तराखंड बल्कि महाराष्ट्र और दक्षिण भारत में भी अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है। पिथौरागढ़ निवासी राजेंद्र पंत रिंगाल से कई सजावटी और घरेलू उपयोग की वस्तुएं बनाकर उत्तराखंड और बाहर के राज्यों में बेच रहे हैं।

ग्राम कमतौली पिथौरागढ़ निवासी राजेंद्र पंत ने करीब दो साल पहले हिम शिल्पी के नाम से स्टार्टअप शुरू किया। इस दौरान उन्होंने उच्च हिमालयी क्षेत्र में समुद्र तल से 1700 से 2400 मीटर की ऊंचाई में उगने वाली रिंगाल की सात प्रजातियों में से एक देव रिंगाल से घरेलू वस्तुएं बनाने का काम शुरू किया। धीरे-धीरे उन्होंने अपने बनाए उत्पाद स्थानीय स्तर पर बेचने शुरू किए। इसके बाद उन्होंने इसका सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया। अब उनके इस स्टार्टअप को आईआईएम फीड द्वारा चयनित किया गया है। स्टार्टअप के ग्रोथ के लिए उन्हें कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से 5 लाख रुपए की धनराशि भी दी गई है। राजेंद्र पंत बताते हैं कि उनके स्टार्टअप द्वारा देव रिंगाल से पूजा की टोकरी, हॉटकेस, फूलदान, कांफ्रेंस फाइल, सजावटी बल्ब समेत घरेलू उपयोग के उत्पाद बनाए जाते हैं। इतना ही नहीं ऑर्डर मिलने पर गुलदस्ते, पेंटिंग आदि भी बनाए जाते हैं, लेकिन इनकी कीमत दो से तीन हजार रुपए होती है। पंत ने बताया कि उनके स्टार्टअप से 400 से 500 किसान जुड़े हुए हैं। बताया कि एक रिंगाल का डंडा उनके पास पहुंचते-पहुंचते 10 से 11 रुपए का पड़ जाता है। उनके अलावा स्टार्टअप के दो को-फाउंडर पंकज कार्की और निर्मल भी हैं। उनका बनाया सामान मुंबई, दक्षिण भारत, गुजरात, राजस्थान समेत अन्य स्थानों पर भी विक्रय होता है।

### उत्पाद

- महाराष्ट्र और दक्षिण भारत को लोगों को भा रही रिंगाल से बनी वस्तुएं
- पिथौरागढ़ निवासी राजेंद्र पंत के हिमशिल्पी स्टार्टअप के तहत बन रही रिंगाल की आकर्षक वस्तुएं

### क्या है रिंगाल

**काशीपुर।** रिंगाल (बौना बांस) एक प्राकृतिक फाइबर है, जो उत्तराखंड के हिमालयी राज्य में समशीतोष्ण वन में पाया जाता है। इस प्राकृतिक फाइबर से इसकी लोच और लंबे समय तक चलने वाले गुणों की वजह से बड़ी बुनाई समता होती है। यह एक ऐसा वृक्ष है जो कि उत्तराखंड के स्थानीय लोगों द्वारा घरेलू व पारंपरिक वस्तुओं को बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इस वृक्ष को जंगलों से छड़िया के रूप में काट कर उनसे अलग-अलग वस्तु बनाई जाती है।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचार:** क्षेत्र के बैकुंठपुर पांच क्वार्टर निवासी युवक की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। मृतक की 9 महीना पहले ही शादी हुई थी। बैकुंठपुर पांच क्वाटर निवासी उदय हालदार (22) पुत्र मनोज हालदार शनिवार शाम अपनी रिश्तेदार महिला के साथ मोटरसाइकिल संख्या यूके 06 बीजी 2086 से चोरगलिया क्षेत्र के जंगल स्थित सूर्य मंदिर से घर आ रहा था। किशनपुर रेंज के होरई खत्ता पास लकड़ी से लदे डंपर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिससे उदय गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि महिला छिटककर दूर जा गिरी। महिला को भी काफी चोटें आई हैं। दुर्घटना के बाद हरोई खत्ता के ग्रामीणों ने डंपर को रोककर घायलों को डंपर से उपचार के लिए भेज दिया। डंपर चालक ने लालकुआं से 108 एम्बुलेंस से घायलों को सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी भेज दिया। सूचना पर परिजन भी सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी पहुंच गए। हालत गंभीर देख उदय को वहां से रेफर कर दिया गया।

देर रात परिजन उसे उपचार के लिए अन्यत्र ले जा रहे थे। लेकिन उदय की मौत हो गई। यवक की मौत से मां शुकलता व पत्नी रोशनी का रो-रोकर बुरा हाल है। दो भाइयों में मृतक छोटा था।



उदय हालदार।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

**खटीमा।** बीती देर शाम श्रीपुर बिछुआ निवासी संजीव वर्मा (22) पुत्र बैजनाथ वर्मा खटीमा आया था। वह देर शाम घर लौट रहा था। वह कुआंखेड़ा के पास पहुंचा ही था कि किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे 108 वाहन से पुलिस ने नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से मृतक के घर में कोहराम मच गया। इधर रविवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था और 26 अप्रैल को उसकी शादी तय थी।

# भाजपाइयों ने सुनी पीएम के मन की बात

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने कार्यकर्ताओं के साथ लालपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 107वें एपिसोड कार्यकर्ताओं के साथ सुना।

रविवार को कार्यक्रम के बाद भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक चुघ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गणतंत्र दिवस से लेकर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बात की। साथ ही कहा कि हमारे संविधान के 75 वर्ष हो रहे हैं और सुप्रीम कोर्ट के भी 75 वर्ष हो रहे हैं। हमारे लोकतंत्र के ये पर्व 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' के रूप में भारत को और सशक्त बनाते हैं। भगवान राम को याद करते हुए पीएम ने बताया कि संविधान के तीसरे अध्याय के शुरुआत में हमारे संविधान निर्माताओं ने भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण जी के चित्रों को स्थान दिया था, प्रभु राम का शासन, हमारे संविधान निर्माताओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत था। इसलिए 22 जनवरी को अयोध्या में मैंने 'देव से देश' की बात की थी, राम से राष्ट्र की बात की थी, अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर ने देश के करोड़ों लोगों को एक सूत्र में बांधा। इस दौरान कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



लालपुर में कार्यकर्ताओं के साथ पीएम मोदी के मन की बात सुनते चुघ। ● अमृत विचार

**व्यापार मंडल चुनाव** | महामंत्री-कोषाध्यक्ष पर नहीं हुआ नाम वापस, पांच प्रत्याशियों ने शुरू किया जनसंपर्क

# जोड़तोड़ के बाद भी नहीं माने कोई प्रत्याशी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** 11 साल बाद रुद्रपुर व्यापार मंडल चुनाव में संजय जुनेजा के लगभग निर्विरोध अध्यक्ष बनना तय होने के बाद अब रुद्रपुर व्यापार मंडल पर महामंत्री और कोषाध्यक्ष पर चुनावी टक्कर होने की संभावना है, क्योंकि जोड़तोड़ की राजनीति के बाद किसी भी प्रत्याशी ने अपना नाम वापस नहीं लिया और चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है।

इसके बाद अब रुद्रपुर व्यापार मंडल चुनाव में पांच प्रत्याशियों के बीच सीधी टक्कर होगी और जिसका परिणाम चार फरवरी को आएगा। इसके लिए चुनाव संचालन समिति ने सारी तैयारी पूर्ण कर ली है।

बताते चलें कि 25 जनवरी को नामांकन पत्र दाखिल करने की तिथि थी। जिसमें अध्यक्ष पद पर कोई भी नामांकन पत्र नहीं बिकने के कारण निवर्तमान अध्यक्ष संजय जुनेजा का निर्विरोध अध्यक्ष चुना जाना लगभग तय हो चुका है। मगर महामंत्री पद पर हरीश अरोरा और मनोज छाबड़ा के अलावा कोषाध्यक्ष पद पर पवन गाबा पल्ली, संदीप राव और बलविंदर सिंह बल्लू ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। 26 और 27 जनवरी को नामांकन पत्र वापस की तिथि घोषित हुई थी। उससे पहले दोनों ही पदों के दावेदारों ने जोड़तोड़ की राजनीति की और प्रतिद्वंद्वी को नाम वापस करने की हर कोशिश की। बावजूद किसी ने भी नाम वापसी नहीं किया। इसके बाद अब रुद्रपुर व्यापार मंडल पर महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद पर पांच दावेदार बचे हुए है। जिनके बीच कांटे की टक्कर मानी जा रही है। मुख्य चुनाव अधिकारी सुरमुख सिंह विर्क ने बताया कि नामांकन पत्र वापस होने का समय बीत चुका है और अब किसी भी प्रकार का नामांकन वापस नहीं होगा। महामंत्री व कोषाध्यक्ष पद पर पांच प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। चार फरवरी को जनता इंटर कॉलेज सभागार में मतदान और मतगणना की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। इसकी चुनाव संचालन समिति ने सारी तैयारी पूर्ण कर ली है।



मंचासीन चुनाव संचालन समिति। ● अमृत विचार

## पॉश कॉलोनी में छात्रों के दो गुटों में हुआ विवाद बढ़ा

**रुद्रपुर।** शनिवार शाम पॉश कॉलोनी के रहने वाले छात्र का बाहर के कुछ छात्रों से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि छात्रों का झगड़ा परिवार तक पहुंच गया और गुस्साए युवकों ने पॉश कॉलोनी पहुंचकर छात्र को पीटने की योजना बना डाली। विवाद की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दो युवकों को हिरासत में लेकर पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई कर दी। बताया जा रहा है कि विवाद में कॉलोनी के अध्यक्ष से भी धक्का-मुक्की होने की बात सामने आई है।

काशीपुर हाईवे स्थित एलायंस कॉलोनी के रहने वाले एक छात्र का विवाद कुछ छात्रों से हो गया। बताया जा रहा है कि विवाद जब युवक के परिवार तक पहुंचा तो अभिभावकों ने भी छात्रों से हाथापाई कर दी। इसके बाद दूसरे गुट के छात्रों का पारा भी चढ़ गया और रविवार की सुबह 10 से 12 युवक कॉलोनी पहुंचे और विवादित छात्र को पीटने की योजना बनाने लगे। बताया जा रहा है कि पंचायत के दौरान कॉलोनी के अध्यक्ष और दूसरे गुट में विवाद होने लगा और नौबत धक्की-मुक्की तक पहुंचने लगी। जिसकी सूचना मिलते ही कोतवाल धीरेंद्र कुमार पुलिस बल के मौके पर पहुंचे और दो युवकों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आए।




### वर्ष 2016 में भी नहीं टपकी थी बारिश की एक बूंद, हर साल जनवरी माह में होनी चाहिए 30 मिलीमीटर औसत बारिश

# तराई में सात साल बाद जनवरी माह में बारिश शून्य

बीरेन्द्र बिष्ट, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** तराई में जनवरी माह में बारिश शून्य होने का पिछले सात साल बाद रिकॉर्ड टूटने जा रहा है। कारण अब तक एक मिलीमीटर भी बारिश नहीं हुई है। वर्ष 2016 में भी बारिश की एक बूंद नहीं टपकी थी। यही हाल वर्ष 2024 का भी। इस बार भी अब तक बारिश नहीं हुई है। जबकि हर वर्ष जनवरी माह में औसत बारिश 30 मिलीमीटर होनी चाहिए।

जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम विभाग के आंकड़ों पर नजर डाले तो वर्ष 2016 में अधिकतम औसत 20.6 और न्यूनतम औसत 6.5 मिलीमीटर बारिश होनी थी, लेकिन माह के अंत तक बारिश की एक बूंद भी नहीं टपकी। इसी तरह वर्ष 2017 से वर्ष 2023 तक जनवरी माह में बारिश अधिकतम और न्यूनतम औसत बारिश से अधिक हुई है या फिर उसके आसपास हुई है। वहीं वर्ष 2024 में अधिकतम औसत 14.7 और न्यूनतम औसत 7.2 मिलीमीटर बारिश होनी थी, लेकिन अभी तक बारिश नहीं हुई है।

जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार हर वर्ष जनवरी माह में सामान्य बारिश 32 मिलीमीटर तक होती है, जबकि औसत बारिश 30 मिलीमीटर तक होती है। लेकिन इस बार अलनीनो के कारण पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं हो पाया। इस कारण बारिश नहीं हो पा रही है। एक माह पूर्व पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ था, लेकिन अलनीनो के कारण उत्तराखंड तक नहीं पहुंचा।

इधर बारिश न होने से जहां किसान परेशान हैं वहीं तराई में कोहरे की मार खेती को चौपट कर रही है।

#### जनवरी माह में किस वर्ष कितनी हुई बारिश

| वर्ष | बारिश (मिमी.में) |
|---|---|
| 2016 | शून्य |
| 2017 | 60.4 |
| 2018 | 6.8 |
| 2019 | 14.2 |
| 2020 | 118.2 |
| 2021 | 18.6 |
| 2022 | 98.9 |
| 2023 | 15.7 |
| 2024 | शून्य |

#### पिछले 24 साल में पांचवी बार बना शून्य बारिश का रिकॉर्ड



रुद्रपुर। जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार वर्ष 2001 से अब तक अगर बारिश के आंकड़ों को देखें तो वर्ष 2006 और 2007 में शून्य बारिश रिकॉर्ड की गयी थी। इसके बाद वर्ष 2009 और 2016 में शून्य बारिश रिकॉर्ड की गयी। इस वर्ष भी अब तक शून्य बारिश हुई है।

"तराई में 24 साल में अब तक चार बार बारिश का रिकॉर्ड शून्य रहा था। इस बार भी अब तक शून्य बारिश रिकॉर्ड हुई है। इसका कारण अलनीनो के कारण पश्चिमी विक्षोभ का सक्रिय नहीं होना है।"
-डॉ.आरके सिंह, मौसम वैज्ञानिक, ऊधमसिंह नगर

# कोहरे से जनजीवन प्रभावित

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र में घने कोहरे व शीतलहर से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बाजार में लोगों की आवाजाही कम रही। व्यापारी व आम लोग सामूहिक रूप से अलाव जलाकर ठंड से बचाव कर रहे हैं।

विदित हो कि 28 दिसंबर से लगातार सुबह घने कोहरे से सड़कों पर वाहनों की संख्या कम रहती है। सिडकुल व रुद्रपुर में कार्यरत कर्मचारी एवं जरूरतमंद लोग अपने वाहनों से आवाजाही कर रहे हैं। अधिकांश लोग सुबह घने कोहरे व दिन में आकाश में धुंध छाए रहने से घरों से नहीं निकल रहे। इस दौरान अघोषित विद्युत कटौती से भी लोग परेशान हैं। जिससे लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं। दुकानदार शाम होते ही दुकानों को बंद कर घरों को चले जाते हैं। सवारियां कम मिलने से मैजिक, टेंपो व ई-रिक्शा सड़कों पर कम दिखायी दे रहे हैं।



दिनेशपुर में रविवार सुबह कोहरे में वाहनों की आवाजाही कम रही। ● अमृत विचार

#### जसपुर में कोहरे ने बढ़ाई ठंड

**जसपुर।** रविवार को भी नगर व ग्रामीण क्षेत्र में सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा। जिससे शीतलहर का प्रकोप जारी रहा। शीतलहर से जनजीवन काफी प्रभावित हुआ। ठंड से बचने के लिए लोग जगह-जगह अलाव सेंकते देखे गए।

# महंत और सेवादार की हत्या में पूर्व सेवादार समेत तीन गिरफ्तार

### एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने किया बाबा भारामल मंदिर में हुए दोहरे हत्याकांड का खुलासा, पुलिस ने आरोपियों से बरामद की लूटी नगदी, इंटरनेट डोंगल, मोबाइल व दरांती

खुलासा

**04** जनवरी को हत्यारों ने लाठी-डंडों से पीटकर कर दी थी महंत हरी गिरी और सेवादार रूप सिंह की नृशंस हत्या

**25** दिसंबर को मंदिर में भंडारे के दौरान शराब पीने पर महंत ने लगाई थी आरोपियों को डांट, इससे नाराज थे आरोपी

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** पुलिस और एसओजी की टीम ने तीन सप्ताह पूर्व बाबा भारामल मंदिर के महंत बाबा हरिगिरी और सेवादार रूप सिंह के दोहरे हत्याकांड के तीनों आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने बरामद किए रुपये, मोबाइल, इंटरनेट डोंगल, दरांती, टॉर्च सहित अन्य सामान बरामद किया।

थाना झनकईया में दोहरे हत्याकांड का खुलासा करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने कहा कि पुलिस के लिए यह दोहरा हत्याकांड एक ऐसा चैलेंज बन गया था जिसका सुराग लगाना कठिन था। यह भी कहा कि खुलासे में एसओजी और पुलिस ने जो काम किया है वह वास्तव में सराहनीय है। उन्होंने बताया कि हत्याकांड के खुलासे के लिए जिले के आठ थानाध्यक्ष, एसओजी, एनटीएफ प्रभारियों के साथ 15 टीमों को गठन किया गया था। उन्होंने बताया कि हत्याकांड के खुलासे में तकनीकी सर्विलांस, फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वाड के साक्ष्य अहम रहे हैं। उन्होंने कहा कि घटनास्थल के दिन घटनास्थल के मोबाइल नंबरों को ट्रेस कर लगभग 1200 लोगों से पूछताछ के बाद एक हजार से अधिक अपराधियों का सत्यापन व पूछताछ, सीसीटीवी कैमरा की जांच आदि के बाद तीन को चिन्हित किया गया। जिनमें कालीचरण, पवन और रामपाल निवासी पीलीभीत के नाम प्रकाश में आए। पुलिस ने इन तीनों को शनिवार की रात्रि को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्यारों के पास से मंदिर से लूटे गए रुपए, इंटरनेट डोंगल, बाबा हरिगिरी का बैग, शाल, एक आधार कार्ड, पहचान पत्र, नन्हें का पैन कार्ड और मंदिर की पर्ची, प्रयुक्त की गई दरांती और टॉर्च बरामद की है।

एसपी मंजूनाथ ने बताया कि कालीचरण व रामपाल सगे भाई हैं। जिनमें कालीचरण पूर्व में भी पांच वर्षों तक बाबा भारामल मंदिर पर सेवादार के रूप में रह चुका है। उन्होंने कहा कि भंडारे के समय 25 दिसंबर को आरोपी यहां आए और मंदिर परिसर में शराब का सेवन कर रहे थे। जिसपर बाबा हरिगिरि ने उन्हें डांटकर भगा दिया। बाद में वह भंडारे में भी आए और चढ़ावे के पैसों को देखकर उनमें लालच आ गया और उन्होंने इस घटना को अंजाम देने का मन बना लिया। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपी 4 जनवरी को पीलीभीत से एक वाहन में बैठकर खटीमा पहुंचे और ऑटो तथा पैदल चलकर शाम के समय बाबा भारमल मंदिर पहुंचे तथा आसपास छिप गए। रात्रि करीब 11 बजे वह घटनास्थल पर पहुंचे और घटना को अंजाम दिया।

उन्होंने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद सूखी नदी पुल को पार कर जंगल में छुप गए और सुबह खटीमा पहुंचकर ट्रेन से पीलीभीत चले गये। उन्होंने बताया कि आरोपी पवन पीलीभीत के सुनगढ़ी थाने का हिस्ट्रीशीटर और गैंगस्टर भी है और उस पर इस थाने में आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। पुलिस की सफलता पर समस्त उच्च अधिकारियों ने टीम पर पुरस्कार की घोषणा की है।



खटीमा में भारामल मंदिर के महंत सहित दोहरे हत्याकांड के आरोपियों के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार



खटीमा में हुए दोहरे हत्याकांड का खुलासा करने पर एसएसपी का आभार जताते बाबा हरी गिरी के भाई संतलाल। ● अमृत विचार



खटीमा में हुए दोहरे हत्याकांड का खुलासा होने के बाद पुलिस अधिकारियों का आभार जताते साधुसंत व अन्य लोग।

#### बाबा हरीगिरी के इंटरनेट डॉगल ने पहुंचाया हत्यारों तक

**खटीमा।** बाबा भारमल मंदिर के महंत बाबा हरी गिरी और सेवादार रूप सिंह बिष्ट के दोहरे हत्याकांड के खुलासे को लेकर पुलिस लगातार प्रयासरत कर रही थी। पुलिस ने करीब 1200 लोगों से पूछताछ की और उधम सिंह नगर, पीलीभीत सहित यूपी के कई क्षेत्रों के 1000 से अधिक अपराधियों की छानबीन की गई। पांच छह दिन पहले पुलिस को ऐसा क्लू मिला जिसपर चलकर पुलिस अपराधियों तक पहुंच सकी। यह रास्ता था बाबा हरीगिरी द्वारा प्रयुक्त किया जाने वाला इंटरनेट डॉगल। नैनीताल पुलिस के कांस्टेबल अनिल गिरी और उधम सिंह नगर पुलिस के कांस्टेबल भूपेंद्र आर्य ने बाबा हरी गिरी के इंटरनेट डोंगल का पता चला। जिन्होंने डोंगल पर काम करना शुरू किया। अपराधी चोरी के समय यह डोंगल भी अपने साथ ले गए थे जो मुख्य मार्ग पर आने के साथ ही रेंज में आ जाने से ऑन हो गया था। जिस पर पुलिस तीनों अपराधियों को पकड़ने में सफल हुई।

#### हत्याकांड के खुलासे में ये रहे शामिल

**खटीमा।** भारामल मंदिर के महंत हरिगिरी महाराज और सेवादार की हत्या का खुलासा करने में पुलिस अधीक्षक अपराध चंद्रशेखर घोटके, पुलिस अधीक्षक नगर रुद्रपुर मनोज कत्याल पुलिस अधीक्षक काशीपुर अभय प्रताप सिंह, सहायक पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर, प्रभारी निरीक्षक प्रकाश सिंह दानू, आईटीआई प्रभारी प्रदीप कोश्यारी, बाजपुर प्रभारी नरेश चौहान, कुंडा प्रभारी निरीक्षक दिनेश फर्त्याल, सितारगंज प्रभारी भूपेंद्र सिंह बृजवाल, अशोक कुमार, झनकईया थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट, थानाध्यक्ष नानकमत्ता देवेंद्र गौरव, थानाध्यक्ष पुलभट्टा कमलेश भट्ट, चौकी प्रभारी लोहियाहेड प्रदीप शर्मा, बाजार चौकी प्रभारी संदीप पिलख्वाल, ललित बिष्ट, पंकज महर, विपुल जोशी, महेश कांडपाल, कीर्ति भट्ट, मनोज देव, संजय सिंह, विजेंद्र कुमार, प्रियांशु जोशी, नीरज सामंत, तारा दत्त कापड़ी, तपेंद्र जोशी, राजेंद्र जोशी, ताजुद्दीन, चंदन सिंह, निशा बिष्ट, मो इरफान, नवीन टम्टा, नीरज शुक्ला, राकेश खेतवाल और फिरोज खान, नैनीताल टीम से अनिल गिरी व भानु प्रताप कोहली, चंपावत से नासिर, एनटीएफ टीम के प्रभारी राजेश पांडे, संतोष रावत सहित एसओजी टीम के प्रभारी भारत सिंह, मनोज धोनी, भुवन पांडे, भूपेंद्र आर्य, पंकज बिनवाल, कुलदीप सिंह, मोहन बोरा, वीरेंद्र रावत, कुलदीप कुमार, नीरज भोज, ललित कुमार और राजेंद्र कश्यप शामिल रहे।

#### डीजीपी, डीआईजी ने की पुरस्कार की घोषणा

**खटीमा।** महंत हरी गिरी बाबा भारमल मंदिर के दोहरे हत्याकांड का खुलासा करने पर पुलिस टीम को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने 2500 रुपए, डीआईजी डॉ योगेंद्र सिंह रावत ने 5000 रुपए के नगद पुरस्कार की घोषणा की है। एसपी मंजूनाथ टच ने बताया कि डीजीपी द्वारा भी पुरस्कार की घोषणा की है लेकिन कितनी राशि है फिलहाल यह नहीं बताया गया है।

**आरोपियों से बरामद सामग्री:** पुलिस ने महंत हरी गिरी महाराज के हत्यारों में रामपाल से 4800 की नगदी के साथ एक टॉर्च और एक नारंगी पट्टी बरामद की।

# मंदिर के चढ़ावे को देख बिगड़ी नीयत, बनाया हत्या का प्लान

#### वारदात

- वारदात वाले दिन पहले टैंपो और फिर पैदल मंदिर पहुंचे आरोपी
- कुटिया में चोरी के दौरान खुल गई थी महंत हरी गिरी की नींद

#### एसएसपी ने अनिल गिरी और भूपेंद्र को दी शाबासी

**खटीमा।** बाबा भारामल मंदिर के दोहरे हत्याकांड का खुलासा करते हुए नैनीताल पुलिस के कांस्टेबल अनिल गिरी और उधमसिंह नगर पुलिस के कांस्टेबल भूपेंद्र आर्य द्वारा इंटरनेट पर किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि अनिल गिरी द्वारा इंटरनेट पर किए गए कार्य बेहद सराहनीय रहा जिससे हम अपराधियों तक पहुंच सके।

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** बाबा भारामल मंदिर के बाबा हरिगिरी महाराज और उनके सेवादार की हत्या की नींव मंदिर पर आयोजित होने वाले तीन दिन के रामायण पाठ और भंडारे के समय ही पड़ गई थी। जब मंदिर के भंडारे में आए चढ़ावे को देख कालीचरण और रामपाल के मन में लालच आई। दो दिन पहले मदिरा सेवन पर डांट कर भाग चुके थे जिसे लेकर वह महंत हरि गिरी से भी गुस्सा थे।

बाबा भारामल मंदिर पर 26, 27 व 28 दिसंबर को रामायण पाठ और भव्य भंडारे का आयोजन किया जाना था। इससे एक दिन पूर्व पकड़िया नौगांव, टीपी नगर जिला पीलीभीत निवासी कालीचरण और राजीवनगर कालोनी, सुनगढ़ी जिला पीलीभीत निवासी पवन कुमार मंदिर पर पहुंचे। उन्होंने वहां मदिरा का सेवन किया। जिस पर बाबा हरिगिरि ने उन्हें वहां से डांट फटकार कर भगा दिया लेकिन वह भंडारे में शामिल हुए। उन्होंने भंडारे में चढ़ावे की रकम को देखकर चोरी का मन बना लिया। यहां से लौटने के बाद उन्होंने रामपाल को भी अपने साथ शामिल कर चोरी की योजना बना डाली। बता दें कि रामपाल और कालीचरण दोनों सगे भाई हैं और कालीचरण बाबा भारामल मंदिर पर करीब पांच साल तक सेवादार के रूप में कार्य कर चुका है। इन तीनों ने मिलकर चोरी की योजना बनाई और चार जनवरी को पीलीभीत से एक मैजिक में बैठकर खटीमा पहुंचे। जहां से उन्होंने ऑटो रिक्शा लेकर सूखी नहर तक पहुंचे और पैदल चलकर मंदिर पर पहुंच गए। उन्होंने दरांती से पेड़ से डंडे काटे और रात करीब 11 बजे मंदिर में पहुंचकर बाबा हरी गिरी की कुटिया में चोरी को अंजाम देने लगे उसी दौरान बाबा जाग गए तो उन्होंने डंडे से हमला कर उनकी हत्या कर दी। हो हल्ला मचने पर वहां सेवादार नन्हे भी पहुंचा और उन्होंने उसे भी डंडों से पीट कर गिरा दिया और उसे मरा समझ कर दानपात्र से पैसे निकालने लगे। इसी बीच दूसरा सेवादार रूप सिंह बिष्ट को आता देख उसकी भी डंडों से पिटाई की। जिसने कुछ विरोध भी किया जिस पर उसे बुरी तरह पीटकर मार डाला। घटना को अंजाम देने के बाद तीनों सुखी नदी पुल पार कर जंगल में छुप गए और छुपते-छुपाते खटीमा पहुंचकर ट्रेन से पीलीभीत चले गए। डर हत्याकांड के खुलासे के समय झनकईया थाने में भारी संख्या में क्षेत्र की जनता और साधु संत इकट्ठे हुए थे और पुलिस द्वारा खुलासा करने पर उन्हें ने उन्होंने पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा की। आरोपी रामपाल बरखेड़ा जिला पीलीभीत के श्मशान घाट में और हर बाबा के रूप में रह रहा है जबकि कालीचरण और पवन मजदूरी कर ने का काम करते हैं।

साइबर ठगी | पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की

# साइबर ठग ने उड़ा लिए 2 .41 लाख रुपये





संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** एक एडवर्टाइजिंग ग्रुप के माध्यम से 2.41 लाख रुपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। मामले में एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के आधार पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

आईटीआई थाना पुलिस को दी तहरीर में प्रकाश सिटी निवासी मोनिका ने कहा है कि 8 व 9 दिसंबर 2023 उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक एडवरटाईज क्लिक की थी। जिसके बाद साइबर ठग ने व्हाट्सअप पर चैट करना शुरू कर दिया। उसने एक व्हाट्सअप नंबर से उन्हें टेलीग्राम ग्रुप ज्वाइन कराया और उनसे ग्रुप के लिंक पर जाकर अकाउंट रजिस्टर करवा दिया। इस अकाउंट पर उनके द्वारा कई बार रिचार्ज टास्क किया गया। पैसा कमीशन के साथ उनके द्वारा बनाए गए पैसा अकाउंट में जमा हो रहे थे। जिसमें अभी भी 5.15 लाख रुपये की राशि दर्शाई जा रही है। 9 दिसंबर 2023 को महिला ने अपनी जमापूंजी निकालने की कोशिश की, तो वह पैसा नहीं निकला। मोनिका का कहना है कि इस लिंक पर उसने अपने दो खातों व पति के खाते से 2.41 लाख रुपये की राशि ट्रांसफर की है। और अब महिला से कुल राशि को निकालने के लिए और धन की मांग की जा रही है। साइबर ठगों ने उनके साथ धोखाधड़ी की है। उन्होंने इस संबंध में तत्काल साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा दी थी। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### महिला से ऑनलाइन ठगे 65 हजार रुपये

**काशीपुर।** पाकिस्तानी नंबर से व्हाट्सअप कॉल कर साइबर ठगों ने एक वृद्ध महिला को उसके बेटे को पुलिस द्वारा पकड़े जाने का खौफ दिखाकर 65 हजार रुपये का चूना लगा दिया। महिला ने मामले में पुलिस से शिकायत की है। साथ ही साइबर सेल में भी तहरीर दी है। कटोराताल निवासी एक महिला के पास शनिवार को एक पाकिस्तानी नंबर से व्हाट्सअप कॉल आई। जिसमें एक पुलिस अधिकारी की फोटो लगी हुई थी। फोन करने वाले ने महिला को बताया कि उसके दोनों बेटे पुलिस के पास हैं और उनको किसी मामले में फंसा देंगे। जबकि महिला के बेटे उस समय रामनगर गये हुए थे। वहीं कॉलर ने बेटों को छुड़ाने के लिए महिला से दो लाख रुपये की मांग भी की। कॉलर की बातों में आकर महिला ने घर में रखे कैश 65 हजार रुपये ले जाकर साइबर कैफे से कॉलर अनुसार खाते में डाल दिये। बाद में रामनगर से आये महिला के बेटों का हकीकत पता चली, तो उन्हें ठगी का एहसास हुआ। जिसके बाद उन्होंने मामले की शिकायत साइबर सेल व पुलिस से की। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

# 31 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** प्रभारी जिलाधिकारी विशाल मिश्रा के निर्देश के बाद खाद्य विभाग की टीम ने ऊधमसिंह नगर के जनपद के विभिन्न स्थानों में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने 31 खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए और एक कारोबारी को लाइसेंस नहीं होने पर नोटिस थमाया है।

रविवार को निरीक्षण के बाद जिला अभिहित अधिकारी प्रकाश चंद्र फुलारा ने बताया कि रुद्रपुर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्या के नेतृत्व में टीम ने शहर में दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने 14 खाद्य पदार्थों के सैंपल जांच के लिए हैं। उन्होंने कारोबारी को बिना लाइसेंस के खाद्य का कारोबार करने पर नोटिस थमाया है। इसी तरह बाजपुर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी पवन कुमार ने निरीक्षण के दौरान संदेह होने पर खाद्य पदार्थों के पांच सैंपल लिये हैं। इसके अलावा 35 पैकेट मसाले जो बेस्ट विफोर तिथि के मिले जिसे मौके पर ही नष्ट किये गये हैं। सितारगंज में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अपर्णा साह ने संदेह के आधार पर खाद्य पदार्थों के 12 नमूने लिए हैं। ये सभी सैंपल मैकरोनी, तेल, मसूर दाल, पनीर, शुगर, इलायची दाना, चाय पत्ती, बिस्कुट, आटा, मसाले, दूध, मिठाई, मावा, चावल, ड्राई फूड आदि के हैं। इस दौरान टीम ने सभी कारोबारियों को मिलावटी खाद्य पदार्थ नहीं बेचने की सख्त हिदायत दी गयी है।



दुकानों में खाद्य पदार्थों का निरीक्षण करते खाद्य सुरक्षा अधिकारी। ● अमृत विचार

#### चेक बाउंस मामले में महिला को तीन माह की सजा

**काशीपुर।** एसीजे द्वितीय के न्यायालय ने चेक बाउंस मामले में दोषी महिला को तीन माह के कारावास व 4.40 लाख जुर्माना की सजा सुनाई है। गांव गंगापुर निवासी सुरेंद्र ग्रोवर ने अपने अधिवक्ता प्रयाग दर्शन रावत के माध्यम से एसीजे द्वितीय के न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया था। जिसमें कहा कि उसने फरवरी 2019 में खड़कपुर देवीपुरा निवासी एक महिला को चार लाख रुपये उधार दिए थे। उसने दिसंबर 2019 तक उधार रकम लौटाने का वायदा किया था। बावजूद इसके उसने रुपये नहीं लौटाए। तकादा करने पर आरोपी महिला ने उसे 10 फरवरी 2020 को एक चेक इलाहाबाद बैंक शाखा काशीपुर का दिया। जब उसने अपने बैंक शाखा में चेक लगाया, तो वह बाउंस हो गया। दोनों पक्षों को सुनने और साक्ष्यों का परिशीलन करने के बाद एसीजे द्वितीय की अदालत ने दोषी महिला को तीन माह कारावास व 4 लाख 40 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई। जुर्माना न देने पर पर दो माह अतिरिक्त कैद भोगनी पड़ेगी।

### सामाजिक समदर्शी संस्था ने आयोजित किया सामूहिक विवाह समारोह, गणमान्य लोगों ने नव दंपति को दिए उपहार और आशीर्वाद

# जसपुर में धूमधाम से संपन्न हुआ 6 कन्याओं का विवाह

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** सामाजिक समदर्शी संस्था ने क्षेत्र के निर्धन गरीब परिवारों की 6 बेटियों की शादी बड़े हर्षोल्लास के साथ कराई। इस दौरान संस्था के सदस्यों एवं संभ्रांत नागरिकों ने दान-दक्षिणा देने के साथ ही सुखी जीवन का आशीर्वाद देकर कन्याओं को उनके दूल्हों के साथ विदा किया।

रविवार को जसपुर के सुभाष चौक स्थित मिलन बैंक्वेट हॉल में समदर्शी संस्था के तत्वावधान में आयोजित सर्व धर्म विवाह समारोह में संस्था के सदस्यों ने 6 निर्धन कन्याओं की शादी कराई। ठाकुरद्वारा चुंगी से 6 दूल्हों को बग्गियों में बैठाकर बैंडबाजों के साथ नगर के मुख्य मार्ग से बारात की चढ़त की गई। बारात को देखने के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा और लोगों ने जगह- जगह पर बारात का फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया। सुभाष चौक पहुंचने पर संस्था के सदस्यों ने बारात का स्वागत कर दूल्हों को बग्गियों से उतारा। संस्था की डॉ. रेखा , डॉ. कविता, रेखा राजपूत, मिथिलेश, उर्मिला सिंह, मिथलेश देवी ने दूल्हों की आरती उतारी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम गौरव चटवाल, तहसीलदार शुभांगिनी, विधायक आदेश चौहान, पूर्व विधायक डॉ. शैलेन्द्र मोहन सिंघल, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य खड़क सिंह चौहान, पूर्व संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ. एमपी सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कमल चौहान, जिला महामंत्री महेश कुमार प्रजापति, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष अशोक कुमार प्रजापति आदि ने संस्था के कार्यों की सराहना कर वर-वधू को आशीर्वाद दिया।

उपाध्यक्ष गुरदेव सिंह एवं मीडिया प्रभारी प्रेम सिंह सहोता की देखरेख में सिख समाज के दूल्हों का विवाह गुरुद्वारे में कराया गया और हिन्दू लड़कियों के फेरे कोषाध्यक्ष हरकेश सिंह, संगठनमंत्री ब्रजपाल सिंह, प्रचार मंत्री बिरमल सिंह, कोमल सिंह ने विधिवत तरीके से कराए। संस्था के पदाधिकारियों एवं नागरिकों ने वर- वधू को आशीर्वाद प्रदान कर उपहार दिए। कार्यक्रम का संचालन संस्था के महासचिव डॉ. सुदेश कुमार ने किया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष आरपी सिंह, मो. यामीन, सुरेन्द सिंह, खुशीराम, हाजी राशिद हुसैन, सुरेंद्र सिंह चौहान, तरुण गहलोत, महफूज अली, नासिर हुसैन, संजय राजपूत, योगराज सिंह, राजकुमार सिंह, यशपाल सिंह, हरिओम सिंह, सुखवीर सिंह आदि मौजूद रहे।


जसपुर में समदर्शी संस्था द्वारा आयोजित सामूहिक शादी समारोह में भाग लेते संस्था के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

#### अब तक हो चुके हैं 175 कन्याओं के विवाह

**जसपुर।** समदर्शी संस्था के महासचिव डॉ. सुदेश कुमार ने संस्था की प्रगति आख्या पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्था का गठन 1999 में किया गया था। संस्था अब तक 175 जरूरतमंद कन्याओं का विवाह करा चुकी है। प्रतिवर्ष ऊनी कंबल का वितरण, प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित करने का कार्य एवं अन्य सामाजिक कार्य करती रही है।

# पुलिस ने चोरी के बाइक के साथ दो आरोपी दबोचे

### आरोपियों के पास से पुलिस ने 9 बाइक व एक स्कूटी की बरामद, आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया गया मुकदमा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** पुलिस ने दो वाहन चोरों को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की पास से चोरी की 9 बाइक व एक स्कूटी बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बता दें बीते दिनों से नगर क्षेत्र से दो पहिया वाहनों के चोरी होने का सिलसिला चल रहा था। जिसके खुलासे के लिए पुलिस की कई टीम का गठन किया गया था। सीओ अनुषा बडोला ने बताया कि कोतवाली में बाइक चोरी के दो अलग-अलग मामलों में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने बाइक चोरो की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगी हुई थी। इस दौरान शनिवार शाम को वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को दढ़ियाल रोड एक स्कूल के पास बिना नंबर प्लेट की बाइक पर दो संदिग्ध युवक आते हुए दिखाई दिये। जिन्हे रोककर पुलिस ने बाइक के कागजात मांगे, तो युवक टालमटोल करने लगे। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपियों ने बाइक चोरी की होना बताया। वही उनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की कुल 9 बाइक व एक स्कूटी भी बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम ग्राम वीरपुर कटैया निवासी वसीर अली उर्फ तन्ना व लाभ सिंह बताया।

सीओ बडोला ने बताया कि आरोपी वसीर का आपराधिक इतिहास है और उस पर पूर्व में भी एक मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनको कोर्ट में पेश किया। इस दौरान पुलिस टीम में कोतवाल मनोज रतूड़ी, एसएसआई प्रदीप मिश्रा, एसआई मनोज जोशी, सुनील सुतेड़ी, कंचन पड़लिया, सतीश उपाध्याय, कांस्टेबल रमेश पांडेय, जोगेंद्र सिंह, देवानंद, अनिल कुमार, नरेंद्र टम्टा, सुरेंद्र सिंह, एसओजी कांस्टेबल कैलाश तोमक्याल, एसपीओ विजय सिंह, अकबर व मानवेंद्र सिंह शामिल रहे।


चोरी की बरामद बाइक व आरोपियों के साथ सीओ व अन्य। ● अमृत विचार

#### रंपुरा पुलिस ने बाइक चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

रुद्रपुर। विगत दिनों इंटरप्राइजेज के सामने से हुई बाइक चोरी मामले में पुलिस ने एक पेशेवर बाइक चोर को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक बरामद कर ली है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। जानकारी के अनुसार छिनकी नौगांव किच्छा निवासी जकी अहमद ने मुकदमा दर्ज करवाते हुए बताया था कि 25 जनवरी को वह अपनी बाइक संख्या यूके-06 एल-7819 को लेकर काशीपुर रोड स्थित इंटरप्राइजेज के शोरूम गया था और बाइक को लॉक कर खड़ी कर दी थी। थोड़ी देर बाद वापस आकर देखा तो बाइक अपनी जगह पर नहीं थी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के आधार पर बाइक चोरी के आरोपी शिवम यादव निवासी भदईपुरा को गिरफ्तार कर बाइक को बरामद कर लिया। पूछताछ में पता चला कि पकड़ा गया आरोपी कई बार बाइक चोरी में जेल जा चुका है। पुलिस ने आरोपी का आपराधिक इतिहास खंगालना शुरू कर दिया है।



#### अवैध शराब बना रहा ग्रामीण गिरफ्तार

**काशीपुर।** थाना आईटीआई पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद किये है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया है। थाना आईटीआई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम छोटी बरखेड़ी में नहर किनारे शराब की भट्टी लगाकर कच्ची शराब बना रहे गांव के ही निर्मल सिंह उर्फ निम्मा को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने 50 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण भी बरामद किये हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।

## 68 पाउच शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**जसपुर।** पुलिस ने एक युवक को 68 पाउच अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार अवैध शराब की रोकथाम व इससें जुड़े लोगों की धड़पकड़ हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान चौकी सूत मिल प्रभारी धीरज टम्टा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अभियुक्त सोनू सिंह पुत्र अमरजीत सिंह निवासी भोगपुर डाम तीर्थनगर गुरुद्वारा नंबर 3, जसपुर को कासमपुर मोड़ पर मोटर साइकिल पर अवैध शराब ले जाते समय गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 68 पाउच (51 लीटर) कच्ची शराब बरामद की गई। पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 60/72 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कोतवाल आशुतोष कुमार सिंह, एसआई धीरज टम्टा, चौकी प्रभारी सुतमिल कांस्टेबल राजकुमार व यतेंद्र रावत शामिल रहे।

**वारंटी गिरफ्तार: जसपुर।** पुलिस ने न्यायिक मजिस्ट्रेट जसपुर द्वारा धारा 138 एनआई एक्ट के अंतर्गत जारी वारंट के आधार पर समीर जावेद पुत्र मो. रईस निवासी मोहल्ला पट्टी चौहान, जसपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# एनएसएस शिविर का शुभारंभ

संवाददाता बाजपुर

**अमृत विचार:** राजकीय कन्या इंटर कालेज की एनएसएस इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ जिला समन्वयक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा व प्रधानाचार्य मीता बॉस, एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी शशि बाला आदि द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया। बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

विशेष शिविर में एनएसएस के महत्व पर विस्तार से बोलते हुए बसेडा ने कहा कि स्वय सेविका अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करती है तो उसे प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सकता है। उन्होंने एनएसएस की सभी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। प्रधानाचार्य मीता बॉस ने कहा कि स्वयंसेविकाए ऐसा कार्य करे जों समाजिक क्षेत्र में दूसरो के लिए उदाहरण वन सके । वहीं समाज सेविका मुन्नी छवाण ने समाज को कुरीतियों से बचाने व जन जागरण के लिए स्वयंसेविकाओं को हमेशा तैयार रहने, जीवन सिंह द्वारा समाज में फैली बुराईयों ,कुरीतियों को दूर करने के लिए जागरुकता फैलाने पर बल दिया। संचालन गीता रावत ने किया। शिविर में विद्यालय परिसर व आसपास सफाई अभियान भी चलाया। इस मौके पर इन्द्रिरा पांडे, परमजीत कौर सैनी, पूनम शर्मा,रेनू चन्द्रा, सरिता, सुनीता डोवाल, गीताजंलि, सुनीता कंबोज, बिमला रावल आदि मौजूद रहे।


बाजपुर में एनएसएस शिविर का शुभारंभ करतीं प्रधानाचार्य मीता बास व अतिथिगण।

## उधमसिंह नगर ने नैनीताल को हराया

**किच्छा :** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ़ उत्तराखंड के तत्वावधान में सीनियर पुरुष वर्ग की जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ़ उधम सिंह नगर के जिला अध्यक्ष अजय तिवारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए किया।

उद्घाटन मैच नैनीताल बी टीम और उधम सिंह नगर ए के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर उधम सिंह नगर की टीम ने नैनीताल की टीम को पहले बल्लेबाजी का मौका दिया। नैनीताल बी की टीम ने निर्धारित 40 ओवरों में सभी विकेट खोकर 195 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी उधमसिंह नगर ए की टीम ने 2 विकेट बचाकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

# भागवत कथा सुनने को देवता भी रहते लालायित

- गांधी पार्क में प्रारंभ हुई श्रीमद भागवत कथा
- दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने किया आयोजन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी कालिंदी भारती ने कहा कि भागवत महापुराण सनातन ज्ञान की पयस्विनी है।

रविवार को दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, प्रीत ग्रोवर, ईश जिंदल, कुंदल जिंदल द्वारा किया गया और कथा पूजन विजय भूषण गर्ग, अमित जैन, अतुल गुप्ता, अरविंद गुप्ता, राजेंद्र धामी द्वारा किया गया।

कथावाचक साध्वी कालिंदी भारती ने भागवत कथा का वर्णन करते हुए बताया कि यह एक ऐसी अमृत कथा है जो देवताओं के लिए भी दुर्लभ है। इसलिए परीक्षित ने स्वर्णामृत की बजाए कथामृत की ही मांग की। उन्होंने वृंदावन का अर्थ बताते हुए कहा कि वृंदावन इंसान का मन है। कभी-कभी इंसान के मन में भक्ति जागृत होती है, परंतु वह जागृति स्थाई नहीं होती। जिसका कारण यह कि हम ईश्वर की भक्ति तो करते हैं पर वैराग्य नहीं, तड़प नहीं, भाव नहीं और ज्ञान नहीं।

मांग

### किसान कांग्रेस कमेटी से जुड़े कार्यकर्ताओं ने देहरादून में खड़गे को तलवार व दरबार साहिब का फोटो भेंट कीं

# कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे से की किसान हित में संघर्ष की अपील

संवाददाता बाजपुर

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यकर्ता सम्मेलन में किसान कांग्रेस कमेटी से जुड़े सैकड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। साथ ही खरगे को तलवार व दरबार साहिब का फोटो भेंट कर किसान हित में संघर्ष की अपील की गई।

किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लो की अगुवाई में ऊधमसिंह नगर से सैकड़ों किसान देहरादून पहुंचे और राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस किसानों की लड़ाई मजबूती से लड़ती आ रही है, जबकि भाजपा ने कृषि कानूनों से लेकर अब तक किसान का शोषण ही किया है। अनेक राज्यों में किसानों की जमीनें छीनी जा रही हैं। किसान गन्ना मूल्य सहित अन्य फसलों के दाम स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप बढ़ाए जाने की मांग करता आ रहा है, लेकिन सरकार आमजन को अन्य मामलों में उलझाकर वास्तविक मुद्दों से भटका रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा पूरे प्रदेश में किसानों की जो लड़ाई लड़ने का निर्देश दिया गया है जिस पर जल्द ही रूपरेखा बनाकर कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने किसानों के अन्य संगठनों से भी अपील की है कि वह खाद, बीज, कृषि उपकरणों व रसायनों में बढ़ती महंगाई के विरोध में मुखर हों, किसान कांग्रेस हर जगह उनका साथ देगी। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते, किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नवदीप सिंह कंग, कदीर अहमद, सत्यवान गर्ग, कुलवंत सिंह, जसवीर सिंह, हरमीत सिंह, महिपाल सिंह यादव, हामिद, अमीर अहमद, त्रिनाथ, मुशर्रफ, डीके जोशी, दलजीत सिंह, जगजीत सिंह आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।


देहरादून में मल्लिकार्जुन खड़गे को तलवार भेंट करते उत्तराखंड किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष हरमिंदर सिंह लाडी। ● अमृत विचार

#### निगम टीम ने किया सुलभ शौचालय का निरीक्षण

**काशीपुर।** नगर निगम की टीम ने सुलभ शौचालय के खिलाफ मिल रही शिकायत को लेकर शौचालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने एक शौचालय पर गंदगी देख उसको नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब दाखिल करने को कहा है। साथ ही टीम ने 11 लोगों का चालान कर 3900 रुपये जुर्माना भी वसूला। सुलभ शौचालय में गंदगी व अनियमितताओं को लेकर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत साहनी ने टीम के साथ सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन द्वारा संचालित शौचालय का निरीक्षण किया। टीम ने स्टेडियम के पास स्थित शौचालय के पास डस्टबिन में डिस्पोजल गिलास व फुल तथा शौचालय के बाहर कूड़े में आग जलाने के निशान पाए। साथ ही ठेला व्यवसायियों द्वारा प्रति व्यक्ति 10 रुपये शौचालय शुल्क वसूलने की शिकायत भी की। टीम ने प्रबंधक सुलभ इंटरनेशनल सर्विस को नोटिस देकर तीन तीन में फोटोग्राफ सहित जवाब दाखिल करने के निर्देश दिये।

## सार-संक्षेप

### डॉ. शशि जोशी को मिलेगा 'नोबेल टैलेंट इंटरनेशनल अवॉर्ड'



**बाजपुर।** नेपाल में आयोजित किए जाने वाले 'नोबेल टैलेंट इंटरनेशनल अवॉर्ड 2024' के लिए मातृभाषा कविता प्रतियोगिता में चयनित 145 रचनाकारों में से आठ प्रतिभाओं को 'नोबेल टैलेंट इंटरनेशनल अवॉर्ड' के लिए चुना गया है। इनमें जीजीआईसी बाजपुर की हिंदी अध्यापिका, साहित्यकार, कवियत्री डॉ. शशि जोशी का चयन किया गया है। उन्हें यह आवार्ड 26फरवरी को प्रदान किया जायेगा। अपने चयन पर हल्द्वानी निवासी डॉ. जोशी ने संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि ऐसे आयोजनों से भारत-नेपाल के रिश्ते मजबूत होंगे वहीं हिन्दुत्व की साहित्यक भावना को लेकर आयोजित कार्यक्रम से हिंदी का व्यापक प्रचार प्रसार हो सकेगा।

### कच्ची शराब बेचती महिला को किया गिरफ्तार

**किच्छा।** उप निरीक्षक राजेंद्र पंत को सूचना मिली कि बंडिया भट्टा क्षेत्र में एक महिला द्वारा कच्ची शराब बेच रही है। एसआई पंत के नेतृत्व में पुलिसकर्मी विजय कुमार, महिला पुलिस कर्मी रेखा एवं शालिनी की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देख शराब खरीद रहे लोग फरार हो गए। जबकि एक महिला शराब की बिक्री करती नजर आई। पुलिस ने वार्ड नंबर 5, बंडिया भट्टा, थाना किच्छा निवासी सरोज देवी को अवैध शराब की बिक्री करते रंगे हाथ पकड़ लिया।

### किरायेदार का सत्यापन न कराने पर 10 हजार रुपये जुर्माना

**जसपुर।** पुलिस द्वारा 30 किरायेदारों का सत्यापन किया गया। सत्यापन न पाये जाने पर एक मकान मालिक पर 10 हजार रुपए का जुर्माना किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे बाहरी व्यक्तियों, किरायेदारों व नौकरों के सत्यापन अभियान के अंतर्गत जसपुर पुलिस ने मोहल्ला भूप सिंह में सत्यापन अभियान चलाया। इस दौरान बाहरी व्यक्तियों, किरायेदारों व नौकरों के सत्यापन चेक किए गए तथा 30 किरायेदारों का सत्यापन किया गया।

### योजनाओं का लाभ उठाएं अनुसूचित जनजाति के लोग : राकेश



**दिनेशपुर।** अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राकेश सिंह ने बताया कि जिला चमोली के जिलाध्यक्ष कीरत सिंह भंडारी के आवास पर बैठक कर लोगों को सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने अनुसूचित जनजाति के लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। रविवार को चमोली से लौटकर आए प्रदेश महामंत्री राकेश सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार ने अनुसूचित जनजाति के लोगों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की है। प्रचार-प्रसार कम होने से लोग उसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहली बार प्रदेश सरकार ने जनजाति परिवार को आगे बढ़ाने के लिए रोजगार परख योजनाएं, छात्र-छात्राओं को शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति व कई योजनाएं चलाई हैं। महिलाएं रोजगार परख बनाने के लिए घर पर ही दी जा रही योजनाओं का लाभ उठा सकती हैं। उन्होंने कहा कि पिछड़े क्षेत्र में अनुसूचित जनजाति के लोगों को सरकार भौगोलिक आधार पर सरकार की योजनाएं की जानकारी एवं जागरूक करने की आवश्यकता है। इस मौके पर प्रदेश सहसंयोजक बिशन सिंह, खुशाल सिंह, प्रेम सिंह, नारायण सिंह, मान सिंह थे।

### शत-प्रतिशत परीक्षाफल के लिए शिक्षक सम्मानित

**बाजपुर।** बाजपुर इंटर कॉलेज में विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परीक्षाफल के लिए शिक्षकों को सम्मानित किया गया। समिति के उपाध्यक्ष भोजराज गर्ग, कोषाध्यक्ष नरेंद्र गोयल, केके उपाध्याय आदि ने शिक्षक एके त्यागी, हरपाल सिंह, रोहित यादव, सुनील कुमार, भूपेंद्र कुमार, योगेंद्र कुमार भगत, दीपेंद्र कुमार, राजेंद्र सिंह चौहान, राजपाल सिंह, भूपेंद्र कुमार, गजेंद्र वत्स, सुरेंद्र कुमार कंबोज, कृष्णकांत वाजपेयी, हेमंत वण, ललित मोहन को शत-प्रतिशत परीक्षाफल के लिए सम्मानित किया।


हरपाल सिंह को सम्मानित करते भोजराज गर्ग।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत, दो घायल

**किच्छा/पुलभट्टा।** राइस मिल में मजदूरी कर साइकिल से घर लौट रहे दो लोगों को बाइक ने टक्कर मार दी। घटना में एक साइकिल सवार की मौत हो गई। जबकि दूसरा घायल हो गया। थाना शेरगढ़, जिला बरेली निवासी 50 वर्षीय रोशन लाल पुत्र बलजीत परिवार के साथ नगर के वार्ड नंबर 11, सुनहरी वार्ड में किराए के मकान पर रहकर पल्लेदारी का काम करता था। रविवार को वह एक चावल मिल में मजदूरी कर सिरौली कला निवासी मुस्ताक पुत्र रहमत शाह के साथ साइकिल से घर वापस लौट रहा था। बरेली मार्ग पर शर्मा ढाबे के सामने पीछे से आ रही बाइक ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी। रोशन लाल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि साइकिल सवार मुस्ताक तथा बाइक चालक चंद्र प्रकाश पुत्र जागेश्वर लाल घायल हो गए।

### भूमिधरी अधिकारों को लेकर किसान मोर्चा का आंदोलन जारी


बाजपुर रविवार को आंदोलनस्थल पर प्रदर्शन करते किसान, मजदूर व व्यापारी।

**बाजपुर।** बीस गांव की 5838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से तहसील परिसर में चल रहा भूमि बचाओ आंदोलन लंबा खिंच रहा है जिसे एक फरवरी को छह माह पूरे होने जा रहे हैं, लेकिन आंदोलनकारियों के हौसले आज भी बुलंद हैं। रविवार को क्रमिक अनशन पर बैठे किसानों को माल्यार्पण करके बैठाया गया। साथ ही सामूहिक रूप से भूमि बचाने के लिए किसान प्रतिज्ञा दोहराई गई। आंदोलन स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि जब तक 20 गांव के लोगों को भूमिधरी अधिकार नहीं मिल जाते तब तक संघर्ष जारी रहेगा। सरकार आंदोलन को लंबा खींच रही है, ताकि आंदोलनकारियों के हौसले टूट जाएं, लेकिन किसान, मजदूर, व्यापारी एकता के साथ इस संघर्ष को लड़ रहे हैं और यह संघर्ष समस्या के समाधान तक जारी रहेगा, इसके लिए हमें चाहे कोई भी कुर्बानी क्यों ना देनी पड़े। आंदोलन स्थल पर संरक्षक भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा, सत्याग्रह के अगुवा रजनीत सिंह सोनू, जसमीत सिंह भुल्लर, देवेश प्रताप सिंह आदि मौजूद थे।

### पिता ने लगाया विवाहिता बेटी की हत्या का आरोप


ससुरालियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली पहुंचे मृतका के स्वजन।

**बाजपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत मामले में जसपुर के मोहल्ला जुलहान निवासी मृतका रीता के पिता भूप सिंह ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। भूप सिंह ने कहा है कि बेटी रीता की शादी 3 दिसंबर 2015 को हिंदू रीति रिवाज के अनुसार की गई थी। कम दहेज को लेकर उसका पति सहित परिजन मारपीट व गाली गलौज करते थे। कई बार पंचायत हुई लेकिन सुधार नहीं हुआ। 26 जनवरी को करी 9 बजे रीता ने भाई अवनीश कुमार को मारपीट की जानकारी दी। परिवार वना रहे उन्होंने कुलदीप को समझाया लेकिन 27 को हमें रीता के फांसी लगाकर मरने की सूचना दी गई। आरोप है कि बाजपुर पहुंचने पर चोट के निशान शरीर पर देखे गए जो बता रहे थे कि उनकी बेटी की हत्या की गई है।

### तीन लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा, रिपोर्ट दर्ज

**किच्छा/पुलभट्टा।** अवर अभियंता ओम कुमार, उपखंड अधिकारी दिनेश चंद्र गुरुरानी, सतर्कता इकाई कुमाऊं क्षेत्र पुलिस निरीक्षक शरद चौधरी के नेतृत्व में टीम ने नगर के वार्ड नंबर 11 सोनैरी निवासी रमेश कुमार, ग्राम सैंजना, लालपुर, कोतवाली किच्छा निवासी रईस अहमद व पुलभट्टा थाना अंतर्गत ग्राम बरा क्षेत्र में बिजली विभाग की टीम ने ग्राम बरा निवासी पवन कुमार को बिजली चोरी करते पकड़ लिया।

# दूसरे दिन भी कम नहीं हुआ टैक्सी चालकों का आक्रोश

## नहीं किया वाहनों का संचालन, यात्रियों को करना पड़ा परेशानी का सामना, सरकार से जल्द नियम को वापस लेने की उठाई मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** परमिट टैक्स में वृद्धि के विरोध में टैक्सी चालकों में आक्रोश बरकरार है। रविवार को भी अल्मोड़ा में चालकों व मालिकों की हड़ताल का असर देखने को मिला। टैक्सी यूनियन पदाधिकारियों ने सवारी ला रहे वाहनों को रोककर खाली करा दिया।

रविवार को यूनियन के पदाधिकारी अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग के करबला तिराहे पर एकत्र हुए। जहां उन्होंने परमिट टैक्स के विरोध में सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान यूनियन ने बाहर से सवारी लेकर आ रहे वाहनों को रोककर खाली करवाया। इससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यात्री कई घंटे खड़े रहे।

पदाधिकारियों ने सरकार से जल्द नियम को वापस लेने की मांग की। इस दौरान नीरज पवार, विनोद सिंह बिष्ट, आनंद भोज, महेंद्र कनवाल, नंदन सिंह, भरत, पान सिंह, गुड्डू, बबलू, पंकज, बाली, अजय कुमार, चंदन लटवाल, दीपक जोशी, सुंदर, मनोज, मोहन भोज, विकास रावत, विकास रावत आदि मौजूद रहे।



अल्मोड़ा में अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन करते टैक्सी यूनियन के सदस्य। ● अमृत विचार



चम्पावत में प्रदर्शन करते टैक्सी स्वामी और चालक। ● अमृत विचार

### परीक्षार्थियों को भी हुई परेशानी

**अल्मोड़ा :** रविवार को आर्मी स्कूल समेत अन्य परीक्षाएं भी जिला मुख्यालय में आयोजित होनी थी, जिसमें भाग लेने के लिए जिले के अलग अलग क्षेत्रों से परीक्षार्थी अपने परिजनों के साथ यहां पहुंचे। दूरदराज के परीक्षार्थी संयुक्त रूप से निजी वाहन किराए पर लेकर परीक्षा देने रवाना हुए। लेकिन हड़ताल के कारण उन्हें जगह जगह परेशानी का सामना करना पड़ा। हड़ताली चालकों व टैक्सी मालिकों ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया, बाद में एडमिट कार्ड दिखाने के बाद ऐसे वाहनों को छोड़ दिया गया।

### फिटनेस सेंटर के निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन

**टनकपुर/चम्पावत, अमृत विचार :** फिटनेस सेंटर के निजीकरण के विरोध में टैक्सी चालकों ने रविवार को वाहनों का संचालन बंद रखा। टनकपुर से चम्पावत और लोहाघाट और पिथौरागढ़ को सीधे चलने वाले वाहन नहीं चले जबकि यात्रियों की सुविधा के मध्य नजर ग्रामीण अंचल में छुटपुट वाहनों का संचालन होता रहा। काली कुमाऊं टैक्सी महासंघ के बैनर तले चम्पावत में टैक्सी यूनियन ने फिटनेस सेंटर के निजीकरण के विरोध में रविवार को स्टेशन बाजार में प्रदर्शन किया। विरोध में चालकों ने टैक्सियों का संचालन भी बंद रखा। इस दौरान आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि वाहनों की फिटनेस का काम निजी हाथों में जाने से वाहन चालकों, मालिकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। महासंघ उपाध्यक्ष ललित मोहन भट्ट के नेतृत्व में टैक्सी चालकों एवं स्वामियों ने कहा कि शीघ्र इस प्रक्रिया को वापस नहीं लिया गया तो टैक्सी और ट्रक चालक एवं स्वामी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। ललित भट्ट ने कहा कि युवाओं को रोजगार देने के बजाय उनके रोजगार में बाधक बन रही है। इस दौरान रवींद्र कुमार, जमन राम, शिरोमणि, कमल खाती, हरि जोशी, मानसिंह, बलवंत, विजय, सूरज पुजारी, कमल बोरा, नरसिंह, सूरज, तेज सिंह, रोशन, मुकेश, गोपाल, मुकेश आदि चालक और मालिक मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन को लेकर होगी आरपार की लड़ाई

संवाददाता, अल्मोड़ा

**गोष्ठी**

- 11 फरवरी को आयोजित कार्यक्रम को बनाएंगे सफल
- कहा, उनसे छीन लिया गया है पेंशन का संवैधानिक अधिकार

**अमृत विचार:** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर एनएम ओपीएस संगठन मुखर हो गया है। वर्चुअल बैठक कर पदाधिकारियों ने आगामी 11 फरवरी को प्रस्तावित धरना प्रदर्शन को लेकर चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से पुरानी पेंशन की मांग को सरकार की ओर से अनदेखी की जा रही है। कहा कि शीघ्र ही बैठक कर विधिवत एनएम ओपीएस की महिला विंग व आईटी सेल का गठन किया जाएगा, ताकि संघर्ष को तेज किया जा सके।

इस मुद्दे पर द्वाराहाट में भी कर्मचारी आंदोलित हैं। यहां कर्मचारियों ने हित चिंतक मैदान में एक गोष्ठी की। वक्ताओं ने कहा कि पूर्ण निष्ठा के साथ कर्तव्य निभाने के बावजूद उनसे पेंशन का संवैधानिक अधिकार छीन लिया गया। सभी ने एक सुर में इस अधिकार की वापसी और पुरानी पेंशन बहाल होने तक एनएमओपीएस द्वारा जारी विभिन्न रैलियों और धरना प्रदर्शनों को सफल बनाने का आह्वान किया।

इस दौरान महिला मोर्चा के लिए कंचन भंडारी, प्रीति अधिकारी, भावना हर्बोला, सरिता मोहन व दीपा नेगी, जबकि आईटी प्रकोष्ठ में बबीता बिष्ट, संजय जोशी, दीपक पांडे, नवीन आर्य, प्रसून अग्रवाल आदि को मनोनीत किया गया।

इस मौके पर गणेश भंडारी, राजू महरा, भूपाल चिलवाल, मनोज, धीरेंद्र, मीनाक्षी, संजय, नितेश, गिरीजा भूषण, हरिवंश बिष्ट, मदन मोहन शर्मा, कैलाश जोशी, तारा बिष्ट, जीवन तिवारी, संजय बिष्ट, नंदा बल्लभ मैनाली, गोपाल रावत, मोहन जोशी, मदन ध्यानी, दीपक बिष्ट आदि शामिल रहे।

# अघोषित विद्युत कटौती से सल्ट के लोग परेशान

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले के सल्ट विकास खंड में अघोषित विद्युत कटौती से ग्रामीण काफी परेशान हैं। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से कई बार बिजली कटौती होने की शिकायत भी की। लेकिन विभाग के अधिकारियों ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया।

लोगों का कहना है कि कब बिजली की आपूर्ति बंद हो जाए, कहा नहीं जा सकता। विभाग व ठेकेदार के कर्मचारियों से शिकायत करने पर वे लाइनों में फाल्ट आने का बहाना कर पल्ला झाड़ लेते हैं। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली की कटौती के कारण सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों व बिजली आधारि व्यवसायों पर भी इसका विपरीत असर पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने विभाग के अधिकारियों से बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। कार्रवाई ना होने पर ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों के घेराव की चेतावनी भी दी है।

# मानकों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

संवाददाता, अल्मोड़ा

**निरीक्षण**

- पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने किया औचक निरीक्षण
- 19 गेस्ट हाउस ऐसे मिले जो होम स्टे के नाम से है पंजीकृत

**अमृत विचार :** पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने जिले में स्थापित सभी होम स्टे संचालकों को मानकों के आधार पर उनका संचालन ना करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। अधिकारियों ने कहा कि जिन उद्देश्यों के लिए होम स्टे का संचालन कराया गया है। संचालक उन उद्देश्यों को पूरा करने के लिए गंभीरता से कार्य करें।

बीते दिनों पर्यटन विभाग ने अल्मोड़ा के कसारदेवी समेत अनेक स्थानों पर स्थापित होम स्टे का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान जिले में 19 होम स्टे ऐसे पाए गए जो मानकों का सरासर उल्लघंन कर रहे थे। इन होम स्टे का संचालन गेस्ट हाऊस के रूप में किया जा रहा था। यह सभी होम स्टे पर्यटन विभाग में पंजीकृत थे।

जिला पर्यटन अधिकारी अमित लोहनी ने बताया कि पर्यटन विभाग ने 18 से 24 जनवरी तक दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत संचालित 56 होम स्टे का निरीक्षण और सत्यापन किया। जिसमें से 19 गेस्ट हाउस ऐसे मिले जो होम स्टे के नाम से पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि होम स्टे छह कमरों तक ही संचालित हो सकता है। लेकिन यहां होम स्टे के नाम पर इससे अधिक कमरे बनाकर गेस्ट हाउस के रूप में संचालित किए जा रहे थे। सभी संचालकों को विभाग ने नोटिस जारी किया है।

बताया जिले के अन्य तहसीलों में संचालित सभी पंजीकृत होम स्टे का निरीक्षण किया जाना है। मानकों के तहत होम स्टे का संचालन न होने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# विधायक जीना ने किया सड़क मार्ग का शुभारंभ

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** विकास खंड सल्ट के ग्राम तल्ली अजोली में विधायक महेश जीना ने कपसूली बैंड से मां भगवती मंदिर तल्ली अजोली तक दो किलोमीटर मोटर मार्ग का शुभारंभ किया। ग्रामीण लंबे समय से इस मोटर मार्ग के निर्माण की मांग कर रहे थे। जो अब पूरी हो गई है।

अजोली में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों ने विधायक महेश जीना का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। इसके बाद मां भगवती मंदिर में भजन कीर्तन के साथ प्रसाद वितरण किया गया। विधायक ने कहा कि सबसे ज्यादा विकास कार्य सल्ट में किए जा रहे हैं। मोटर मार्ग का किया गया वायदा आज पूरा हुआ है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही सड़क में डामरीकरण किया जाएगा। इस मौके पर मोहित नेगी, गुड्डी देवी, भगवत बोरा, हरीश कोरिया, मनोज, मोहनी मौलखी, हरी राम आर्या, हरीश खंतवाल, महेंद्र, हुकुम सिंह, बलवंत सिंह, कृपाल बिष्ट, उमेद, किशोर चंद्र, दानी राम, मनोज आदि मौजूद रहे।

# 24 फरवरी को होगा व्यापार मंडल चुनाव

**बनबसा, अमृत विचार :** बनबसा में व्यापार मंडल की चुनाव को लेकर तैयारी तेज हुई। 27 से 31 जनवरी तक चलेगा सदस्यता अभियान।

प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल नगर इकाई के चुनाव के लेकर व्यापारियों ने तैयारियां तेज कर दी है। चुनाव अधिकारी ललित वर्मा ने बताया कि 27 जनवरी से सदस्यता अभियान शुरू कर दिया है जो 31 जनवरी तक चलेगा। अभी तक 322 व्यापारियों द्वारा सदस्यता ले ली गई है। 31 जनवरी के बाद सदस्यता की जांच की जाएगी और 21 फरवरी बुधवार को महाराजा अग्रसेन धर्मशाला में नगर इकाई के चुनाव संपन्न कराए जाएंगे।

# बच्चों के तनाव नियंत्रण में माता-पिता के सहयोग का महत्व



डॉ. राजकुमार रंजन सिंह
विदेश व शिक्षा राज्य मंत्री

आज तेजी से बदलती दुनिया में छात्रों को अपने शैक्षणिक जीवन के हर पहलू में प्रतिस्पर्धा करनी होती है। ऐसे में शैक्षणिक तनाव माता-पिता और छात्रों के लिए चिंताजनक हो सकता है। शैक्षणिक उपलब्धि और मौजूदा परीक्षा प्रणाली का दबाव और माता-पिता, शिक्षकों, साथियों व परिवार के सदस्यों की अपेक्षाएं छात्रों में खराब मनोवैज्ञानिक स्थितियों को जन्म देता है। इस तरह का तनाव परीक्षा के दबाव के कारण चिंता बढ़ा सकता है, जो परीक्षा से पहले, परीक्षा के दौरान और बाद में छात्र को प्रभावित करता है। यह एक महत्वपूर्ण समस्या है, जिससे छात्र अपने पूरे शैक्षणिक जीवन में जूझते रहते हैं। परीक्षा का तनाव छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। इससे चिंता, अवसाद और अन्य भावनात्मक समस्याएं हो सकती हैं। इतना ही नहीं शैक्षणिक विफलता से जुड़ी कुछ प्रत्याशित निराशा या ऐसी विफलता की आशंका के बारे में सोचकर भी उनमें हताशा बढ़ती है।

छात्र के जीवन में तनाव के कई कारण होते हैं, जैसे बहुत अधिक कार्य, अन्य छात्रों के साथ प्रतिस्पर्धा, असफलता, खराब रिश्ते, पढ़ाई का लगातार दबाव, परीक्षा, भविष्य की योजना आदि। विशेष रूप से परीक्षा के समय में कुछ ऐसे फैक्टर्स होते हैं जो छात्रों में तनाव को जन्म देते हैं। वे इस प्रकार हैं : अच्छा प्रदर्शन करने का प्रयास करें: पढ़ाई में कमी या पारिवारिक दबाव के कारण कुछ बच्चे परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव झेलते समय तनाव महसूस कर सकते हैं।

असफल होने का डर: ऐसे बहुत से छात्र हैं जो परीक्षा में असफल होने को लेकर चिंतित होते हैं। इससे वे तनावग्रस्त और चिंतित महसूस कर सकते हैं। यह डर उन छात्रों के लिए विशेष रूप से बढ़ सकता है जो किसी खास तरह के विषय से जूझते हैं या जिन्होंने पहले परीक्षाओं में समस्याओं का अनुभव किया है। तैयारियों का अभाव: जो छात्र परीक्षा के लिए पर्याप्त रूप से सुसज्जित/तैयार नहीं हैं, वे तनाव और दबाव महसूस कर सकते हैं। यह अध्ययन सामग्री की समझ की कमी, पढ़ाई के लिए समय की कमी या अन्य वजहों से भी हो सकता है।

समय की पाबंदी: परीक्षाओं में अक्सर समय की कमी होती है, जो उन छात्रों के लिए बुरा हो सकता है जो तनाव में काम करने के अभ्यस्त नहीं हैं। वास्तव में छात्र अपनी सफलता की उम्मीदों, अपने माता-पिता और शिक्षकों की अपेक्षाओं के कारण शैक्षणिक तनाव का अनुभव करते हैं। यह साफ है कि माता-पिता की अपने बच्चों से परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने को लेकर अपेक्षाएं होती हैं। इससे उन पर दबाव पड़ता है। हालांकि यह कहा जाता है कि परीक्षा से होने वाला थोड़ा तनाव कुछ हद सकारात्मक और कारगर भी होता है क्योंकि यह परीक्षा से पहले बच्चों को सावधानी और सतर्कता बरतने को प्रेरित करता है। परीक्षा के दौरान बच्चों से अधिक उम्मीदें रखना परीक्षा के तनाव/दबाव और खराब प्रदर्शन का आधार बन सकता है।

आमतौर पर यह माना जाता है कि माता-पिता अपने बच्चों के ज्ञानात्मक, व्यावहारिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अपनी भूमिका में माता-पिता बच्चों को सांस्कृतिक और सामाजिक मानदंडों और समाज के मूल्यों से परिचित कराते हैं। इसका उद्देश्य उन्हें समाज की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ भविष्य के लिए तैयार करना है।

बच्चों पर शैक्षणिक आकांक्षाओं के सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव का मार्गदर्शन और प्रबंधन करने में माता-पिता की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। माता-पिता कुछ शारीरिक, सामाजिक, व्यावहारिक और मनोवैज्ञानिक चीजों को पहचानकर अपने बच्चों को परीक्षा के दबाव से निपटने में मदद कर सकते हैं। बच्चों में परीक्षा के तनाव के लक्षणों को पहचानना यह संभव है कि युवा लोग परीक्षा के दबाव और तनाव पर चर्चा करने में सहज महसूस नहीं करेंगे, लेकिन माता-पिता अपने बच्चों में तनाव के किसी भी लक्षण को देख सकते हैं और उनसे इसके बारे में बात कर सकते हैं। यहां तनाव के कुछ सबसे आम लक्षण हैं जो बच्चों में शारीरिक (जैसे, सिरदर्द, दांत पीसना, उच्च रक्तचाप, अपच, थकान, अनिद्रा), मनोवैज्ञानिक (जैसे चिंता, चिड़चिड़ापन, असंवेदनशीलता, क्रोध, मनोदशा में बदलाव, अवसाद की वजह से होने वाली असहायता स्थिति, निराशा) और व्यवहार संबंधी लक्षण (जैसे, भूख न लगना, टालमटोल का व्यवहार, लोगों से खुद को काट लेना/अकेलापन, व्यक्तिगत साफ-सफाई को नजरअंदाज करना) शामिल हैं।

माता-पिता की भूमिका: माता-पिता के रूप में सबसे महत्वपूर्ण चीजों में से एक जो आप कर सकते हैं वह है जितना संभव हो उतना समझदार और सहयोगी बनें। उनसे संवाद करें और उन्हें याद दिलाना सुनिश्चित करें कि उनके जीवन में और भी महत्वपूर्ण अवसर हैं। ये परीक्षाएं हमारे जीवन का सिर्फ एक हिस्सा भर हैं। उन्हें बताएं कि आप हमेशा उनके साथ रहेंगे। आप स्वाभाविक रूप से चाहेंगे कि बच्चे अच्छा प्रदर्शन करें, लेकिन अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो आप उन्हें दोष नहीं देंगे।

परीक्षा से पहले और परीक्षा के दौरान बच्चे के व्यवहार व भावनाओं के प्रति सचेत रहें। अपने बच्चे के साथ आपसी विश्वास बनाएं। माता-पिता अपने बच्चों को बताएं कि वे बिना किसी शर्त उनका सकारात्मक रूप से ध्यान रखते हैं। यदि वे किसी प्रकार की परेशानी महसूस करते हैं तो आपको बताने के लिए उनको प्रोत्साहित करना होगा। स्वस्थ और विविध संबंधों को लेकर उन्हें प्रेरित करें। खुद को प्रसन्न रखने से संबंधी शारीरिक गतिविधि, अच्छा पोषण और आराम के लिए प्रेरित करना होगा। परिवार और दोस्तों के प्यार एवं सहयोग से अपने बच्चे को कठिन समय से निकलने में उसकी क्षमता को याद दिलाएं। उपयुक्त सह-पाठ्यचर्या संबंधी अभ्यास चुनने में अपने बच्चे की सहायता करें। यदि आपका बच्चा चुनौतीपूर्ण परीक्षा देने जा रहा है या पहले ही दे चुका है, तो उसका आत्मविश्वास बढ़ाना न भूलें। बच्चों की बातों को गंभीरता से सुनें और सकारात्मक विचारों के साथ उनकी सहायता करें।

## वर्ग पहेली-326

**बाएं से दाएं**

3. 1. एक तरह की कस्तूरी 2. एक तरह का तरल गंध द्रव्य जो गंधमार्जार या मुश्कबिलाव के अंडकोश से निकलता है।

5. 1. जिसका अपमान हुआ हो, बेइज़्ज़त, तिरस्कृत 2. तुच्छ, नीच, अधम 3. जिसकी बेकद्री की गई हो।

7. ऐसा स्थान जहां कोई परिवार कई पीढ़ियों से रहता चला आ रहा हो, डीह।

8. 1. अंतिम, आख़िरी, चरम 2. निर्णायक

**ऊपर से नीचे**

1. 1. ज़मीन, भूमि 2. देश, मुल्क 3. पृथ्वी, धरा 4. पेशबंदी 5. गज़ल की रदीफ़।

2. दोनों हथेलियों को ऊपर की ओर जोड़ने से बनने वाला गड्ढा जिसमें पानी या कोई वस्तु भरकर दी जाती है, करसंपुट, चुल्लू, ओक, अंजुरी, अंजलि।

4. वह स्थान जहां बच्चों के अनुसार खेलने-सीखने की चीज़ें रखी जाती हैं, बच्चों के लिए बना सार्वजनिक स्थल, बालभवन, बच्चों का उपवन, आंगनवाड़ी।

6. 1. बारूद या गंधक भरकर बनाए गए खिलौने





### वर्ग पहेली - 325 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 द | | | 2 शु | 3 चि | ता |
| या | | | | ड़ि | |
| र | | | 4 द | हा | ना |
| | 5 ए | का | हा | र | |
| | का | | ड़ | | 6 झाँ |
| | धि | | | | ई |
| | 7 क | चा | यँ | ध | |

## सुडोकू -43

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 3 | | 7 | 6 | 9 | |
| 7 | | 2 | | 4 | | | | |
| | | | 5 | | | | | 4 |
| 4 | 6 | | | 8 | | | | |
| | | 1 | | | | 2 | | 6 |
| | | | | 9 | | | 4 | 7 |
| 3 | | | | | 4 | | | |
| | 4 | | | 3 | | 8 | | 5 |
| | | 8 | 1 | | 2 | | | 3 |

### सुडोकू - 42 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 2 | 5 | 7 | 8 | 4 | 6 | 3 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 9 | 2 | 8 | 1 | 5 |
| 8 | 3 | 5 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 | 7 |
| 3 | 6 | 8 | 2 | 5 | 7 | 1 | 9 | 4 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 3 | 2 |
| 7 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 6 | 5 | 8 |
| 1 | 5 | 7 | 4 | 2 | 9 | 3 | 8 | 6 |
| 2 | 8 | 9 | 7 | 6 | 3 | 5 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 1 | 5 | 2 | 7 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 जनवरी, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी पूर्ण रात्रि तक।

### आज का पंचांग





त्योहार/व्रत/दिवस- सकट चौथ। मुहूर्त- अभिजित-11.58-12.41 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-12.41-13.25, 14.52-15.35 तक। दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 18.57 तक तत्पश्चात उत्तरा फाल्गुनी।

**मेष:** आज रिश्ते तो मजबूत बनेंगे ही, इसके अलावा रिश्तेदारी में ही आप किसी के साथ बिजनेस में कोई समझौता भी कर सकते हैं। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**वृष:** आज कोई कठोर निर्णय ले सकते हैं जिसका लाभ समय रहते आपको मिलेगा। किसी दोस्त के साथ बहस भी हो सकती है, लेकिन संयम से काम लेने पर वह सुलझ जाएगी। शेयर मार्केट में सोच-समझकर निवेश करें।

**मिथुन:** आज किसी अनजान व्यक्ति के साथ मेलजोल बनाने से बचें, क्योंकि वह आपके भविष्य के लिए अच्छा नहीं रहेगा। परिवार में आपको लेकर सकारात्मक माहौल बनेगा। कारोबार में बड़ी डील के होने की प्रबल संभावना है।

**कर्क:** आज परिवार के लोगों के साथ मिलना होगा और किसी बात को लेकर चर्चा संभव है। घर में मेहमानों का भी आना हो सकता है। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। छात्रों का मन पढ़ाई से उचट सकता है।

**सिंह:** आज व्यापार में साझेदारी कर सकते हैं। किसी की बात दिल पर लग सकती है, लेकिन आप उस ओर ज्यादा ध्यान न देकर बाकी कामों में ध्यान लगाएंगे। शाम के समय बाहर जाना हो सकता है। संपत्ति में निवेश कर सकते हैं।

**कन्या:** आज परिवर्तन को लेकर उत्साहित रहेंगे और पुरानी बातों को याद करेंगे। घर वालों के साथ कहीं बाहर जाने का प्लान बनाएंगे, लेकिन कुछ अड़चने आएगी। ऑफिस में सहकर्मियों का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला:** आज किसी कल्पना में खोए रहेंगे और कुछ बातों को लेकर आशंकित भी रह सकते हैं। दोस्तों के साथ पार्टी का तो प्लान बनेगा, लेकिन खर्चे को लेकर चिंता रहेगी। कारोबारी यात्रा सफल और लाभप्रद साबित होगी।

**वृश्चिक:** आज किसी से धोखा मिल सकता है, जो आपके दिल को दुखाएगा। परिवार में सभी के साथ आपका संबंध और मजबूत बनेगा। आप अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त कर पाएंगे। प्रेमीजन अपनी दिल की बात प्रेमी से कह सकते हैं।

**धनु:** आज शाम के समय दुर्घटना होने के संकेत हैं। इसलिए आप वाहन ना चलाएं और हमेशा किसी के साथ ही यात्रा करें। प्रेम संबंधों में किसी बात को लेकर मतभेद होगा। पैतृक संपत्ति प्राप्त होने के प्रबल योग बल रहें हैं।

**मकर:** आज का दिन आप अपने किसी दोस्त के नाम कर सकते हैं। सुबह से किसी बात को लेकर चिंता रहेगी, लेकिन शाम होते ही वह छूमंतर हो जाएगी। जीवनसाथी से किसी बात को लेकर अनबन हो सकती है। पिता के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

**कुंभ:** आज व्यापार में किसी से सोच समझकर ही साझेदारी करें। जैसा सोचेंगे या प्लान करेंगे वैसा नहीं हो पाएगा। आराम नहीं मिलेगा और काम का बोझ ज्यादा ही रहेगा। भाई-बहन का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**मीन:** आज का दिन आपके लिए अत्यंत शुभ सिद्ध होगा। परिवार के लोग कुछ प्लान कर सकते हैं और शाम के समय बाहर जाना हो सकता है। प्रतियोगी छात्रों का पढ़ाई में मन नहीं लगेगा। विवाहेतर संबंधों से दूरी बनाएं रखें।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
होते होते प्यार हो गया — सुबह : 10.00
धड़कन — रात : 07.00

**Sony Max**
चेहरे — सुबह : 09.00
चेन्नई एक्सप्रेस — रात : 10.00

**Sony Pix**
स्पाइडर मैन 3 — सुबह : 09.35
बैटमैन बिगिन्स — रात : 09.00

**Zee Cinema**
ऑपरेशन रोमियो — सुबह : 10.30
कमांडो — रात : 07.30

**Colors Cineplex**
सपने साजन के — सुबह : 09.53
स्वदेश — रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म





बी 4 यू पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक लड़का घर वालों के साथ लड़की देखने गया।
लड़के के घरवालों ने लड़की के पिता से पूछा आपकी लड़की ने क्या किया हुआ है?
लड़की का पिता- अभी तो इसने हमारे नाक में दम किया हुआ है। आप बस इसे यहां से ले जाइए।

पप्पू अपने दोस्त से बात कर रहा था।
मेरी पत्नी का स्वभाव बहुत खर्चीला है।
हर दूसरे दिन 1000 और 2000 रुपये मांगने लग जाती है।
दोस्त- आखिर इतने पैसे का वह करती क्या है??
पप्पू- क्या पता मैंने कभी दिए ही नहीं।

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते !
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढचेता नराधम : !!

किसी जगह पर बिना बुलाए चले जाना, बिना पूछे बहुत अधिक बोलते रहना, जिस चीज या व्यक्ति पर विश्वास नहीं करना चाहिए उस पर विश्वास करना मुर्ख लोगो के लक्षण होते है।

## संपादकीय

# बदले समीकरण

बिहार में कई दिनों से जारी राजनीतिक उथल-पुथल थम गई है। राज्य में सत्ता का समीकरण एक बार फिर बदल गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आरजेडी से अलग होने का फैसला कर भारतीय जनता पार्टी के साथ सरकार बना ली है। रविवार को नीतीश कुमार ने जबरदस्त सियासी घमासान के बाद नौवीं बार राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। नीतीश ने पिछले दशक में चौथा और इस कार्यकाल में दूसरा पलटमार कदम उठाया है। वास्तव में राजनीति में कुछ भी स्थायी नहीं होता है। नीतीश के इस कदम से राज्य में महागठबंधन के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी गुट को भी गहरा झटका लगेगा। घटनाक्रम का समय बड़ा महत्वपूर्ण है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा बिहार में प्रवेश कर रही है और कांग्रेस ने सत्तारूढ़ गठबंधन के सभी सदस्यों के साथ शक्ति प्रदर्शन की योजना बनाई है। नीतीश का यह कदम विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन के लिए बड़ा झटका है। विपक्षी दलों के बीच गठबंधन करके ज्यादा से ज्यादा सीटों पर एनडीए के खिलाफ साझा प्रत्याशी खड़ा करने का पूरा प्रयास नीतीश कुमार की ही पहल पर शुरू हुआ था।

ऐसे में उनके जाने के बाद यह प्रकिया किस तरह से और कितनी आगे बढ़ेगी, इस पर सवाल खड़ा हो गया है। जाहिर है, आगे घटनाएं चाहें जैसा भी मोड़ लें, इतना तय है कि इंडिया को अपनी विश्वसनीयता की नई परीक्षाओं से गुजरना होगा। राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाएं पूरी करने की चाह में पिछले साल की शुरुआत में नीतीश ने विभिन्न भाजपा विरोधी पार्टियों को एक मंच पर लाने के प्रयास में , देश का दौरा करना शुरू किया। ममता बनर्जी और उद्धव ठाकरे जैसे नेताओं से मुलाकात की। उनके प्रयासों का फल इंडिया गठबंधन के रूप में मिला। नीतीश को विपक्षी गठबंधन के वास्तुकार के रूप में देखा गया । जिस बात से इंडिया के नेता हतप्रभ हैं, वह है बिहार के मुख्यमंत्री का उन लोगों के साथ शामिल होने का अचानक लिया गया निर्णय, जिनके खिलाफ वह युद्ध छेड़ने की तैयारी कर रहे थे। नीतीश गठबंधन के उन पारित प्रस्तावों के हस्ताक्षरकर्ता थे, जिसमें कहा गया था कि केंद्र सरकार लोकतंत्र के लिए खतरा है और विपक्षी गठबंधन देश बचाने के लिए लड़ रहा है। हालांकि नीतीश कुमार ने पहले भी अपने अवसरवादी निर्णयों से राजद और भाजपा को झटके दिए हैं, लेकिन भाजपा को गले लगाने की उनकी ताजा रणनीति आगामी आम चुनाव से पहले विपक्ष के राजनीतिक गणित को गड़बड़ करने की क्षमता रखती है।

# देवकुलों के बारे में हमारा ज्ञान और इंडोलॉजिस्ट्स का श्रम


रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

मंदिरों की अनेक श्रेणियों को देखकर देवकुलों की समाज पर विशालता और असर का आभास होता है। इसकी पैठ गहरी है। देवप्रासादों में एक देव-देवी या देवकुल को एक निश्चित और विशिष्ट स्थान (स्थल नहीं) क्यों दिया गया इसके बारे में जानने को शायद ही कभी हम उत्सुक हुए दीखते हैं; बस जो चल रहा है उसे स्वीकार करते हैं, जीवन भर देखते चले जाते हैं और दर्शन के बाद मंदिर परिसर से बाहर हो लेते हैं।

अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की घटना ने मुझे यह सोचने को मजबूर किया कि हिंदुओं के देव-देवियों के बारे में 99 प्रतिशत तक मैं कुछ खास नहीं जानता। अन्य सामान्य लोग अपनी जांच इस बारे खुद कर लें। इसका बड़ा कारण संभवतः संस्कृत भाषा के पठन-पाठन के बारे में मेरी कमजोरी है। मैंने संस्कृत भाषा और व्याकरण सिर्फ ग्यारहवीं जमात तक पढ़ी है और ठेठ या उच्च स्तर की वैसी संस्कृत बांचने और पाठ का अर्थ समझने में अक्षम हूं जैसी ऋग्वेद में है। एक भी ऋचा का अर्थ नहीं कर पाता, यूं अपने मन में यह ख्याल जरूर रखता हूं कि शायद समझ गया हूं। हम जिस तरह की शिक्षा प्रणाली से दीक्षा पाकर निकलते हैं उसमें भारतीय भाषाओं में हमारे सांस्कृतिक महत्व के पाठ और स्मृतियों के पठन-पाठन की कोई सामान्य-सी योजना भी नहीं है। विभाग विशेष अर्थात, संस्कृत महाविद्यालयों और सामान्य विश्व-विद्यालयों के, संस्कृत विभागों के आम सिलेबस से मैं अधिक वाकिफ नहीं बस इम्प्रैशन भर है कि शायद इनमें एमए पाठ्यक्रम में ये सब सामान्य तरीके से पढ़ाए जाते हैं।

हिंदू देवकुलों का अध्ययन एक खास किस्म का तजुर्बा है और जिससे आधार पर हम अपने अराध्यों और मार्गदर्शकों के निजी जीवन के कुछ पक्ष और बौद्धिक कृतियों के बारे में और इन द्वारा बताए गए जीवन दर्शन के गहन पहलुओं और अपने हिंदू समाज की दिनचर्या ही नहीं जीवन के गहराइयों को शायद समझ पाएं। हम अपने आसपास या दूरस्थ देवस्थलों और देवालयों में हिंदू देव, देवियों को चित्र, चित्रार्द्ध और चित्रभाषा में अनेक रूप में देखने के अभयस्त हैं लेकिन शायद ही हिंदू देवकुलों के विस्तार और इनकी श्रेणियों से परिचय पाने की जिज्ञासा रखते हैं। बस, सुनने से जो नाम मन पर चढ़ गए वे ही याद हैं। हिंदुओं के अलावा ग्रीक और रोमन देव-देवियों की भी लंबी फेहरिस्त है और हम यदा-कदा इनके नामों से भी प्रसंगवश परिचित होते रहे हैं जैसे कि अपोलो, जुपिटर, मार्स, मरकरी पुरुष देव हैं और वेस्ता, जूनो, मिनर्वा, देवियां हैं। भारत में देवकुलों की सूची में 500 नाम तो हैं ही। प्रत्येक देव-देवी के लिए पूजा, अर्चना के विधान और देवस्थान तय हैं। मुझे यह जानकर आश्चर्य होता है कि भारतीय धर्म-संस्कृति के ग्रंथाचार्यों ने कितनी मेहनत से यह सब किया होगा और इसका प्रयोजन क्या रहा होगा जिससे मैं तो अधिकांश अपरिचित ही हूं! भारत में एक बिलकुल ही निराले धर्म-दर्शन की सुदीर्घ परंपरा विकसित रही है जिसमें विस्तार हुआ और वैष्णवों, शैव, शाक्त और जैनियों के अलावा अनेक और समुदायों की उत्पत्ति हुई। इनका निकास आदि-शिव साधकों और वैष्णवों ने किया जैसे कि निम्बार्काचार्य, माधवाचार्य, दादू, श्री वल्लभ, चरनदास, चैतन्य, स्वामीनारायण, रामनुज और पंथ संस्थापकों जैसे कि गुरुनानक, रामदेव ने 70 से अधिक हिंदू धार्मिक संप्रदायों और अनेक पंथों ने एक प्रमुख गुरु और संत को अपनाया। इनके बारे में विस्तृत सूची और ब्यौरा सन 1896 में जोगेंद्रनाथ भट्टाचार्य ने 'हिंदू कास्ट्स एंड सेक्ट्स' पुस्तक में दिया है। इससे पहले प्रोफेसर वीपी जोहरापुरकर ने सन 1958 में प्रकाशित पुस्तक में भट्टारक जैन समुदाय के बारे विस्तार से लिखा है। इनसे भी पहले होरेस हेमन ने 1861 में 'ए स्केच ऑफ़ द रिलीजियस सेक्ट्स ऑफ़ द हिंदूज' में 50 से अधिक धार्मिक संप्रदायों के बारे में जानकारी दी थी। मंदिरों की अनेक श्रेणियों को देखकर देवकुलों की समाज पर विशालता और असर का आभास होता है। इसकी पैठ गहरी है। देवप्रासादों में एक देव-देवी या देवकुल को एक निश्चित और विशिष्ट स्थान (स्थल नहीं) क्यों दिया गया इसके बारे में जानने को शायद ही कभी हम उत्सुक हुए दीखते हैं; बस जो चल रहा है उसे स्वीकार करते हैं, जीवन भर देखते चले जाते हैं और दर्शन के बाद मंदिर परिसर से बाहर हो लेते हैं। बाद में सामान्य तरीके से जीवन यापन में लग जाते हैं। देव-देवियों की प्रतिमाओं के शिल्प के बारे में, उनके कक्ष और श्रृंगार और निर्धारित अर्चना शैली के अलावा शिल्पियों की विद्या और प्रतिमा-मान एवं बहुत सी तकनीकी बातों की खोज नहीं करते जबकि भारतीय विद्यावृत्त में इनके बारे में विस्तार से जानकारी मौजूद है। मैं भी नहीं पढ़ पाया हूं इसलिए किसी तरह की डींग हांकने की जुर्रत नहीं कर रहा हूं। यह जानकर मुझे भी आश्चर्य होता है कि भारत अध्येताओं में अंग्रेज़ स्कॉलर्स ने-चाहे किसी भी प्रयोजन और नीयत से, भारतीय हिंदू देवकुलों का अध्ययन करके सन 1810 में ही किताब लिख दी थी। जैसाकि ब्रिटिश सोल्जर और बाद में भारत अध्येता बने एडवर्ड मूर ने लिखी और प्रकाशित की थी। एडवर्ड मूर, भारत में आर्मी ऑफ़ द ईस्ट इंडिया कंपनी में सन 1782 में एक कैडेट अफसर के रूप में भर्ती हुए थे और सन 1796 में कैप्टेन थे। भारत में रहते हुए इन्हें सन 1806 में रॉयल सोसाइटी ऑफ़ इंग्लैंड का फेलो बनाया गया। मूर ने सन 1810 में 'द हिंदू पेन्थियन' के अलावा 1811 में 'हिंदू इन्फंटिसाईड' अर्थात बालहत्या और, सन 1834 में 'ओरिएण्टल फ्रैगमेन्ट्स' किताबें भी लिखी हैं।

> मुझे अब महसूस हो रहा है कि पढ़ाई चाहे कैसी भी हो, भारत के मूल निवासी होने के नाते हिंदू देवकुलों के बारे में कॉलेज स्तर पर ही हमें जानकारी दी जानी चाहिए थी। यह जानकारी हमें टूरिस्ट लिटरेचर या कोर्स की किताबों से मिलने से रही। जाहिर है, ऐसे में बनावटी तौर से ही यह कहलवाना कि 'हमें भारतीय होने पर गर्व है' मुझे जंचता नहीं हैं।

वे सन 1848 में सिधार गए। इसके अलावा भी इंडोलॉजिस्ट्स ने बहुत कुछ और लिखा है जैसे कि कई खंडों में 'द सेक्रेड बुक्स ऑफ़ द हिंदूज़' और 'रिलीजियस हिस्ट्री ऑफ़ द ओरिएंट', आदि। परंतु जैसा कि मुझे दामोदर धर्मानंद कोसाम्बी (डीडीके) की 'कंबाइंड मेथड्स इन इंडोलॉजी' के कुछ अध्याय पढ़कर महसूस हुआ कि विशेषी मूल के भारत अध्याताओं ने बेशक बहुत मेहनत की और इन प्रकाशनों के अध्ययन के साथ प्रस्तुत संदर्भ विशाल संख्या में दिए हैं, लेकिन इनमें से कुछ अध्ययनों में अपनाए गए मेथड और निष्कर्षों को आंख मूंद कर स्वीकार भी नहीं करना चाहिए। उदाहरण के लिए कोसाम्बी ने अपनी उक्त पुस्तक के 'डेवलपमेंट ऑफ़ द गोत्र सिस्टम्स' अध्याय में बताया है कैंब्रिज यूनिवर्सिटी के जॉन ब्रौ की पुस्तक 'द अर्ली ब्राह्मनिकल सिस्टम ऑफ़ गोत्र एंड प्रवर –'अ ट्रांसलेशन ऑफ़ द गोत्रप्रवर मंज़री' में लिखित जानकारी के इंटरप्रिटेशन की बाबत सही टिप्पणी नहीं की है। गोत्र प्रवर मंजरी के लेखक पुरुषोत्तम पंडित हैं। कोसाम्बी ने हमें सावधान किया है और कहा कि अगर मूल पाठ नहीं देखा और इसकी पूर्ण समझ नहीं तो किसी किस्म की ऐसी टिप्पणी जिससे भारतीय समाज और इसके ज्ञानाधार के क्रमिक विकास के बारे में कुछ कहना है तो संयम से कहें। अर्थ यह कि विदेशी इंडोलॉजिस्ट्स में शायद वह समझ कभी विकसित नहीं हुई जिसकी पृष्ठभूमि को ठेठ भारतीय ज्ञान पद्धति से ही समझा जा सकता है। इंटरप्रिटेशन में सिर्फ सूचना का ही महत्व नहीं बल्कि भारतीय दर्शन की उत्पत्ति, कबीलों की उत्पत्ति और नामकरण, जियोग्राफी, नर-नारी के स्थायी निवास और प्रवर की उत्पत्ति के अलावा भाषा और संवाद, ग्रामर का विकास और भारत की अंतर्सामाजिक गतिकी के अलावा वर्णक्रम और इसकी अनेक मर्यादाओं को समझना होता है, ऐसा कोसाम्बी का सावधान करने वाला संकेत है। वेद, उपनिषद, पुराण और बहुत सी अन्य हिंदू धर्म और दर्शन की भारतीय मनीषियों द्वारा लिखित प्राचीन किताबें इन्होंने पढ़ी होंगी, भारतीय देवकुल सिस्टम को समझा होगा और फिर सूची बनाकर सबके विवरण जमा किए होंगें, भारतीय पंडितों से समझा होगा और भारतीय हिंदू समाज में इनकी व्यापकता को जाना होगा। जाहिर है एक अंग्रेज के लिए इन्हें समझना कितना श्रमसाध्य और समग्र प्रयास रहा होगा।मुझे अब महसूस हो रहा है कि पढ़ाई चाहे कैसी भी हो, भारत के मूल निवासी होने के नाते हिंदू देवकुलों के बारे में कॉलेज स्तर पर ही हमें जानकारी दी जानी चाहिए थी।

यह जानकारी हमें टूरिस्ट लिटरेचर या कोर्स की किताबों से मिलने से रही। जाहिर है, ऐसे में बनावटी तौर से ही यह कहलवाना कि 'हमें भारतीय होने पर गर्व है' मुझे जंचता नहीं हैं। यह सब खुद को भ्रम में रखने जैसा निवारण प्रतीत होता है। तटस्थ भाव से उन लोगों की हमें प्रशंसा करनी चाहिए जिहोंनें अपनी भाषाओं अर्थात इंग्लिश, जर्मन, फ्रेंच, जापानी या मंडारिन में भारत को समझ कर किताबें लिखीं। जीवन के पहले 60-65 वर्षों में सांसारिक व्यस्तताओं से निपट कर अंतिम आश्रमावस्था के दौर में तो स्वाध्याय करके भारत को हम समझ ही सकते हैं अन्यथा टूरिस्ट बनकर मंदिरों के यूं ही ख्वामखाह चक्कर काटने से कुछ अधिक हासिल होने वाला नहीं है। इस समझ को भ्रमण से बढ़ाया जा सकता है। अंतिम दिनों में शांत होने के लिए इसे मैं अब जरूरी समझ रहा हूं।

## प्रसंगवश

# नीतीश : कितनी नावों में कितनी बार

> अब यह देखना दिलचस्प होगा कि कि नेता और विधायकों का आमेलन क्या संबंधित मतदाताओं का भी विलय करा पाएगा? जरूरी नहीं है। अभी तक भाजपा और नीतीश एक दूसरे को पानी पी पीकर कोस रहे थे; जनता सब देख सुन रही थी,अब एक दूसरे की तारीफ करेंगे और वोट मांगेंगे


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

'कितनी नावों में कितनी बार' वैसे तो अज्ञेय जी का एक काव्य संग्रह है,जिस पर प्रतिष्ठापूर्ण 'ज्ञानपीठ'पुरस्कार मिला था, किंतु यहां हम उसका जिक्र नहीं करने जा रहे हैं। यहां हमारा वर्ण्य विषय है बिहार के आठ बार मुख्यमंत्री रहे और फिर बनने जा रहे नीतीशकुमार की बहुशः पाला बदल राजनीति। उन्हें ज्ञानपीठ तो नहीं हां 'पलटू राम'का खिताब जरूर हासिल हुआ है और देने वाले कोई और नहीं, वही भाजपाई हैं, जिनसे मिलकर अब नवीन सत्ता सृजन सामने है। यह युग अब 'राज'का ही रह गया है,'नीति'गायब हो चुकी है। भाजपा भी,अपने को 'पार्टी विद डिफरेंस'यानी अन्यों से भिन्न प्रकृति और व्यवहार रखने वाली पार्टी कहा करती रही है,अब सब की ही तरह होकर रह गई है। राजनीति अब केवल एक नाम भर रह गया है,कुर्सी ही सब कुछ है। ये नीतीशकुमार ने लालू यादव के भ्रष्ट और कुशासन के विरुद्ध समता पार्टी बनाने में आगे आगे रहे; लेकिन उनके साथ मिलकर खूब सरकारें बनाईं। अपने वरिष्ठ जार्ज फर्नांडीज़ के साथ कृतघन्नता की और उन्हें 2007 में टके का तीन करने में संकोच नहीं किया। पिछला विधानसभा चुनाव ये लड़े तो भाजपा से मिलकर थे, और सरकार भी बनाई; किंतु बहुत जल्द उससे ऊब गये और सुविधावादी दृष्टिकोण अपनाते हुए लालू यादव के राजद से हाथ मिला लिया। उनके नवीं फेल पुत्र तेजस्वी को उपमुख्यमंत्री पद पर आसीन करते हुए सरकार बना ली। जिनकी शासनावधि को जंगलराज कहा करते थे, गले लगा लिया। वर्तमान में भी इनके हृदय परिवर्तन का कारण कुर्सी ही है। लालू अपने बेटे तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाना चाहते थे; अतः नीतीश को सब्जबाग़ दिखाया कि 'आप अगले लोकसभा चुनाव में विपक्ष के पीएम फेस बनिये,मैं समर्थन करुंगा और बिहार तेजस्वी को दीजिए'। नीतीश यह महत्वाकांक्षा पाल बैठे कि वे विपक्ष के पीएम कैंडीडेट हो सकते हैं। इस क्रम में उन्होंने दौड़भाग शुरू की और विपक्ष के 'इंडिया'नामक गठबंधन ने आकार ले गया। हालांकि गठबंधन ने इन्हें भाव तो कभी नहीं दिया किंतु कुछ झटकों के बावजूद ये भ्रम पाले रहे कि शायद अब पीएम प्रत्याशी घोषित हो जाएं। अंततः जब कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खरगे इस गठबंधन के अध्यक्ष चुन लिए गए, तब नीतीश की आशाओं पर तुषारापात हो गया। वे समझ गए कि यदि किसी तरह सत्ता विपक्ष के हाथ आ भी गई, तो पीएम कांग्रेस का ही होगा; उनका अपना कोई चांस नहीं। ऐसे में वे फिर भाजपा की ओर मुड़े और एनडीए का दामन थाम लिया। समझौते के अनुसार वे भाजपा की मदद से निर्बाध सीएम तो रहेंगे किंतु लोकसभा सीटें भाजपा को ज्यादा देनी पड़ेगी। भाजपा ने भी नैतिकता किनारे रखकर इनसे हाथ इसलिए मिलाया है,क्योंकि उन्हें लोकसभा चुनावी वैतरणी पार करनी है। भाजपाई नेतृत्व जानता हे कि केवल 'रामभरोसे'काम नहीं चलेगा। यह भावनात्मक मुद्दा मात्र है; हो सकता है कि चुनाव तक भक्ति-जोश कम हो जाय और जाति या कुछ नई बातें पैदा हो जाएं, तो बेमेल गठबंधन भी कर लिए जाएं; सिद्धांत कौन पूछता है। जिन सुशील मोदी को नीतीश-मित्र मानकर बिहार की राजनीति से हटाया गया था,अब फिर भाव दिया जा रहा है।'जब आग लगी जलने,खैरात लगी बटने'कहावत में शब्दों का थोड़ा हेरफेर करना पड़ा। जरूरी था।

अब यह देखना दिलचस्प होगा कि कि नेता और विधायकों का आमेलन क्या संबंधित मतदाताओं का भी विलय करा पाएगा? जरूरी नहीं है। अभी तक भाजपा और नीतीश एक दूसरे को पानी पी पीकर कोस रहे थे; जनता सब देख सुन रही थी,अब एक दूसरे की तारीफ करेंगे और वोट मांगेंगे! तब जनता इन मुखौटा बदलने वालों को क्या कहेगी और इनकी बात को कितना वजन देगी,यह भविष्य के अंधेरे में है।

# आधुनिकता के दौर में शर्मसार होती मानवता


सोनम लववंशी
स्वतंत्र लेखिका

> इस संसार में मां से बड़ा कोई नहीं होता। मां के आगे दुनिया की सारी धन दौलत बेकार है। माता-पिता भी अपनी औलाद की बेहतरी के लिए अपने जीवन की सारी खुशियां कुर्बान कर डालते हैं?

वर्तमान दौर में लोग रिश्तों की मर्यादा को भूलकर धन संपत्ति को तवज्जों देने में लगे हैं। आज का सबसे बड़ा सच यही है कि 'बाप-बड़ा ना भैय्या, सबसे बड़ा रुपैया'। धन दौलत के लिए संतान अपने माता-पिता से भी मुंह मोड़ रही हैं। जो मां बाप अपने बच्चों के लिए दिन-रात मेहनत करके सम्पति जमा करते हैं। लेकिन उसी सम्पति के लिए जब बच्चे अपनी मां की चिता का दाह संस्कार रुकवा दे तो ऐसी धन दौलत का क्या फ़ायदा? बीते दिनों मानवता को शर्मसार कर देने वाली एक घटना मथुरा के मसानी स्थित श्मशान घाट में देखी गई। जहां 85 वर्षीय महिला पुष्पा की मौत के बाद उसकी तीनों बेटियों के बीच जमीनी हक को लेकर लड़ाई शुरू हो गई और कई घंटे तक महिला का अंतिम संस्कार रुका रहा। सोचिए! उस मां की रूह पर क्या बीती होगी जब वह अपने ज़िगर के टुकड़ों को खुद से बढक़र जमीन जायजाद के लिए लड़ते देख रही होगी।

कहने को तो मां बेटी का रिश्ता दुनिया का सबसे खूबसूरत रिश्ता होता है। एक बेटी अपनी मां के हर दुःख तकलीफ़ को समझती है। लेकिन जब वही बेटियां धन दौलत के लालच में अंधी होकर अपनी मां की ही अंतिम विदाई की रस्म को रुकवा दे तो फिर क्या ही कहा जाए। वैसे तो अपने प्रियजन की मृत्यु किसी भी परिवार के लिए अविश्वसनीय रूप से दुखद और कठिन समय होता है। परिवार के सदस्य मृतक देह की अंतिम "विदाई" को पूरे सम्मान के साथ करते हैं। लेकिन बीते दिनों एक मां अपनी ही चिता के दाह संस्कार को तरसती रही। पुष्पा की तीन बेटियां हैं। लेकिन मां की मौत होते ही बेटियों में जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद छिड़ गया। श्मशान घाट पर मां का शव रखा रहा और बेटियां लड़ती रहीं। जब तक मामले का निपटारा नहीं हो गया तब तक शव को मुखाग्नि नहीं दी जा सकी। करीब 8 से 9 घंटे मां का शव चिता पर रखा रहा। यहां तक कि श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार की विधि संपन्न कराने आए पंडित भी घाट से लौट गए। कई घंटे तक श्मशान घाट पर बेटियों का ड्रामा चलता रहा। पुलिस ने स्टाम्प लाकर जमीन का लिखित बंटवारा कराया तब कहीं जाकर अंतिम संस्कार पूरा हो सका।

इस संसार में मां से बड़ा कोई नहीं होता। मां के आगे दुनिया की सारी धन दौलत बेकार है। माता-पिता भी अपनी औलाद की बेहतरी के लिए अपने जीवन की सारी खुशियां कुर्बान कर डालते हैं? बस इस उम्मीद में की बच्चे उनके बुढ़ापे का सहारा बनेंगे। लेकिन आधुनिकता के इस दौर में ये परंपरा भी बदलती जा रही है। परिवार बिखरते जा रहे हैं। रिश्तों की डोर कमजोर हो रही है। पर आज भी माता-पिता का अपने बच्चों के प्रति प्रेम नहीं बदला है। श्मशान घाट जिसे मोक्ष धाम भी कहा जाता है, लेकिन एक मां की देह बेटियों की दौलत की लालसा में मोक्ष के लिए तरसती रहे। सोचिए जिन बहनों का जीवन बसाने के लिए एक मां ने उम्र भर कितने जतन किए होंगे। ख़ुद की खुशियां त्याग कर अपने बच्चों की जरूरत को पूरा किया होगा। पर इस निर्मोही समाज में रिश्तों का मर्म पत्थर हो गया है। ये घटना तो सिर्फ एक बानगी भर है। आए दिन निर्दयी समाज में ऐसे किस्से आम हो चले हैं।

बुजुर्गों की समस्या को देखते हुए सरकार उन्हें 'मरते दम तक' कीमती बनाए रखने का लाख जतन कर लें। लेकिन जब बुजुर्ग मां बाप को अपने बच्चों के सहारे की ज़रूरत हो तो सरकार कैसे उसकी औलाद को रिश्ता निभाना सिखाए? ये सवाल अहम हो जाता है। उत्तर प्रदेश सरकार माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण नियमावली 2014 में संशोधन करने जा रही है। इस संशोधन में न सिर्फ बुजुर्ग माता-पिता के बच्चों, बल्कि रिश्तेदारों को जोड़ा जा रहा है। जो बच्चे अपने माता पिता को प्रताड़ित कर या उनका ख़्याल न रखें उन्हें संपत्ति से बेदख़ल करने का प्रावधान किया गया है। साल 2017 में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक गुजारा भत्ता एवं कल्याण कानून, 2007 के प्रावधानों को तीन माह के भीतर लागू करने का निर्देश दिया था। यह कानून राज्य सरकार को वरिष्ठ नागरिकों को गुजारा खर्च, चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने और वरिष्ठ नागरिकों के जीवन की रक्षा करने की सहूलियत प्रदान करता है। सरकार सीनियर सिटीजन के अधिकार को सुरक्षित कर रही है। बावजूद इसके आए दिन समाज में ऐसी अनगिनत कहानियां उजागर हो रही है। कहीं बच्चों के होते हुए भी बूढ़े मां बाप वृद्धावस्था में अपना जीवन गुज़र रहे है। तो कहीं घर के ही किसी कोने में घुटन भरी ज़िंदगी जी रहें हैं। बच्चे अपनी जवानी के नशे में भूल गए है कि कल उनका भी बुढ़ापा आएगा।

## सोशल फोरम

# विकसित भारत


तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

मेरे एक दूर के रिश्तेदार हैं। स्वभाविक है कि सिख ही होंगे। तो अधिकतर सिखों के समान उनकी भी एक ही लालसा है....विदेश जाने की। अब पुश्तैनी पैसा हो और विदेशों में अपने सगे संबंदी हो तो विदेश जाना क्या मुश्किल। आखिर पहुंच गए विदेश उनके पास।

लेकिन कुछ महीनों के बाद ही वो वापिस चले आए। मुझे मिले तो थोड़े निराश से थे। शायद कोई ख्वाब टूटने का दर्द था। कहने लगे......विदेश से बढ़िया तो अपना भारत है। वहां तो किसी को फुरसत ही नही। गधे की तरह सप्ताह के पांच दिन काम करते हैं। और फिर दो दिन अपने घर का काम संवारते हैं। वहां तो सारा काम भी खुद ही करना पड़ता है। एक नौकर तक आदमी रख नही सकता।

इससे बढ़िया तो हमारा भारत है। जहां झाड़ू पोछा, चौका बर्तन से लेकर कपड़े धोने तक सब के लिए नौकर रख लो। अब हमारे घर मे ही देखो तीन तीन बाई आकर घर का सब काम करती हैं। घर की औरतों को असली मजा तो यहां है। वहां तो उन्हें भी काम पर जाना पड़ता है और सारा दिन जी तोड़ खटना पड़ता है। मैंने उससे कहा कि जिस बात पर तुम गर्व कर रहे हो , वास्तव में वो हमारे लिए शर्म की बात होनी चाहिए। काम के लिए तीन तीन बाई रख लेना कोई बहादुरी की बात नही, बल्कि इस बात का द्योतक है कि गरीबी यहां इस हद तक है कि 1000, 1500 रुपये में तुम इनसे घर का काम ले पा रहे हो। ये उदाहरण है कि कैसे करोड़ों असंगठित मजदूर वर्ग के लोगों का शोषण हो रहा है। इनके लिए कोई काम के घंटे नही। कोई छुट्टी भी नही। पीएफ, ग्रेटयूटी, मेडिकल सुविधा तो छोड़ दीजिए। कायदे से भारत तभी विकसित कहला सकता है जब तुम्हारे घर की स्त्रियों को सारे काम खुद ही करने पड़ें, जब तुम एक काम वाली बाई की तनख्वाह भी ना दे पाओ। जब काम वाली तुम्हारी बाई भी अपने दोपहिया पे तुम्हारे घर काम करने आए। और किसी रेस्तरां में वो तुम्हारे बगल में बैठ कर ही खाती मिले।मेरे मित्र मुझसे बहुत नाराज हैं, शायद इतना विकसित भारत उन्हें नहीं चाहिए।

**-फेसबुक वॉल से**

# मौसम के दांव-पेच


अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

> इससे ज्यादा गंभीर और क्या होगा कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की पहाड़ियों जो इन दिनों बर्फ से लकदक होती थीं वहां आज आग लगने की घटनाएं हो रही हैं।

इस साल अभी तक बारिश या बर्फबारी का नामो निशान नहीं है। नवंबर और दिसंबर का महीना बिन बारिश ही बीत गया था। नए साल की शुरुआत ने भी निराश किया है। जनवरी का महीना जाने को है लेकिन सूखा ही सूखा है। पूरे उत्तर भारत को कोहरे ने आगोश में लिया है। रेल और हवाई सेवाओं पर इसका असर साफ दिखाई दे रहा है। कई ट्रेन और फ्लाइट्स कैंसिल हो रही हैं। दिल्ली में दृश्यता इतनी कम है कि जयपुर में लैंडिंग करवाने के कई मामले आए हैं।

लगभग एक महीने से धुंध का प्रकोप है जो पर्यावरण के लिए हानिकारक साबित हो रही है क्योंकि हवा में फैले अवांछित तत्व हमारी सांसों में घुलकर लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं। शीत लहर और कोहरे ने सर्दी जुकाम, सांस के रोगियों और जोड़ों के की तकलीफों को तो बढ़ाया ही है, साथ ही एक सामान्य व्यक्ति को भी अवसाद से घेर लिया है। सूखी ठंड स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक भी मानी जाती है।

खेत खलिहानों पर भी सूखे का असर साफ़ दिख रहा है। यह रबी की फसल का मौसम है। गेहूं की फसल बर्बाद होने के कगार पर है। अनाज और फलों के उत्पादन में 50 से 60 प्रतिशत की गिरावट बताई जा रही है। बारिश की कोई उम्मीद नहीं बन पा रही है। अगर यही हालत रही तो अन्न संकट गहरा सकता है। अर्थशास्त्र का नियम कहता है कि मांग और आपूर्ति में अगर असंतुलन हो जाए तो दाम बढ़ने तय हैं। सेव ठंडी जलवायु में उगने वाला फल है लेकिन बर्फबारी के अभाव के कारण इसे पकाने के लिए समुचित वातावरण नहीं मिल पा रहा है। पानी की कमी से गेहूं की फसल को पीला रतुवा रोग यानि फंगस लग गया है। जिससे कुल उत्पादन के 20 प्रतिशत के नुकसान का अनुमान बताए जा रहा है। अगर आने वाले समय में बारिश नहीं होती है तो इस प्रतिशत में वृद्धि हो सकती है।फिलहाल बाजार में सब्ज़ी और फलों के दामों में भारी वृद्धि देखी जा रही है। जिससे बिचौलियों को छोड़कर किसानों और ग्राहकों दोनों को ही नुकसान है। नदियों और ताल तलैयों में भी इसका असर साफ दिखाई दे रहा है।

नैनी झील का स्तर लगातार घटता जा रहा है। एक तो वर्षा का न होना और ऊपर से जल दोहन। परिणामस्वरूप नैनी झील का जलस्तर 12 फीट से घटकर 7 फीट के लगभग आ गया है। जो निसंदेह चिंता जनक है। अभी बीते दिनों उधम सिंह नगर जिले में स्थित काशीपुर शहर की यात्रा पर जाना हुआ। बचपन में वहां जो ताल पानी से लबालब देखे थे, जिनमें कमल और दूसरे जलीय पौधों की भरमार रहती थी, आज सूख चुके हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि अगर आने वाले समय में नैनी झील भी इस हालत में पहुंच जाय तो। हालांकि भूमिगत श्रोतों से इस झील को पानी मिलता रहता है लेकिन वर्तमान में इसका प्रतिशत बारिश से मिलने वाले पानी की तुलना में कम है। एक समय था जब नैनीताल में जनवरी तक कई बार बर्फवारी हो चुकी होती थी लेकिन जलवायु परिवर्तन के इस दौर में कई अपवाद देखने को मिल रहे हैं। शहर के आसपास पाए जाने वाले कई चिन्हित जल स्त्रोतों की संख्या भी अब धीरे-धीरे घट रही है। सूखाताल क्षेत्र में हालात बुरे हैं। अंधाधुंध कंक्रीट के जंगल खड़े करने से पानी के लिए जमीन के अंदर से रास्ता बनाना मुश्किल हो गया है। यही हाल भीमताल और आसपास के क्षेत्रों की झीलों का भी है। हिल सिटी नैनीताल जो ठंड के लिए मशहूर है, जनवरी के महीने में भी दोपहर में गर्मी का एहसास दिलाता है तो यह विचारणीय है। विंटर गेम्स के लिए प्रसिद्ध औली भी इस बार बर्फबारी का इंतजार कर रहा है।

इससे ज्यादा गंभीर और क्या होगा कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की पहाड़ियों जो इन दिनों बर्फ से लकदक होती थीं, वहां आज आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। आंकड़े बताते हैं कि हिमाचल प्रदेश में अक्टूबर 23 से जनवरी 24 के बीच 2000 से अधिक आग लगने की घटनाएं रिकॉर्ड की गई। जो पिछले साल की अपेक्षा सात गुना अधिक हैं। इन घटनाओं ने वन भूमि को काफी नुकसान पहुंचाया है।

उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में जंगलों में 600 से अधिक आग लगने की घटनाएं अभी तक हो चुकी हैं, जिनमें से अल्मोड़ा और चंपावत के जंगल प्रमुख हैं।अल्मोड़ा जिले के 11 हेक्टेयर से अधिक जंगल अभी तक आग की भेंट चढ़ चुके हैं। वन पंचायत के जंगल भी आग की गिरफ्त में हैं। लाखों रुपए की सम्पत्ति का नुकसान हुआ है। साथ में, धुएं से स्थानीय लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जम्मू कश्मीर, अरुणाचल प्रदेश आदि राज्यों में भी जंगलों में सूखी पत्तियों का ढेर जमा होने से कोई भी छोटी सी चिंगारी आग भड़काने का काम कर रही है। हिमालय की तलहटी पर बसे जम्मू कश्मीर-लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी का न होना इन राज्यों के लिए ही चिंता का विषय नहीं है बल्कि दूसरे राज्य भी इससे प्रभावित होने तय हैं। मौसम विभाग की जानकारी के मुताबिक उत्तर भारत में पड़ती इस भीषण सर्दी और कोहरे के लिए मुख्य रूप से उत्तर-पश्चिम भारत में किसी भी पश्चिमी विक्षोभ का सक्रिय न होना है।

फागुन का महीना आते ही आयो नवल बसंत जैसे गीतों से मधुमास का स्वागत होने लगता था। मगर इस बार सुना है कि बसंत नहीं आएगा। सामान्यतः मार्च के महीने यानि होली तक हल्की ठंड रहती थी लेकिन वैज्ञानिकों की चेतावनी है कि इस बार जाड़े के मौसम में कमी आएगी और फरवरी मध्य से अचानक तापमान बढ़ने लगेगा, जिससे बसंत ऋतु वाला मौसम गायब हो जाएगा।

# मुख्यमंत्री धामी बोले- मैंने नमक पीसा आटा गूंथा और जंगल में काटी है घास

## रुद्रप्रयाग में ब्वै, ब्वारी, नौनी कौथिग में सीएम धामी ने साझा की बचपन की यादें

शक्ति वंदन महोत्सव

▸▸ श्री केदारनाथ धाम में महिलाओं संग बनाया चोलाई से महाप्रसाद

संवाददाता, देहरादून


छात्रा की कलाकृति पर पेंटिंग करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शक्ति वंदन महोत्सव के तहत जनपद रुद्रप्रयाग में रविवार को ब्वै, ब्वारी, नौनी कौथिग के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महिला समूहों के साथ स्थानीय संस्कृति को जाना। श्री केदारनाथ धाम में स्वयं सहायता समूह के साथ महाप्रसाद बनाते हुए मुख्यमंत्री ने अपने बचपन की यादें उनसे साझा कीं।

हाथ से महाप्रसाद बनाते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि बचपन में मैंने घर के कार्यों में खूब हाथ बटाया है। बालपन से ही मैं त्योहारों के समय अपनी माता के साथ स्थानीय पकवान बनाने में खूब सहयोग करता था। सिलबट्टे पर कई बार अपनी माता के साथ मिलकर नमक भी पीसा है। आटा गूंथने से लेकर जंगल में घास काटने तक में हमेशा हाथ बटाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महिलाओं से सरकार की महाप्रसाद योजना से जुड़ने के बाद आजीविका में हुए बदलाव की जानकारी ली। महोत्सव में सीएम ने स्टोन पेन्टिंग की। एक स्टॉल पर कताई एवं बुनाई की।

**2 करोड़ रुपये के महाप्रसाद का लक्ष्य:** केदारनाथ यात्रा से जुडे. विभिन्न महिला समूहों ने पिछले वर्ष यात्रा के दौरान अकेले चोलाई के प्रसाद से लगभग 65 लाख रुपये तो अन्य स्थानीय उत्पादों से पांच लाख रुपये की कमाई की। इससे 500 से ज्यादा महिलाओं को रोजगार भी मिला। मुख्यमंत्री के अनुसार, सरकार के महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं के उत्थान को किए जा रहे प्रयासों को भी इससे बल मिला है। वहीं, जिला प्रशासन रुद्रप्रयाग ने अगली यात्रा में दो करोड़ रुपये का महाप्रसाद बेचने कालक्ष्यरखाहै। वहीं, मुख्यमंत्री धामी ने प्राचीन देवल से अगस्त्यमुनि के खेल मैदान तक विशाल रोड शो कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान विधायक भरत चौधरी, शैला रानी रावत, ज़िलाध्यक्ष भाजपा महावीरपवारसहित हजारों की संख्या में स्थानीय जनता ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

# आयुर्वेद के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं: मुख्यमंत्री

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जाखन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 109 वां संस्करण सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों के ऐसे प्रयासों को सामने लाया जा रहा है,जो निस्वार्थ भावना के साथ समाज और देश को सशक्त करने का काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आज पद्म सम्मान प्राप्तकर्ताओं का जिक्र किया। पद्म पुरस्कार पाने वाले अधिकतर लोग, अपने-अपने क्षेत्र में काफी अनूठे काम कर रहे हैं।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में काफी तेजी से कार्य हुए हैं। इसी का परिणाम है कि आज हमारी नारी शक्ति हर क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मन की बात में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले लोगों का जिक्र किया। उत्तराखंड में आयुर्वेद के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। उत्तराखंड का अधिकांश भाग वनों से आच्छादित है। राज्य में आयुर्वेद के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। आयुर्वेद की संभावनाओं को बढ़ाने के राज्य में निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक से प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से साज सेवा के लिए विशिष्ट कार्य करने और जन सरोकारों से जुड़े अभियानों में सराहनीय कार्य करने वालों को आगे लाने का कार्य किया है। इससे समाज में अन्य लोगों को भी अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दिव्यांग बच्चों को व्हील चेयर भी प्रदान किए।

## सार-संक्षेप

### आरबीआई में अधिकारी बनी पंचेश्वर की पल्लवी



**चम्पावत :** नेपाल सीमा से लगे पंचेश्वर गांव की रहने वाली पल्लवी पंत ने आरबीआई (भारतीय रिजर्व बैंक) अधिकारी ग्रेड–बी परीक्षा में सफलता हासिल की है। इस वर्ष आरबीआई ग्रेड–बी ऑफिसर के लिए देशभर से 34 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। पल्लवी ने महज 23 साल की उम्र में यह कामयाबी हासिल की। डीयू से स्नातक व बीएचयू से पीजी करने वाली पल्लवी इससे पहले संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में साक्षात्कार तक पहुंच चुकी हैं। पल्लवी के पिता परम पंत 108 एंबुलेंस सेवा के पूर्व जिला प्रभारी व मां दुकान चलाती हैं।

### व्यापार मंडल के त्रिलोचन बने चुनाव अधिकारी

**अल्मोड़ा :** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल उत्तराखंड के नगर इकाई के चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई है। चुनाव प्रक्रिया के तहत जहां सदस्यता अभियान जोरों से चल रहा है। वहीं संगठन द्वारा वरिष्ठ व्यापारी त्रिलोचन जोशी को मुख्य चुनाव अधिकारी मनोनीत किया है। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर द्वारा पत्र जारी कर यह जानकारी दी है। पत्र में कहा कि त्रिलोचन जोशी जल्द अपनी टीम बनाकर चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेंगे। व्यापार मंडल के नगर इकाई के चुनाव आगामी फरवरी माह में प्रस्तावित है। जिसके लिए इन दिनों सदस्यता अभियान के माध्यम से व्यापारियों को संगठन की सदस्यता दिलाई जा रही है।

### एसएमसी सदस्यों को दिया प्रशिक्षण

**अल्मोड़ा :** विकास खंड हवालबाग के सीआरसी स्यालीधार में संकुल के विद्यालयों की एसएमसी सदस्यों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सदस्यों को समितियों के गठन, बाल अधिकारों, पीएम पोषण योजना, समावेशित शिक्षा सहित डिजिटल भारत स्वच्छता विभिन्न विभागों से समन्वयन आदि मुद्दों पर आह्वान मॉड्यूल के आलोक में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सत्रों में एमटी ओम प्रकाश व नगमा नाज द्वारा विस्तार से चर्चा परिचर्चाएं करवाई गई। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका सुधा पांडे, दीवान सिंह व समन्वयक संजय जोशी ने अपने विचार व्यक्त कर प्रशिक्षण का लाभ विद्यालयों तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### बर्शिमी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**अल्मोड़ा :** होम्योपैथिक चिकित्सा विभाग की ओर से हवालबाग विकासखंड के आंगनबाड़ी केंद्र बर्शिमी, लोधिया में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें होमियोपैथिक चिकित्सालय, चौंसली की प्रभारी डॉ. हेमलता गोस्वामी ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां वितरित की। निदेशक होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाएं देहरादून व जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी के निर्देश पर आयोजित हुए शिविर में डॉ. हेमलता गोस्वामी ने क्षेत्रवासियों को साफ सफाई, मौसम संबंधित बीमारियों से बचाव व आई फ्लू के बारे में जागरूक किया। करीब 45 ग्रामीणों ने शिविर का लाभ उठाया। गोस्वामी ने बताया कि निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन आगे भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर का उद्देश्य खासतौर पर वरिष्ठ नागरिकों को उनके घरों के नजदीक चिकित्सका सेवा व परामर्श देना है। शिविर में कमला आर्या, लीला आर्या आदि मौजूद रहे।



चौड़ा राजपुरा आंगनबाड़ी केंद्र में चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम। ● अमृत विचार

### सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया

**टनकपुर :** रुरल एनवायरमेंटल एंड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसायटी रीड्स द्वारा उत्तराखण्ड फोर्सेज के सहयोग से विकासखंड चम्पावत अंतर्गत चौड़ा राजपुरा आंगनबाड़ी केंद्र में सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। ग्राम प्रधान कविता कठायत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में फोर्सज एवं रीड्स संस्था द्वारा किए जा रहे प्रारंभिक बाल देखरेख के कार्यों पर रीड्स की ललिता बोहरा और कुसुम थ्वाल द्वारा चर्चा की गई। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में चर्चा करते हुए आंगनबाड़ी केन्द्र में पहुंच के लिए सुलभ रास्ता, केन्द्र में शौचालय निर्माण करने व केंद्र में पर्याप्त मात्रा में बच्चों के लिए कुर्सी मेज आदि उपलब्ध कराने की मांग उठाई। ग्राम प्रधान कविता कठायत ने कहा कि गांव में कक्षा 8 तक ही स्कूल है, इसके बाद बच्चों को यहां से पैदल 5 किलोमीटर तक चलना पड़ता है। उन्होंने गांव में इंटरमीडिएट तक विद्यालय स्थापित करने की मांग उठाई। रीड्स संस्था ने अपने स्तर से इन मांगों के समाधान करने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में निर्मला देवी, सपना राणा, संगीता राणा, सुनीता बोहरा, रेनू राणा, सावित्री रावत, मीना देवी, उषा देवी, अमन, पुष्पा देवी आदि मौजूद रहे।

# मासी सड़क के किनारे मिला गुलदार का शव

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले की भिकियासैंण तहसील के मासी मोटर मार्ग पर सुतनिया के पास सड़क किनारे एक तेंदुए का शव मिला है। आसपास से गुजर रहे लोगों ने तेंदुए के शव को देखा तो उन्होंने इसकी जानकारी तत्काल वन विभाग के अधिकारियों को दी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर तेंदुए के शव को अपने कब्जे में ले लिया।

चनथरिया रेंज के वन दारोगा प्रदीप चंद्र ने बताया कि तेंदुए के शव को पोस्टमार्टम के लिए अल्मोड़ा भेजा जा रहा है। तेंदुए की मौत क्यों हुई इसका पता पोस्टमार्टम के बाद ही चल पाएगा।

उन्होंने बताया कि गुलदार के सभी अंग सुरक्षित हैं। लेकिन उसके गले और पांव में चोट के निशान हैं। इसलिए प्रथम दृष्टया ऐसा लग रहा है कि तेंदुए को या तो किसी वाहन ने टक्कर मार दी या फिर आपसी संघर्ष में उसकी मौत हो गई।

# खाई में गिरी कार, तीन लोग घायल

संवाददाता, अल्मोड़ा



रतखाल बाजार के पास खाई में गिरी कार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा जनपद के सल्ट विकास खंड के जैनल-डोटियाल मोटर मार्ग पर रथखाल के पास पर्यटकों की एक कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में कार गहरी खाई में जा गिरी। जिस कारण कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों का रेस्क्यू कर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवायल भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

दिल्ली से मानिला घूमने आए कुछ पर्यटक अपनी कार संख्या डीएल-2 सी- 8279 से रथखाल बाजार की ओर जा रहे थे। अचानक रतखाल बाजार से थोड़ा पहले कार अचानक अनियंत्रित हो गई और गहरी खाई में जा गिरी। हादसा होते कार में सवार यात्रियों की चीख पुकार मच गई। सूचना मिलने के बाद सल्ट थाने के थानाध्यक्ष अजेंद्र प्रसाद अपनी टीम के साथ मौके की ओर रवाना हुए। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर कार में फंसे तीन यात्रियों को खाई से बाहर निकाला और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवायल में भर्ती कराया। थानाध्यक्ष अजेंद्र प्रसाद ने बताया कि कार में सवार अरुण वर्मा (35) निवासी गांधीनगर दिल्ली, नितेश मौरल (32) निवासी गाजियाबाद और नरेंद्र कुमार (38) निवासी गांधी नगर दिल्ली हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सीएचसी देवायल में चिकित्सकों ने सभी को प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

# स्नेह संवाद यात्रा टनकपुर और बनबसा पहुंची

संवाददाता टनकपुर


टनकपुर के गांव मनिहारगोठ में स्नेह संवाद यात्रा में पहुंचे पदाधिकारियो का हुआ स्वागत।

**अमृत विचार:** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे की स्नेह संवाद यात्रा दूसरे दिन रविवार को सितारगंज से खटीमा, बनबसा होते हुए टनकपुर पहुंची। बनबसा पहुंचने पर भाजपा प्रासंगिक मोर्चे के कार्यकर्ताओं ने संवाद यात्रा का जोरदार स्वागत किया। बाद में बनबसा से यात्रा को मोटरसाइकिल रैली निकाल टनकपुर मनिहारगोठ पहुंचे। जहां भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के जिलाध्यक्ष अमजद हुसैन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन ने कहा कि अल्पसंख्यक स्नेहा संवाद यात्रा 27 जनवरी से प्रारंभ की गई है जो पूरे प्रदेश में 15 दिन चलेगी। यात्रा में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व उत्तराखंड प्रभारी मुफ्ती अब्दुल वहाब कासमी, प्रदेश महामंत्री महमूद हसन बंजारा, प्रदेश कोषाध्यक्ष इसरार हुसैन, पूर्व जिला अध्यक्ष मुनीर खान, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा चम्पावत के जिला अध्यक्ष अमजद हुसैन, अल्पसंख्यक मोर्चा नैनीताल के पूर्व जिला अध्यक्ष महबूब अली, शमशाद हुसैन, फारुख खान आदि मौजूद रहे।

## आवारा जानवर फसलों को कर रहे बर्बाद

**टनकपुर, अमृत विचार :** जिले के मैदानी क्षेत्रों में हाथियों ने गेहूं व अन्य फसलों को बर्बाद किया तो अब आवारा जानवर भी किसानों के लिए सिर दर्द बन गए हैं। किसानों ने शासन–प्रशासन से पीड़ितों को उचित मुआवजे की मांग की है।

टनकपुर व बनबसा में जहां फेंसिंग सोलर लाइन नहीं बिछी है, वहां हाथियों ने आतंक मचा रखा है। हर रोज हाथी गेहूं व अन्य फसलों को तहस–नहस कर रहे हैं। इधर, ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा जानवर अब भी किसानों के लिए सिर दर्द बने हुए हैं। आमबाग, ज्ञानखेड़ा, ककरालीगेट, बिचई, सैलानीगोठ, छीनीगोठ, नायकगोठ, बोरागोठ, बनबसा के चंदनी, पचपकरिया, भजनपुर, गढ़ीगोठ, गुदमी, फागपुर आदि गांवों में जानवरों ने उत्पात मचा रखा है। स्थानीय प्रशासन ने नगर के निराश्रित जानवरों को तो कालझाला गौशाला भेजा लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की गई है। इधर, आमबाग निवासी कमला चन्द, मीरा पंत, हरिओम सेठी, जीडी पंत, अर्जुन चन्द, रमेश चंद्र पंत, जीत सिंह, बृजमोहन जोशी, प्रेम राम, हरिहर पंत, शेर चन्द, बलजीत चन्द ने शासन–प्रशासन से जानवरों से निजात दिलाने व पीड़ितों को उचित मुआवजा देने की मांग की।



## सार-संक्षेप

### ट्रेन से कटा युवक, आधा घंटा खड़ी रही मालगाड़ी

**बरेली :** बरेली कैंट स्टेशन के पास रविवार तड़के चार बजे एक शख्स की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। हादसे के बाद मालगाड़ी करीब आधा घंटा खड़ी रही। आरपीएफ को कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी कि किलोमीटर संख्या 1303/28 पर एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। जिसके बाद आरपीएफ मौके पर पहुंची। डाउन लाइन के बीच में शव पड़ा हुआ था, जिसे हटाकर ट्रैक को क्लियर किया गया। जीआरपी उप निरीक्षक तरुण कुमार भी मौके पर पहुंच गये। उन्होंने बताया कि मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष है। शव के पास से कोई टिकट व पहचान पत्र नहीं मिला लिहाजा उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। मृतक के हाथ पर राजू लिखा हुआ है। पंचनामा भरकर शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

### विश्वासघात का बना है नया कीर्तिमान: अखिलेश यादव

**लखनऊ :** बिहार के राजनीतिक घटनाक्रम को लेकर समाजवादी पार्टी प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधा है। अखिलेश यादव ने रविवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा– भाजपा अपने जीवनकाल में इतनी कमजोर कभी नहीं थी, जितनी आज हो गयी। आज विश्वासघात का नया कीर्तिमान बना है, जनता इसका करारा जवाब देगी। वहीं नितीश कुमार का भी नाम लिए बगैर अखिलेश ने प्रतिक्रिया दी कि, कोई आप पर विश्वास न करे, एक व्यक्ति के रूप में किसी की इससे बड़ी हार और कुछ नहीं हो सकती।

### अर्द्धनग्न होकर रील बनाने वाला गिरफ्तार

**बरेली :** गांधी उद्यान में अर्द्धनग्न होकर रील बनाने वाले जोगीनवादा के मोहसिन हुसैन को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सिपाही राजन की तहरीर पर हुसैन और एक अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है। सिपाही राजन कुमार ने बताया कि शनिवार को वह गश्त कर रहे थे। उन्हें सूचना प्राप्त हुई कि दो लड़के गांधी उद्यान में अर्द्धनग्न होकर रील बना रहे हैं। इससे पार्क में आने और जाने वाली महिलाओं को समस्या हो रही है। जिसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोगों ने भी इस वीडियो को एक्स पर पोस्ट कर शिकायत की थी।

### स्कूली वाहनों में सीसीटीवी की आज से होगी चेकिंग

**बरेली :** आरटीओ ने बच्चों की सुरक्षा के लिए स्कूली वाहनों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश वाहन संचालकों को दिए थे। अभी तक सभी स्कूली वाहनों में सीसीटीवी कैमरे नहीं लग सके हैं। अब सभी स्कूल खुलने शुरू हो जाएंगे, ऐसे में सोमवार को परिवहन विभाग की टीम स्कूली वाहनों की चेकिंग करेगी। इसमें सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जाएगी, यदि कैमरे लगे नहीं मिले तो कार्रवाई की जाएगी। विकास भवन के पास स्थित डीटीआई में पिछले महीने स्कूल वैन संचालकों और परिवहन विभाग के अधिकारियों की एक बैठक हुई थी। बैठक में आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार सिंह ने स्कूल वाहन संचालकों को निर्देश दिए थे कि एक सप्ताह में वाहनों में जीपीएस, स्पीड गवर्नर, पीली पट्टी, स्कूल का नाम, खिड़की पर रॉड, फिटनेस, पंजीकरण, लाइसेंस आदि मानक पूरे करने के साथ ही सीसीटीवी भी कैमरे अनिवार्य रूप से लगवाए जाएं। आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि अगर स्कूली वाहनों में मानक और सीसीटीवी कैमरे लगे हुए नहीं मिले तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# मां के प्रेमी की ईंट से सिर कुचलकर हत्या

संवाददाता, बरेली/बिथरी चैनपुर

**अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर क्षेत्र में बेटे ने मां के प्रेमी की ईंट से सिर कुचलकर हत्या कर दी। बेटे ने प्रेमी को मां के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मगनपुर थाना जैतीपुर शाहजहांपुर निवासी महिपाल (45) करीब 20 साल से नवदिया देहात जब्ती में अपनी बहन के घर रहता था। वह यहां प्राथमिक विद्यालय में रसुइया था। उसकी शादी नहीं हुई थी। शनिवार रात महिपाल की सिर कुचलकर हत्या कर दी गई। उसका शव बहन के घर के सामने एक गली में पड़ा मिला। शव मिलने के बाद गांव में सनसनी फैल गई। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर थाना पुलिस पहुंची। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान समेत अन्य पुलिस अधिकारी भी पहुंचे और जांच की। पुलिस जांच में सामने आया कि महिपाल का गांव की ही एक महिला से अवैध संबंध था।

शनिवार की देर रात महिला और महिपाल आपत्तिजनक हालत में थे। महिला का बेटा देर रात लघुशंका करने के लिए गया तो दोनों को देख लिया। जिसके बाद उसने गुस्से में आकर पास में पड़ी ईंट से महिपाल के सिर में कई वार किए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

## 192 निराश्रित वृद्धों को पहुंचाया वृद्धाश्रम

**लखनऊ, अमृत विचार:** शीतलहर को देखते हुए समाज कल्याण विभाग ने निराश्रित वृद्धों को ठंड से बचाव का राज्य व्यापी अभियान शुरू किया है। इसके तहत अब तक 192 निराश्रित वृद्धों को वृद्धाश्रम पहुंचाया गया है।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि विगत माह से शुरू हुए इस अभियान में जिला समाज कल्याण अधिकारी समेत वृद्धाश्रम के स्टाफ, स्वयं सेवियों व जागरूक नागरिकों के सहयोग से रेस्क्यू किया गया है। बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, चैराहों इत्यादि में रात्रि में भ्रमण कर ऐसे निराश्रित वृद्धजनों की पहचान की गई जिनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं था और उन्हें आपात पुलिस सेवा 112 व एल्डरलाइन नंबर 14567 के जरिये प्राप्त सूचना के आधार पर तत्काल वृद्धाश्रम में पुनर्वासित किया गया है।

# लकड़ी कारोबारी की गोली मारकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** रुपयों के लेनदेन के विवाद में मुरादाबाद के लकड़ी कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने शनिवार शाम अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव नोहरान में लकड़ी की सौदेबाजी के समय वारदात को अंजाम दिया। सूचना पर पहुंचे एएसपी और सीओ ने मौका मुआयना किया और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। इस मामले में एक नामजद समेत दो लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। जिसके बाद पुलिस हत्यारोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

जनपद मुरादाबाद के कांठ थाना क्षेत्र के गांव उमरी में 40 वर्षीय शहादत का परिवार रहता है। वर्तमान में वह पत्नी भूरी उर्फ यासमीन और तीन बेटों और एक बेटी के साथ अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर में रहते थे। शहादत कांठ के मोहल्ला नई बस्ती ईदगाह निवासी मोहम्मद यासीन के साथ लकड़ी का कारोबार करते थे। उनका गांव उमरी में रहने वाले शहजाद से रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। शहजाद पेशे से शीशे का कारीगर है और वह अहमदाबाद में नौकरी करता है। 26 जनवरी को क्षेत्र के गांव पैगंबरपुर में रुपयों के लेनदेन को लेकर शहजाद और शहादत के बीच विवाद भी हुआ था। उस समय लोगों ने बीच-बचाव कराकर दोनों के बीच मामला शांत कर दिया था।

## एसडीओ वर्मा से पूछताछ करेगी एंटी करप्शन की टीम

**बरेली, अमृत विचार :** पांच हजार की रिश्वत लेने के मामले में एंटी करप्शन की टीम बिजली विभाग के एसडीओ आरजे वर्मा से भी पूछताछ करेगी। इसके बाद उनपर कार्रवाई हो सकती है। शुक्रवार को एंटी करप्शन ने जेई सूरज पाल गुप्ता और लाइनमैन (कुली) नरेन्द्र सिंह रावत को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।

सुभाषनगर में नवजीवन अपार्टमेंट निवासी परमीत सिंह मकान बनवा रहे हैं। उन्होंने अपने पड़ोसी के घर से बिजली ले रखी है। चेकिंग के दौरान बिजली विभाग के जेई सूरज लाल गुप्ता और लाइनमैन नरेंद्र सिंह रावत ने इसे बिजली चोरी बताते हुए दबाव बनाया और 20 हजार रिश्वत की मांग की। रुपये न देने पर रिपोर्ट दर्ज करा कर जेल भेजने की धमकी देने लगे।

# मंदिर को बम से उड़ाने की दी धमकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार:** रविवार सुबह मेस्टन रोड स्थित प्राचीन श्री राम लक्ष्मण जानकी मंदिर में अराजकतत्वों ने पोस्टर चस्पा कर मंदिर व प्रबंधक को बम से उड़ाने की धमकी दी। पोस्टर चस्पा देख इलाके में हड़कंप मच गया। भाजपा पदाधिकारी, डीसीपी पूर्वी समेत कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी खंगाले। मंदिर प्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धर्म का अपमान करना, सद्भाव बिगाड़ने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

नया चौक परेड निवासी रोहित साहू मेस्टन रोड स्थित श्री राम लक्ष्मण जानकी मंदिर (बीच वाला मंदिर) के प्रबंधक व भाजपा के जिला कार्यालय मंत्री हैं। मंदिर समिति में राकेश के पिता सुरेंद्र कुमार साहू सर्वाकार हैं। रोहित ने बताया कि मंदिर का निर्माण संवत 1730 में हुआ था। सन् 1852 में मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ था। रोहित ने बताया कि मंदिर के पुजारी फूलवाली गली निवासी उदय लुटोरिया 15 जनवरी को शादी समारोह में शामिल होने दतिया गए थे। जिसके बाद से वह ही पूजा अर्चना का कार्य कर रहे थे। पुजारी के जाने के बाद से मंदिर सुबह छह बजे किरायेदार संजय प्रताप सिंह खोलते थे।

रोजाना की तरह रविवार सुबह छह बजे संजय ने मंदिर खोला। सूचना पर मंदिर समिति के पदाधिकारी मंदिर पहुंचे। सूचना पर डीसीपी पूर्वी तेज स्वरूप सिंह, एडीसीपी पूर्वी, कोतवाली पुलिस व फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की।

## 55 रुपये की चाय देने पर शबरी रसोई को नोटिस

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या में अरुंधति भवन के शबरी रसोई के चाय और टोस्ट का बिल सोशल मीडिया पर वायरल होते ही अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) ने उसके कर्ताधर्ता मेसर्स कवच फैसिलटी मैनेजमेंट को नोटिस देकर जमकर फटकार लगाई है। एडीए ने कहा मैनेजमेंट तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण दें नहीं तो, प्राधिकरण आपसे किया गया अनुबंध निरस्त कर देगा। यहां विकसित अरुंधती भवन पश्चिम की सुविधाएं मेसर्स कवच फैसिलटी मैनेजमेंट देख रही है।

# धर्म परिवर्तन कराकर किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**अमरोहा, अमृत विचार :** आरोपी ने गैर संप्रदाय की किशोरी को घर से बहला-फुसलाकर लाने के बाद पहले उसका धर्म परिवर्तन किया। जिसके बाद में उसका नाम बदलकर शबनम रख दिया। बिना रजामंदी आरोपी ने उससे निकाह भी किया। पीड़िता ने आरोपी युवक पर दुष्कर्म करने का भी आरोप लगाया है। मामले में नारी उत्थान केंद्र की सदस्य की तहरीर पर आरोपी युवक और उसके एक अज्ञात साथी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर कलां निवासी चांद शनिवार दोपहर संभल जिले के रजपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव की दूसरे संप्रदाय की किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ अमरोहा ले आया था। यहां एक वकील के माध्यम से वह किशोरी से कोर्ट मैरिज करने के इरादे से कचहरी पहुंचा था। जानकारी होने पर वहां पहुंचे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आरोपी युवक को जोया रोड पर पकड़ लिया।

### मन की बात की 109वीं और इस साल की पहली कड़ी में बोले प्रधानमंत्री

# संविधान निर्माताओं का भी प्रेरणा स्रोत रहा है राम का शासन: प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अयोध्या के राम मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर ने देश के करोड़ों लोगों को एक सूत्र में बांध दिया और इस दौरान सामूहिकता की जो शक्ति देखी गई वह विकसित भारत के संकल्पों का बहुत बड़ा आधार है। प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 109वीं और इस साल की पहली कड़ी में देशवासियों से संवाद करते हुए कहा कि राम का शासन देश के संविधान निर्माताओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत था।

उन्होंने कहा कि इस साल हमारे संविधान के निर्माण के 75 वर्ष और उच्चतम न्यायालय के भी 75 वर्ष हो रहे हैं और लोकतंत्र के ये पर्व लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत को और सशक्त बनाते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की मूल प्रति के तीसरे अध्याय में भारत के नागरिकों के मूलभूत अधिकारों का वर्णन किया गया है और ये बहुत दिलचस्प है कि तीसरे अध्याय के प्रारंभ में संविधान निर्माताओं ने राम, माता सीता और लक्ष्मण जी के चित्रों को स्थान दिया था।

### परीक्षा पे चर्चा शिक्षा व परीक्षा से जुड़े मुद्दों पर बात करने का बहुत अच्छा माध्यम बनकर उभरा

छात्रों के साथ वार्षिक 'परीक्षा पे चर्चा' से एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि यह शिक्षा और परीक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने का बहुत अच्छा माध्यम बनकर उभरा है। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 109वीं और इस साल की पहली कड़ी में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष 2.25 करोड़ से अधिक विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के लिए पंजीकरण किया है जबकि 2018 में जब यह कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया गया था, उस वक्त यह संख्या केवल 22,000 थी। उन्होंने कहा-परीक्षा पे चर्चा का यह सातवां संस्करण होगा। यह एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसका मैं हमेशा इंतजार करता हूं। इससे मुझे छात्रों के साथ बातचीत करने का मौका मिलता है और मैं उनके परीक्षा सबंधी तनाव को कम करने का भी प्रयास करता हूं।

## पूरे देश में नफरत और हिंसा फैलाई जा रही

**सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर देशभर में नफरत और हिंसा फैलाने तथा गरीबों और युवाओं के हितों को नजरअंदाज करके बड़े कॉरपोरेट घरानों के लिए काम करने का आरोप लगाया। गांधी उत्तर बंगाल के सिलीगुड़ी में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सशस्त्र बलों के लिए एक अल्पकालिक भर्ती योजना 'अग्निवीर' को शुरू करके उन युवाओं का मखौल उड़ाया है जो सशस्त्र बलों में शामिल होना चाहते थे। उन्होंने कहा-देशभर में नफरत और हिंसा फैलाई जा रही है। इससे कोई फायदा नहीं होगा।





ठाणे में रविवार को ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा आयोजित विंटेज कार और बाइक रैली में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ● एजेंसी

## एक नजर

### मुंबई में क्रेन से कुचलकर मजदूर की मौत

**ठाणे।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में क्रेन से कुचलकर 20 वर्षीय एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि घटना शनिवार सुबह करीब 11.30 बजे खारघर इलाके में हुई। उसने बताया कि केबल बिछाने के लिए खुदाई की जा रही थी और मजदूर उस जगह पर एक केबल ड्रम को धकेल रहा था तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह सड़क पर क्रेन के पास गिर गया। खारघर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि उस समय क्रेन संचालक ने मशीन को आगे बढ़ा दिया, जिससे कुचलकर मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान नवी मुंबई के बेलापुर इलाके के निवासी सुनील नरसीमा तांगड़ी के रूप में हुई है।

### लड़की पर तेजाब फेंकने का आरोपी पकड़ा गया

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी इलाके में एक स्कूल के समीप एक लड़की पर तेजाब जैसा तरल पदार्थ कथित तौर पर फेंकने को लेकर रविवार को 16 वर्षीय एक किशोर को पकड़ा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना बुधवार दोपहर एक बजे हुई, जब लड़की शास्त्री पार्क एक्सटेंशन इलाके में एक स्कूल से अपने 10 वर्षीय संबंधी को लाने के लिए गयी थी। घटना की शिकायत उसी दिन दर्ज कर बुराड़ी पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता के तहत प्राथमिकी भी दर्ज की गई।

## मराठा आरक्षण पर महाराष्ट्र सरकार के फैसले से मैं सहमत नहीं: नारायण राणे

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने रविवार को कहा कि वह महाराष्ट्र सरकार के उस फैसले से सहमत नहीं हैं, जिसमें कहा गया है कि जबतक मराठों को आरक्षण नहीं मिल जाता है, तबतक उन्हें ओबीसी को मिल रहे सभी लाभ मिलेंगे। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ने राणे 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यह अन्य पिछड़ा वर्ग में अतिक्रमण होगा तथा इससे महाराष्ट्र में अशांति फैल सकती है। मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा उनकी मांगें मान लिये जाने के बाद शनिवार को अपना अनिश्चितकालीन उपवास खत्म कर दिया था। मुख्यमंत्री शिंदे ने घोषणा की थी कि जबतक मराठों को आरक्षण नहीं मिल जाता, तबतक उन्हें ओबीसी को प्राप्त सभी लाभ मिलेंगे।

## आप लोस चुनाव इंडिया के साथ मिलकर लड़ेगी : केजरीवाल

चंडीगढ़, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि उनकी आम आदमी पार्टी (आप) हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीट पर अपने दम पर चुनाव लड़ेगी, लेकिन लोकसभा चुनाव विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के हिस्से के रूप में लड़ेगी।



लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में प्रस्तावित हैं जबकि विधानसभा चुनाव इस साल के अंत में होंगे। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने जींद में पार्टी की 'बदलाव जनसभा' में कहा-आज लोगों को केवल एक ही पार्टी पर भरोसा है, जो आम आदमी पार्टी है। एक तरफ उन्हें पंजाब, तो दूसरी तरफ दिल्ली में हमारी सरकार दिखती है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा एक बड़ा बदलाव चाहता है। इसके पहले दिल्ली और पंजाब के लोगों ने यह बड़ा बदलाव किया था और अब वहां के लोग खुश हैं।

## दिल्ली के मंदिर में जागरण के लिए बनाया गया मंच गिरा, एक की मौत

नई दिल्ली,एजेंसी

**▸▸ शनिवार देर रात हुआ हादसा 17 अन्य लोग घायल**

दिल्ली में कालकाजी मंदिर में जागरण के लिए बनाए गए मंच के ढह जाने से 45 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुखद घटना शनिवार देर रात करीब 12.30 बजे हुई। मृतका की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

पुलिस के अनुसार शनिवार को कालकाजी मंदिर के महंत परिसर में जागरण का आयोजन किया गया था और इसमें लगभग 1600 लोग शामिल हुए थे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने महिला की मौत पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री केजरीवाल ने लिखा "कालकाजी मंदिर के जागरण में कल रात हुआ हादसा बेहद दुखद है, हादसे में एक महिला की मौत हुई है, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें।

घायल हुए 17 लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। उन्होंने लिखा-मेरी सभी दिल्लीवासियों से अपील है कि किसी भी तरह के बड़े आयोजन में सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखें, व्यवस्था इस प्रकार करें कि कोई भी अप्रिय घटना ना घटे। पुलिस उपीयुक्त (दक्षिणपूर्व) राजेश देव ने बताया, कार्यक्रम के लिए कोई पूर्व अनुमति नहीं दी गई थी। हालांकि, कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त कर्मी तैनात किए गए थे। शनिवार रात लगभग 12.30 बजे 1,500-1,600 लोग एकत्र हुए थे। पुलिस के अनुसार आयोजकों और अति विशिष्ट लोगों के परिवारों के लिए मुख्य मंच के पास लोहे के फ्रेम के सहारे लकड़ी का ऊंचा मंच बनाया गया था। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि लगभग 12.30 बजे वजन अधिक होने के कारण यह मंच बीच में से ढह गया। इसके चलते मंच पर बैठे और जमीन पर उसके आसपास बैठे लोग घायल हो गए।

एक प्रत्यक्षदर्शी वरुण ने बताया कि मंदिर में बड़ी भीड़ थी क्योंकि गायक बी प्राक वहां मौजूद थे। बताया-अचानक मंच ढह गया और मंच के पास बैठे लोगों को चोटें आईं। गायक बी प्राक तब तक वहां से जा चुके थे। मंदिर में मौजूद एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि उसने बहुत तेज आवाज सुनी और लोगों को बाहर भागते हुए देखा था।

## सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा समेत छह अन्य ने कैबिनेट मंत्री के तौर पर ली शपथ

पटना, एजेंसी

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेता नीतीश कुमार ने रविवार को नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के तौर पर और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा समेत छह अन्य ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

राजभवन में आयोजित समारोह में बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने श्री नीतीश कुमार के बाद भाजपा के सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, जदयू के विजय चौधरी, विजेंद्र यादव, श्रवण कुमार, भाजपा के ही प्रेम कुमार, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के संतोष कुमार सुमन और निर्दलीय सुमित कुमार सिंह को कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलाई। इस मौके पर भाजपा समर्थकों ने जय श्री राम और मोदी मोदी के नारे लगाए। वहीं, हम के समर्थकों ने जय भीम तथा जदयू समर्थकों ने नीतीश कुमार के पक्ष पर नारा लगाया।

शपथ ग्रहण समारोह में बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस, हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतनराम मांझी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, जदयू सांसद ललन सिंह, भाजपा नेता मंगल पांडे और राजीव प्रताप रूडी समेत कई अन्य गणमान्य शामिल थे।


**पटना :** बिहार के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर, नव-शपथ ग्रहण करने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा। ● एजेंसी

**▸▸ नीतीश कुमार नौवीं बार बने बिहार के मुख्यमंत्री**

### भाजपा ने 7 साल के छोटे सफर में उप मुख्यमंत्री बनाकर सम्राट चौधरी की पगड़ी का बढ़ाया मान

**पटना।** वंशवाद और परिवारवाद से परे की राजनीति का दावा करने वाली भाजपा ने सम्राट चौधरी को पार्टी के साथ महज 7 साल के छोटे सफर में ही बिहार का उप मुख्यमंत्री बनाकर उनकी पगड़ी का मान बढ़ा दिया है। भाजपा में वर्ष 2017 में शामिल हुए सम्राट चौधरी ने वर्ष 2022 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से नाता तोड़ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नीत महागठबंधन में शामिल हो कर सरकार बनाने के बाद प्रण लिया था कि 'नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री की कुर्सी से उतारने के बाद ही वह अपनी पगड़ी खोलेंगे।' बिहार में सियासी हालात ऐसे बने कि श्री नीतीश कुमार को कुर्सी छोड़नी पड़ी और फिर एक नए समझौते के साथ उनकी (श्री कुमार) अगुवाई में सरकार बनी तब भाजपा ने श्री सम्राट चौधरी की आन-बान को कम नहीं होने दिया और उन्हें उप मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाकर उनकी 'पगड़ी' का मान और बढ़ा दिया। श्री चौधरी के भाजपा में आने के एक साल बाद वर्ष 2018 में ही उन्हें बिहार भाजपा का उपाध्यक्ष बना दिया गया। इतना ही नहीं वर्ष 2020 में प्रदेश की राजग सरकार में उन्हें पंचायती राज मंत्री की जिम्मेवारी सौंपी गई। इसके बाद 27 मार्च 2023 को वह बिहार भाजपा के अध्यक्ष बनाए गए।

# कारोबार/कृषि

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**-शरबती 84-86 मसूरी 65 1121 बासमती 99, **दाल दलहन**-चना 96-116 साबुत चना दाल 63-64 मूंग साबुत 70-104 राजमा 180-202 दाल उड़द 115-118 साबुत मसूर दाल 72 मसूर दाल 70-73 उड़द साबुत 96-116 काबुली चना 115-165 अरहर साबुत 84-126 अरहर दाल 155-157 लोबिया/करमानी 74 सोयाबीन 40-42 मूंगफली 74-77 मटर (सूखी) 49-62 मक्का 25 रुपये।

## एक नजर

### भारत की गैस मांग 6% बढ़ने का अनुमान

**नई दिल्ली।** उर्वरक इकाइयों, बिजली उत्पादन और औद्योगिक क्षेत्रों में खपत बढ़ने के साथ भारत की प्राकृतिक गैस की मांग 2024 में छह प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने यह जानकारी दी। भारत में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति 2022 में सालाना आधार पर सात प्रतिशत घट गई थी, हालांकि 2023 में इसमें पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान मुख्य रूप से पेट्रोरसायन, बिजली उत्पादन, रिफाइनरी और औद्योगिक क्षेत्रों से मांग बढ़ी।

### प्रौद्योगिकी के व्यापार पर कल होगी चर्चा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के शीर्ष अधिकारी, उद्योग जगत की दिग्गज हस्तियां और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ भारत की निर्यात नियंत्रण प्रणालियों पर 30 जनवरी को यहां चर्चा करेंगे। एक अधिकारी ने बताया कि इस दौरान संवेदनशील वस्तुओं और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के व्यापार तथा वैश्विक सर्वोत्तम व्यवहार पर विचार-विमर्श होगा। कहा कि रणनीतिक व्यापार नियंत्रण पर राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान निर्यात नियंत्रण प्रणालियों पर चर्चा के लिए सभी को एक मंच मिलेगा।

# बजट में मोदी की गारंटी छाए रहने की संभावना

### पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग बोले-पेश की जा सकती हैं लोकलुभावन योजनाएं

नई दिल्ली, एजेंसी



सरकार के आम चुनाव से पहले पेश किए जाने वाले बजट में मोदी की गारंटी की छाप रहने की संभावना है। इस अंतरिम बजट में मध्यम वर्ग, किसानों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों समेत मतदाताओं के बड़े वर्ग को आकर्षित करने के लिए 'लोकलुभावन योजनाएं' पेश की जा सकती हैं। यह बात पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने रविवार को कही। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार इस गारंटी को पूरा करने के लिए अगर जरूरत हुई, तो राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को लेकर थोड़ी रियायत भी ले सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में एक फरवरी को वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करेंगी। यह उनका लगातार छठा बजट होगा।

गर्ग ने कहा कि वास्तव में, लोकसभा चुनाव से पहले पेश होने वाला अंतरिम बजट, सत्ता में मौजूद पार्टी के लिए मुफ्त एवं लोकलुभावन योजनाओं के जरिए मतदाताओं को आकर्षित करने का एक मौका होता है। वर्ष 2019 में आम चुनाव से पहले पेश अंतरिम बजट में भी हम ऐसा होते हुए देख चुके हैं। उन्होंने कहा-सरकार ने 2019 में मध्यम वर्ग, किसानों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों-को लक्षित किया था। कुल मिलाकर ये लगभग 75 करोड़ मतदाता हैं। ऐसी संभावना है कि सरकार इस बार भी इन मतदाताओं का खास ध्यान रखेगी।

### आगामी बजट से वाहन कंपनियों को भरोसा, हरित परिवहन को बढ़ावा देना जारी रखेगी सरकार

वाहन क्षेत्र की कुछ प्रमुख कंपनियों का मानना है कि सरकार को आगामी बजट में हरित परिवहन को बढ़ावा देने की नीति को जारी रखने की जरूरत है। उनका कहना है कि इसके अलावा बुनियादी ढांचा क्षेत्र की विकास की रफ्तार को भी कायम रखने की जरूरत है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेंगी। मर्सिडीज बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने कहा-हमारा अनुमान है कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र की परियोजनाओं पर पूंजीगत व्यय जारी रहेगा। सरकार को हरित परिवहन के लिए नीतिगत प्रोत्साहन पर ध्यान जारी रखना चाहिए। इससे देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की स्वीकार्यता तेजी से बढ़ाने में मदद मिलेगी। वहीं टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के उप-प्रबंध निदेशक (कॉरपोरेट योजना, वित्त एवं प्रशासन और विनिर्माण) स्वप्नेश आर मारू ने कहा कि वाहन विनिर्माताओं को भरोसा है कि सरकार अर्थव्यवस्था और परिवहन क्षेत्र को एक ऐसे हरित भविष्य में स्थानांतरित करने की दिशा में अपना प्रयास जारी रखेगी जो जीवाश्म ईंधन पर कम निर्भर हो। जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक रघुपति सिंघानिया ने कहा कि वाहन क्षेत्र के लिए सतत नीतियों से इस क्षेत्र का विस्तार होगा।

## लाल सागर संकट से तेल आपूर्ति में व्यवधान नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

**▸▸ एचपीसीएल प्रमुख बोले, पिछले साल रूसी आपूर्ति 35 प्रतिशत से अधिक**



हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के चेयरमैन पुष्प कुमार जोशी ने कहा कि लाल सागर में हुती विद्रोहियों द्वारा माल ढुलाई जहाजों पर किए जा रहे हमलों से भारत में कच्चे तेल की आपूर्ति पर कोई असर नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा कि हालांकि, रास्ता बदलकर अपेक्षाकृत लंबे 'केप ऑफ गुड होप' मार्ग अपनाने के कारण माल ढुलाई की लागत बढ़ गई है। तीसरे सबसे बड़े तेल आयातक भारत में रूस से तेल की आपूर्ति लाल सागर मार्ग से होती है।

पिछले साल भारत के कुल कच्चे तेल के आयात में रूसी आपूर्ति 35 प्रतिशत से अधिक थी, जो प्रति दिन 17 लाख बैरल थी। रूसी जहाज और मालवाहक फिलहाल हमलों का मुख्य लक्ष्य नहीं हैं। हालांकि, स्वेज नहर और लाल सागर के माध्यम से आवागमन के बजाय अफ्रीका के दक्षिणी सिरे के आसपास का मार्ग अपनाने से जहाजों को लंबी यात्राएं करनी पड़ रही हैं, जिससे जहाजों की कमी हो गई है और माल ढुलाई लागत में वृद्धि हो गई है।

चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) के नतीजे आने के बाद निवेशकों के साथ एक बातचीत में जोशी ने कहा कि एचपीसीएल ने अप्रैल के मध्य तक कच्चे तेल की आपूर्ति तय कर दी है और उसे आपूर्ति में कोई बाधा नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि एचपीसीएल अपनी कच्चे तेल की 44-45 प्रतिशत जरूरतों को सऊदी अरब और इराक की राष्ट्रीय कंपनियों से किए गए करार के जरिए पूरा करती है।

### मार्ग से देश का निर्यात 50%, आयात 30%

**मुंबई।** लाल सागर जल मार्ग के आसपास चल रहे संकट का प्रभाव विभिन्न उद्योगों के आधार पर अलग-अलग होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में देश के निर्यात का 50 प्रतिशत और आयात का 30 प्रतिशत इस मार्ग से हुआ है। क्रिसिल रेटिंग्स ने लाल सागर संकट के कारण देश में विभिन्न व्यापार खंडों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर एक रिपोर्ट तैयार की है। लाल सागर व्यापारिक मार्ग में संकट तब शुरू हुआ जब यमन स्थित हुती विद्रोहियों ने अक्टूबर, 2023 में शुरू हुए इजरायल-फलस्तीन युद्ध के कारण नवंबर में वहां से गुजरने वाले वाणिज्यिक माल ढुलाई जहाजों पर लगातार हमले किए।

## शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.16 लाख करोड़ रुपये घटा

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात का सामूहिक बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) पिछले सप्ताह 1.16 लाख करोड़ रुपये घट गया। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ।

कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 982.56 अंक या 1.37 प्रतिशत के नुकसान में रहा। शीर्ष 10 सबसे कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। वहीं आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और भारती एयरटेल की बाजार हैसियत बढ़ गई। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 32,661.45 करोड़ रुपये घटकर 10,90,001.31 करोड़ रुपये रह गया। एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 20,682.74 करोड़ रुपये घटकर 5,71,337.04 करोड़ रुपये पर आ गया।

# टोल फ्री पर आए फसल बीमा के दावे कर दिए गए गोल

प्रशांत सक्सेना, अमृत विचार

**▸▸ 2023-24 में कितने व्यक्तिगत दावे, कितने स्वीकार व कितने निरस्त पता नहीं**

**▸▸ क्लेम बचाने के चक्कर में कंपनियों ने कृषि विभाग को नहीं दिया कॉल विवरण**

**लखनऊ :** बीमा कंपनियों ने खरीफ 2023-24 में बीमित फसलों का क्लेम बचाने के चक्कर में व्यक्तिगत दावे गोल कर दिए। जो बारिश या फिर आपदा के समय किसानों ने टोल फ्री नंबर पर काल कर दर्ज कराए थे। नुकसान के समय प्रदेश में टोल फ्री नंबर पर कितनी काल आई, कितने दावे स्वीकार किए और कितने निरस्त किए यह व्यक्तिगत दावे कंपनियां छिपा गईं। कृषि विभाग को भी इस तरह का विवरण नहीं दिया गया। इससे यह माना जा रहा कि कंपनियों ने हर बार की तरह ज्यादातर व्यक्तिगत दावे निरस्त कर दिए। क्योंकि नुकसान के समय टोल फ्री नंबरों पर 72 घंटे के अंदर कॉल कर शिकायत दर्ज की जाती है। इसी आधार पर कंपनियों को फसल का सर्वे कर 100 फीसद क्षतिपूर्ति 21 दिन के अंदर देय होती है। इसमें कंपनियों को घाटा होता है। जिसे बचाने के लिए दावे निरस्त कर कॉल रिपोर्ट दबा लेती हैं।



**... तो किस आधार पर 6 करोड़ :** खरीफ 2023-24 में 23.54 लाख किसानों ने धान, बाजरा, मक्का, तिल, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन आदि फसल बीमित कराई थी। कंपनियों ने 600 करोड़ प्रीमियम लिया था। इसमें 8 हजार किसानों को 6 करोड़ रुपये क्षतिपूर्ति देना बताया जा रहा है। जबकि 5 हजार किसानों का 3 करोड़ बकाया है। लेकिन, इसमें व्यक्तिगत दावे कितने और मध्यावधि की क्षतिपूर्ति कितनी यह स्पष्ट नहीं है। ऐसे में क्रॉप कटिंग यानी कटाई के दौरान उपज के आधार पर क्षतिपूर्ति दी जाएगी। इसमें कंपनियों को फायदा और किसानों को घाटा होता है।

वहीं इस संबंध में उमा शंकर सिंह, उप निदेशक (फसल बीमा एवं सांख्यिकीय, कृषि निदेशालय) ने बताया कि खरीफ का 6 करोड़ रुपये भुगतान किया गया है। इसमें मध्यावधि व व्यक्तिगत दावे शामिल हैं। लेकिन अलग-अलग संख्या स्पष्ट नहीं है। टोल फ्री पर आए व्यक्तिगत दावों की कॉल रिपोर्ट सभी कंपनियों से मांगी गई है।

### इतने किसानों की फसल बीमित

केसीसी किसान - 20.17 लाख
गैरऋणी किसान - 3.37 लाख
बीमित क्षेत्रफल - 291.13 लाख

### ये लिया गया प्रीमियम

कुल - 600.95
कृषक - 181.13
राज्य अंश - 209.91
केंद्र अंश - 209.91 (करोड़ में)

## एक नजर

### बालीः विश्व का पहला प्राइवेट जेट विला, 1 रात का किराया 5.4 लाख



**जकार्ता।** इंडोनेशिया के बाली में 30 साल के रूसी प्रॉपर्टी डेवलपर फेलिक्स डेमिन ने समुद्र किनारे दुनिया का पहला प्राइवेट जेट विला बनाया है। पुराने बोइंग 737-200 में बने इस विला में एक रात रहने का किराया 5 .4 लाख रुपये है। ये विला 2 साल में 8 .3 करोड़ रुपये में बना है। हालांकि, भीड़-भाड़ से दूर यहां एक शांत वातावरण है। कॉकपिट में हॉट टब के साथ एक चट्टान पर स्थित यह दुनिया का सबसे अनोखा होटल है। विमान के ढांचे से निर्मित पहला लक्जरी विला है। बाली में न्यांग न्यांग बीच चट्टानों पर स्थित है और इसे बोइंग 737 विमान का उपयोग करके बनाया गया था।

### अमेरिका के लॉस एंजिलिस में गोलीबारी, चार लोगों की मौत

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस में शनिवार को गोलीबारी की घटना में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने इस हत्या के बाद आत्महत्या का मामला बताया है। लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग ने सोशल मीडिया पर एक बयान साझा कर बताया कि लेर्डो एवेन्यू के 11600 ब्लॉक में गोलीबारी की सूचना मिलने पर अधिकारी रात सात बजे से पहले घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर चार लोगों को मृत घोषित किया गया और जांचकर्ताओं के अनुसार, यह हत्या के बाद आत्महत्या करने का मामला है।

## सदन की कार्यवाही में व्यवधान कोविड के खतरे से कम नहीं: उपराष्ट्रपति धनखड़

# 'चर्चा' लोकतंत्र की आधारशिला

मुंबई, एजेंसी

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि 'चर्चा' जो लोकतंत्र की आधारशिला है, हंगामे में तब्दील हो गई है और सदन की कार्यवाही में व्यवधान लोकतंत्र के लिए कोविड के खतरे से कम नहीं है।

धनखड़ ने 84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि विधायी निकायों के पीठासीन अधिकारियों को सदन की मर्यादा सुनिश्चित करने के लिए अपने अधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधायी निकायों की कार्यवाही में व्यवधान एक दुखद परिदृश्य है। धनखड़ ने कहा, यह कोई रहस्य नहीं है कि गड़बड़ी और व्यवधान की योजना बनाई जाती है, जिसके लिए बैनर छापे जाते हैं और नारे गढ़े जाते हैं। ऐसी चीजों का हमारी प्रणाली में कोई स्थान नहीं है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रतिनिधि संस्थाओं और प्रतिनिधियों में जनता के विश्वास का कम होना समाज के लिए कैंसर है। धनखड़ ने कहा कि पीठासीन अधिकारियों को सदन की कार्यवाही पर बारीक नजर रखनी चाहिए और मर्यादा सुनिश्चित करने के लिए अपने अधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए।

उन्होंने कहा, पीठासीन अधिकारी लोकतांत्रिक स्तंभों के संरक्षक हैं। उन्होंने अफसोस जताया कि (सदन में) अनुशासनहीनता और अशोभनीय व्यवहार की घटनाएं बढ़ रही हैं और व्यवधान डालने में गर्व महसूस किया जाता है। धनखड़ ने कहा, यह परेशान करने वाला परिदृश्य है और इससे बाहर निकलने का रास्ता खोजने के लिए आत्ममंथन की जरूरत है। धनखड़ ने कहा कि पीठासीन अधिकारियों के कर्तव्यों में यह सुनिश्चित करना शामिल है कि विधायी प्रक्रिया सार्थक, जवाबदेह, प्रभावी और पारदर्शी हो तथा जनता की आवाज उठायी जाए। उन्होंने कहा, जनता की ओर देखें। वे हमें चुनते हैं, उन्हें हमसे उम्मीदें हैं। वे चाहते हैं कि उनकी आकांक्षा हमारे माध्यम से साकार हो। ऐसे में, जब कोई कार्यवाही में व्यवधान पैदा करता है तो यह उनके (जनता) लिए कितना कष्टदायक होता है। तब यह और भी अधिक पीड़ादायक होता है, जब व्यवधान करने में गर्व महसूस किया जाता है।

### अशोभनीय आचरण की जगह हमारे देश के संसद में नहीं



84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधन में उपराष्ट्रपति ने कहा कि संसद में हंगामा और कार्यवाही बाधित करने की योजना बनाई जाती है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक इशारों पर तख्तियां छपवाई जाती हैं। उपराष्ट्रपति के मुताबिक सदन में नारेबाजी के लिए भी रणनीति बनाकर हंगामे होते हैं। इन बातों में कुछ भी अब रहस्य जैसा नहीं। संसद में ऐसे अशोभनीय आचरण की कोई जगह हमारे देश के सिस्टम में नहीं है। उन्होंने कहा कि संसद और विधानसभाओं के प्रति कम होता जनता का भरोसा कैंसर जैसा है।

## नेपालः ग्लेशियर पिघलने से बाढ़ का खतरा, अब बिजली बना रहे

**काठमांडू।** नेपाल उच्च हिमालयी क्षेत्रों में ग्लेशियर पिघलने से गांवों को बाढ़ से बचाने के लिए छोटे-छोटे बांध बनाए जा रहे हैं। इनपर हाइड्रो पावर संयंत्र लगाने का प्रयोग कामयाब है। 2017 में पहली बार तिब्बत सीमा से लगे नेपाल के क्यानजिन घाटी के दो गांवों में हाइड्रो पावर प्लांट से 175 घरों में रोशनी, खाना पकाने और अन्य जरूरतों के लिए बिजली दी जा रही है।

गर्मी बढ़ने से हिमालय की ऊंची चोटियों की बर्फ पिघल रही है। इससे तेजी से भरने वाली हिमनद झीलों के नीचे स्थित गांवों में विनाशकारी बाढ़ का खतरा मंडराता रहा है। इससे निपटने के लिए नेपाल ने छोटी-छोटी नहरें भी बनाई हैं। बता दें कि पिछले साल अक्टूबर में पूर्वोत्तर भारतीय प्रांत सिक्किम में ल्होनक झील के फटने से 150 से अधिक लोग मारे गए और 2 हजार घर गिर गए थे। नेपाल सरकार ने त्रासदी को देखते हुए पहल की है, और कई प्रोजेक्ट्स पर काम किया जा रहा है।

## मुंबईः नौकरी करने वाले नहीं देने वाले बनें: धर्मेंद्र प्रधान

मुंबई, एजेंसी

▶▶ आईआईएम के दीक्षांत समारोह में बोले- 2047 तक विकसित भारत में शिक्षा का होगा अहम योगदान



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि साल 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना पूरा करने में शिक्षा और तकनीक का योगदान अहम होगा। आईआईएम मुंबई के प्रथम दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि प्रधान ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे विकसित इकोनॉमी बन सकती है और विकसित भारत मे हम दुनिया को साथ लेकर चलेंगे। उन्होंने नए स्नातकों का आह्वान किया कि नौकरी करने वाले नही नौकरी देने वाले बनें।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की उपस्थिति में संस्थान के 1013 छात्रों को स्नातकोत्तर डिग्री प्रदान की गई। साल 1963 में स्थापित, भारतीय प्रबंधन संस्थान मुंबई (आईआईएम मुंबई) शैक्षिक उत्कृष्टता के केंद्र का गढ़ है, जिसने देश के शैक्षिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के साथ संरेखित करने की प्रतिबद्धता के साथ, आईआईएम मुंबई को रसद और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में क्षमता निर्माण के लिए नोडल केंद्र के रूप में नामित किया गया है, जो शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान के कार्यान्वयन में सक्रिय रूप से योगदान देता है। आईआईएम मुंबई तीन एमबीए कार्यक्रम, उद्योग की जरूरतों को पूरा करने वाले कार्यपालक कार्यक्रम, वैश्विक और राष्ट्रीय प्रमाणन कार्यक्रमों की पेशकश करता है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और अतिथि के रूप में प्रबंध निदेशक और सीईओ, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) आशीष कुमार चौहान और आईआईएम मुंबई शासी मंडल के अध्यक्ष शशि किरण शेट्टी और अन्य सदस्य शामिल थे।

## पाकिस्तानः बलूचों पर अत्याचार मानवाधिकारों का उल्लंघन

वाशिंगटन, एजेंसी

▶▶ अमेरिका बेचैन, सांसद शेरमन पाकिस्तान पर बोले- अमेरिका अत्याचार पर चुप नहीं बैठेगा

अमेरिकी सांसद ब्रैड शेरमन ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान में लोगों पर हो रही हिंसा पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को बलूचिस्तान में लोगों को गायब करने, हत्याएं बंद करनी चाहिए। शनिवार को उन्होंने बलूचिस्तान और सिंघ क्षेत्रों में लोगों के जबरन गायब होने के मुद्दे पर अपनी चिंता व्यक्त की है।

एक कार्यक्रम में अमेरिकी सांसद ब्रैड शेरमन ने कहा कि हालांकि अमेरिका पाकिस्तान के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करता है, लेकिन वहां हो रहे मानवाधिकार उल्लंघन पर चुप नहीं रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम दुनियाभर में मानवाधिकार उल्लंघनों के खिलाफ खड़े हैं और पाकिस्तान में इस तरह का उल्लंघन दिखाई दे रहा है। कांग्रेसी सांसद की पाकिस्तान में मानवाधिकारों के उल्लंघन की चिंता ने पाकिस्तान की पोल खोल दी है।

शेरमन ने सिंध फाउंडेशन के सूफी लघारी और फातिमा के साथ अपनी चर्चाओं को सोशल मीडिया पर साझा किया है। सिंध प्रांत में लोगों के गायब होने और हत्याओं की खबरें सामने आ रही हैं। उन्होंने मानवाधिकार उल्लंघनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे नेता महरंग बलूच के मामले पर जोर डाला है। उन्होंने लिखा कि महरांग बलोच 16 साल की थी, जब पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने उनके पिता का अपहरण कर लिया था।

## फ्रांसीसी पत्रकार को नोटिस, भारत बोला- वीजा नियमों का हुआ उल्लंघन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने हाल ही में फ्रांस की एक महिला पत्रकार वेनेसा डौगनेक को नोटिस जारी किया था। यह नोटिस फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के नई दिल्ली दौरे से पहले जारी किया गया था।

मैक्रों की यात्रा के बीच इस मामले पर भी खूब चर्चा हो रही थी। अब भारत ने शुक्रवार को स्पष्ट किया है कि उनको यह नोटिस वीजा नियमों के उल्लंघन के कारण जारी किया गया है। वेनेसा को गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाले विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) ने नोटिस जारी किया था। भारत ने फ्रांस से कहा कि दिल्ली में रहने वाली फ्रांसिसी पत्रकार को वीजा नियमों के उल्लंघन के कारण नोटिस जारी किया गया है।

## मालदीव की संसद में सत्तारूढ़ और विपक्षी सांसदों में मारपीट

माले, एजेंसी

▶▶ घायल नेता को इलाज के लिए भेजा गया अस्पताल

मालदीव की संसद के विशेष सत्र में रविवार को पीपीएम व पीएनसी पार्टी की गठबंधन सरकार के सांसदों और विपक्षी सांसदों के बीच जमकर मारपीट हुई। इसमें कुछेक सांसद घायल हो गए हैं और सरकार के प्रस्ताव पर संसद की मंजूरी नहीं मिल पाने से मोहम्मद मुइज्जू सरकार को करारा झटका लगा है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, सनसनीखेज वीडियो फुटेज में कुछ चौंकाने वाले दृश्य देखने को मिले।

इसमें मुख्यतः मारपीट विपक्षी एमडीपी सांसद इसा और सत्तारूढ़ पीएनसी सांसद अब्दुल्ला शहीम अब्दुल हकीम के बीच होती देखी जो सतारूढ़ गठबंधन और विपक्षी दलों की मारपीट में बदल गई। बात दें, वीडियो में शमीम को इसा का पैर पकड़कर खींचते और फिर दोनों सांसदों के एक साथ जमीन पर गिरते दिखाया गया है। वहीं दूसरे फुटेज में ईसा को शहीम की गर्दन पर लात मारते और उनके बाल खींचते देखा गया। दोनों सांसदों की गुत्थम-गुत्था में और कई सांसद भी लपेटे में आ गए। एक अन्य फुटेज में कई अन्य सांसदों को शहीम को खींचकर दूसरी तरफ ले जाता भी देखा गया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार इस भीषण मार-पिटाई के बाद घायल एक सांसद को एम्बुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल भेजना पड़ा। मंत्रियों की पुनर्नियुक्ति को दोपहर 1.30 बजे मंजूरी दी जानी थी, लेकिन कुछ पीएनसी सांसदों ने सदन को घेर लिया और सत्र को बाधित कर दिया।

### अंडरवाटर मेट्रो...



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में हुगली नदी के नीचे से गुजरने वाली देश की पहली अंडरवाटर मेट्रो के सफर को रोमांचक और यादगार बनाया जा रहा है। हुगली नदी तल से 13 मीटर और जमीन से करीब 33 मीटर नीचे से गुजरने वाली 520 मीटर लंबी टनल में दोनों तरफ नीले रंग की लाइट लगाई गई है। इससे पानी के अंदर होने का अहसास होगा। सफर ज्यादा रोमांचक बनाने के लिए लाइट्स से ही टनल की दीवारों पर मछलियां बनाई गई हैं। ● एजेंसी

## लालच देकर स्वदेशी समुदायों का हो रहा धर्मांतरण

▶▶ आठवें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में हिमंत बोले- युवा स्वदेशी आस्थाओं -धर्मों को जीवित रखें

डिब्रूगढ़, एजेंसी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने रविवार को कहा कि भारत के स्वदेशी समुदाय अक्सर मुख्यधारा के धर्मों द्वारा धर्मांतरण के प्रयासों का लक्ष्य बन गए हैं। जिससे व्यक्तियों को भौतिक लालच देकर भ्रमित किया जाता है। उन्होंने युवा पीढ़ी से स्वदेशी आस्थाओं और धर्मों को जीवित रखने का आग्रह किया।

साथ ही उन्होंने इस मुद्दे पर अपनी सरकार के द्वारा उठाए गए कदमों को साझा किया। आठवें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और बुजुर्गों की सभा के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से भारत में स्वदेशी समुदाय अक्सर मुख्यधारा के धर्मों द्वारा रूपांतरण प्रयासों का लक्ष्य बन जाते हैं। कई धार्मिक समूहों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के परिणामस्वरूप स्वदेशी आस्था का पालन करने वालों की आबादी में गिरावट आ सकती है। उन्होंने कहा कि मिशनरी संगठनों द्वारा दिए जाने वाले भौतिक लाभ, शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल लाभों का प्रलोभन व्यक्तियों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि हमें स्वदेशी धार्मिक प्रथाओं की रक्षा करनी होगी। इन आस्थाओं को मानने वालों की आबादी में गिरावट दर्ज की गई है। जिसका असर संस्कृति और प्रथाओं पर पड़ता है। हिमंत ने कहा कि स्वदेशी आस्थाओं औ प्रथाओं का पालन करना युवा पीढ़ी का दायित्व और कर्तव्य है।



रविवार को डिब्रूगढ़ में आईसीसीएस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के साथ असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा।

### हिमंत सरमा ने बिहार में सरकार बनने पर दी बधाई

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार बनने पर बधाई दी। सरमा ने कहा- बिहार को विकास और समृद्धि की नई ऊंचाइयों की ओर ले जाने में नेतृत्व की सफलता की कामना करता हूं। सरमा ने एक्स पर पोस्ट कर कहा- बिहार में राजग सरकार बनने से खुशी हुई। मुख्यमंत्री की भूमिका संभालने के लिए नीतीश कुमार जी को बधाई और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

## विपक्ष मैदान से दूर, प्रत्याशियों से बोले इमरान- प्रचार करो या हटो

इस्लामाबाद, एजेंसी

▶▶ इमरान की दो टूक- चुनावी रैली शुरू करें, अन्यथा उनका टिकट काटकर दूसरे उम्मीदवारों को देंगे

पाकिस्तान में 8 फरवरी को होने जा रहे आम चुनाव के लिए प्रचार शुरू हो गया है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल- एन) प्रमुख नवाज शरीफ अपने भाई शाहबाज के साथ रोज रैलियां कर रहे हैं। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) भी अभियान शुरू कर चुकी है।

लेकिन, देश की सबसे लोकप्रिय पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए- इंसाफ (पीटीआई) मैदान से गायब है। उसके नेता सत्ता-सेना के डर से चुनाव प्रचार के लिए ही नहीं उतर रहे हैं। इस कारण अदियाला जेल में बंद इमरान ने पार्टी के उम्मीदवारों को चेतावनी दी है। इमरान ने कहा कि पार्टी उम्मीदवार रविवार से चुनाव अभियान शुरू करें, अन्यथा उनका टिकट काटकर दूसरे उम्मीदवारों को दे देंगे। पीटीआई ने नेशनल असेंबली की 272 सीटों में से 266 पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। इमरान को पिछले साल मई में जेल भेज दिया गया। पार्टी के चुनावी चिह्न बल्ला इस महीने छीन लिया गया। बल्ला चुनाव चिह्न छीने जाने के कारण पीटीआई के सभी उम्मीदवार अलग-अलग चुनाव चिह्नों के साथ चुनाव लड़ेंगे।

### इमरान की बहन बोलीं- भाई के साथ भुट्टो जैसा न हो

इमरान की बहन अलीमा खान ने बताया कि हमारे परिवार का कोई भी सदस्य चुनाव नहीं लड़ रहा है। हमें इमरान पर लादे गए आपराधिक मामलों की चिंता है। उन्होंने कहा कि इमरान के साथ वैसा बर्ताव न हो, जैसा भुट्टो के साथ हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि नवाज अब सत्ता में किसी को आने नहीं देना चाहते।

## ईरान ने क्षेत्रीय तनाव बढ़ने पर 3 सैटेलाइटों का किया प्रक्षेपण

**तेहरान।** ईरान ने रविवार को कहा कि उसने तीन उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में लॉन्च किया है। ईरान की मीडिया ने कहा कि प्रक्षेपण में ईरान के सिमोर्ग रॉकेट का सफल उपयोग भी देखा गया, जिसमें पहले कई विफलताएं हुई हैं।

अमेरिका ने पहले कहा है कि ईरान के उपग्रह प्रक्षेपण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव की अवहेलना करते हैं और तेहरान से परमाणु हथियार पहुंचाने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइलों से जुड़ी कोई गतिविधि नहीं करने को कहा है। ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम से संबंधित संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंध पिछले अक्टूबर में समाप्त हो गए। अमेरिकी खुफिया समुदाय ने कहा कि प्रक्षेपण वाहनों के विकास से ईरान के लिए अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल विकसित करने की समयसीमा कम हो गई है, क्योंकि इसमें समान तकनीक का इस्तेमाल होता है।

## यहूदी विरोधी भावनाओं के खिलाफ खड़े रहेंगे: बाइडन

वाशिंगटन, एजेंसी

▶▶ बोले- हम सदैव समुदाय के साथ अमेरिका विश्वभर के देशों के साथ काले अध्याय पर मना रहा शोक

शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय प्रलय स्मरण दिवस पर अमेरिकी राष्ट्रपति राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक बयान जारी करते हुए प्रतिक्षा की कि यहूदी विरोधी भावना के खिलाफ वे खड़े रहेंगे। होलोकॉस्ट से बचे सभी यहूदी लोगों को याद करते हुए फिर कभी नहीं का वादा किया है। बाइडन ने कहा कि अमेरिका विश्वभर के देशों के साथ मिलकर मानव इतिहास के इस काले अध्याय पर शोक मना रहा है। नाजियों द्वारा ली गई जानों पर शोक मनाते हैं।

बाइडन के कहा कि पिछले साल से एक बार फिर यहूदी विरोधी भावना सिर उठाने लगी है। सात अक्टूबर को गाजा स्थित आतंकी संगठन हमास ने इस्राइल पर पांच हजार रॉकेट दागे थे। जिसमें 1200 लोग की मौत हो गई थी। इस दौरान बड़ी संख्या में इस्राइली नागरिकों के बंधक बनाया गया है। होलोकॉस्ट के बाद सात अक्तूबर ही यहूदी लोगों के खिलाफ की गई कार्रवाई थी। बाइडन ने कहा कि इस्राइल पर हमसा के हमले के बाद अमेरिका दुनियाभर में यहूदी विरोधी भावना में हो रही बढ़ोतरी को लेकर चिन्तिंत है। क्योंकि बड़ी संख्या में यहूदी लोगों को निशाना बनाया जा रहा है।

### हेली ने बढ़ती उम्र पर उठाए सवाल, ट्रंप का पलटवार

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि वह दिमागी तौर पर 20 साल पहले जितने तेज थे, अब उससे भी तेज हो गए हैं। ट्रंप का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब उनकी प्रतिद्वंदी निक्की हेली ने बढ़ती उम्र को लेकर पूर्व राष्ट्रपति पर निशाना साधा है। ट्रंप ने ये भी कहा कि राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों का दिमागी टेस्ट भी होना चाहिए।

**अध्ययन** शोध में पाया गया कि फोन इस्तेमाल कर रहा व्यक्ति अन्य की तुलना में 10 फीसदी धीमी गति से चलता है

# धीमे चलने से फिटनेस पर पड़ता है बुरा असर

न्यूयॉर्क, एजेंसी

चलते समय फोन का इस्तेमाल शारिरिक और मानसिक तौर पर खतरनाक साबित हो सकता है। विशेषज्ञ बताते हैं कि जब हम चलते समय फोन का इस्तेमाल करते हैं, तो चाल बदलने के कारण हमारी गति धीमी पड़ जाती है। लोग छोटे-छोटे कदम लेते हैं और दोनों पैर ज्यादा समय तक जमीन पर रहते हैं।

शोध से पता चला है कि फोन इस्तेमाल कर रहा व्यक्ति अन्य की तुलना में 10% धीमी गति से चलता है। अगर चलना दैनिक शारीरिक गतिविधि का एक बड़ा हिस्सा है, तो ज्यादा देर धीरे-धीरे चलने से इसका फिटनेस पर बुरा असर पड़ सकता है। सीधे चलने के बजाए फोन देखने के लिए नीचे झुके रहने से गर्दन और ऊपरी पीठ की मांसपेशियों पर भी भार बढ़ जाता है।

इससे जरूरत से ज्यादा थकान और मांसपेशियों के दर्द का सामना करना पड़ सकता है। 2023 के एक अध्ययन में फोन देखते हुए आउटडोर पार्क में चलने के मनोवैज्ञानिक प्रभावों की जांच की गई। आमतौर पर खुले वातावरण में चलने के बाद लोग मानसिक तौर पर अच्छा महसूस करते हैं। लेकिन, शोध से पता चला है कि चलने के साथ फोन देखने से लोगों में स्ट्रेस हॉर्मोन कोर्टिसोल का स्तर बढ़ गया था। अन्य शोधों से साबित हुआ है कि कोर्टिसोल बढ़ने से लोगों में उत्साह और खुशी कम होने के साथ तनाव बढ़ने की आशंका रहती है।

चलते समय फोन का इस्तेमाल करने से बॉडी बैलेंस बिगड़ने से गिरने का खतरा भी बढ़ जाता है। एक अध्ययन में इकट्ठा किए गए आठ साल के सरकारी आंकड़ों से पता चला है कि लगभग 30 हजार लोग चलते समय फोन का इस्तेमाल करने के कारण घायल हुए थे। चोटों के लिए उम्र मुख्य जोखिम कारकों में से एक थी। 11 से 20 साल के युवाओं में चोटों का अनुपात सबसे ज्यादा था। इसके बाद 20, 30 और 40 साल के वयस्क शामिल थे।

### टेक्स्ट नेक से होता है अत्यधिक तनाव



टेक्स्ट नेक (अति प्रयोग सिंड्रोम) आमतौर पर किसी भी हाथ में लिए गए फोन को नीचे झुक कर देखने से गर्दन पर अत्यधिक तनाव के परिणामस्वरूप होता है। इससे सिरदर्द, गर्दन में दर्द, कंधे और बांह में दर्द, सांस लेने में मुश्किल हो सकती है। इस तरह की आदत लोगों को एक प्रकार से अपंग बना देती है। अध्ययन में पाया गया है कि ऐसा करने से लोगों को आदत पड़ जाती है, फिर टेक्स्ट नेक के आदी हो जाते हैं। जिससे शरीर में एक बीमारी का रूप धारण हो जाता है।

## फ्रांस में मोनालिसा की पेंटिंग पर फेंका गया सूप म्यूजियम में मची भगदड़

**पेरिस।** पेरिस में मौजूद लौवर म्यूजियम में रखे प्रतिष्ठित मोनालिसा पेंटिंग पर सूप फेंका गया। फ्रांस में कृषि प्रणाली में बदलाव की जरूरतों को लेकर प्रदर्शन कर रहे दो प्रदर्शनकारियों ने पेंटिंग पर सूप फेंका।



गौरतलब है कि पेंटिंग बुलेटप्रूफ शीशे में सुरक्षित रूप से रखा गया है, इसलिए इससे पेंटिंग को सीधे तौर पर कोई नुकसान नहीं हुआ। पेंटिंग पर सूप फेंकने के बाद दोनों महिला प्रदर्शनकारी पेंटिंग के नजदीक खड़ी हो गईं। सूप फेंके जाने के तुरंत बाद पेंटिंग को काले पर्दे ढक दिया गया। फ्रांस ईंधन की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर किसान पेरिस में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

## अमेरिकी स्कूलों में पढ़ाया जाएगा सिख इतिहास

चंडीगढ़, एजेंसी

▶▶ पंजाब के 12वीं कक्षा के छात्र गुरइकप्रीत के प्रयत्नों से हुई पहल

दस्तार क्या है, सिखों ने दस्तार के लिए कौन सी कुर्बानियां दी है, सिख इतिहास क्या है। अब यह अमेरिका के स्कूलों का सिलेबस होगा। यह शुरुआत अमेरिका की स्टेट न्यूजर्सी से हुई है। यह पहल पंजाब से अमेरिका में बसे 12वीं कक्षा के स्टूडेंट्स गुरइकप्रीत सिंह के प्रयत्नों से हो पाई है। वह इन दिनों पंजाब आए हुए हैं।

गुरइकप्रीत सिंह ने पंजाब आ कर तख्त श्री दमदमा साहिब में अमृतपान भी किया। जहां पर सिंह साहिब ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने उसे सम्मानित भी किया। गुरइकप्रीत ने कहा कि वह परिवार के साथ 2014 में अमेरिका गया। तभी से अमेरिका में ही स्ट्डी कर रहा है। जहां पर उसे 8वीं से 12वीं कक्षा तक पहुंचने तक दस्तार सजाने वाला कोई और सिख युवक नहीं दिखा। केवल वह अकेला ही सिख युवक है जो दस्तार सजाता है। एसजीपीसी के महासचिव गुरचरण सिंह ग्रेवाल ने कहा कि गुरइकप्रीत सिंह ने पूरी दुनिया में सिख धर्म का मान बढ़ाया है। यह बड़ी प्राप्ति है। उन्होंने कहा- देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है जो भारत के सिख समुदाय के लोगों का मान बढ़ेगा।



### अमेरिकी निवासियों को सिख इतिहास की नहीं है जानकारी

जब सिखों को वहां पर नफरत का सामना करना पड़ रहा था तो उसने स्कूल के प्रिंसीपल को बताया कि सोशल साइंस में दूसरे धर्मो का इतिहास है, मगर सिखों का इतिहास नहीं है। धीरे धीरे इस मुहिम में कई लोग जुड़ गए। सिख संस्थाओं से बात की। स्टेट शिक्षा कमेटी तक बात पहुंचाई गई। कई मीटिंगें हुई। स्टेट शिक्षा कमेटी ने बिल पास कर दिया। स्टूडेंट्स से मीटिंगें हुई। दो सप्ताह पहले फिश की सैनेट की ओर से भी बिल पास हो गया। अब न्यूजर्सी में सिख इतिहास पढ़ाया जाएगा। गुरइकप्रीत सिंह ने कहा अभी अमेरिका की स्टेट न्यूजर्सी में ही सिख इतिहास स्कूलों में पढ़ाया जाएगा। लेकिन धीरे धीरे दूसरी स्टेटों में भी इसे लागू करवाना है।